धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

20.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 244 | 12




भारत अंतरिक्ष में बनायेगा स्टेशन

**रोजा का समय**

सेहरी (21.03.2025): 04.30 बजे

इफ्तार (20.03.2025): 06.01 बजे




बजट सत्र : अवैध निकासी पर सदन में सत्ता पक्ष ने ही सरकार को घेरा

# राज्य सरकार से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की रखी मांग

■ विभाग के चार पदाधिकारी किये गये हैं सस्पेंड : मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को पेयजल विभाग में हुई अवैध निकास पर सत्ता पक्ष ने सरकार को ही घेरा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सरकार के जवाब पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद से कहा कि जोर से बोलकर पर्दा न डालें। लिपिक संतोष कुमार 15 साल से एक ही जगह पर पदस्थापित था। आरोपी संतोष ने अपने स्पष्टीकरण में अफसरों पर गंभीर आरोप लगाये हैं। सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये।

**चार पदाधिकारियों को किया गया सस्पेंड : राधाकृष्ण किशोर**

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के मामले पर जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। अवैध निकासी मामले में कोई पदाधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे। संतोष कुमार पर दो करोड़ 71 लाख रुपये की अवैध निकासी का केस दर्ज हुआ है। वित्त विभाग के अंतर-विभागीय सात सदस्यीय कमेटी की अनुशंसा के आलोक में वित्त विभाग के चार पदाधिकारी मनोज सिन्हा, सुनील सिन्हा, मनोज सिन्हा और मीरा कुमारी गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है।

## सीआइडी और एसीबी जांच की अनुशंसा की थी : योगेंद्र



प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने इस मामले में एसीबी और सीआइडी जांच की अनुशंसा की थी। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि संतोष कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक को निलंबित करते हुये उसके विरुद्ध सदर थाना रांची में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। खाते को फ्रिज कराया जा चुका है और नीलाम पत्र दायर किया जा चुका है। वर्तमान में संतोष कुमार हिरासत में है। प्रभात कुमार सिंह तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, चन्द्रशेखर कार्यपालक अभियंता, राधेश्याम रवि तत्कालीन कार्यपालक अभियंता और संजय कुमार निम्नवर्गीय लिपिक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच एसीबी से कराने के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, निगरानी से अनुरोध किया गया है। महालेखाकार झारखंड को विशेष अंकेक्षण के लिए अनुरोध किया गया। इससे वास्तविक राशि की गणना एवं संबंधित से वसूली की कार्रवाई की जा सके।

## विधायक शशिभूषण मेहता ने सदन में फाड़ा पेपर, स्पीकर पर लगाया पक्षपात का आरोप



**रांची।** विधानसभा सत्र के 13वें दिन सदन में भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के समक्ष पेपर पर लिखा प्रश्न फाड़कर फेंक दिया। श्री मेहता के इस व्यवहार से स्पीकर ने आहत होकर कहा कि आपका आचरण अच्छा नहीं है। विधायक के इस रवैये के बाद सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच भी खूब कहासुनी हुई। दरअसल, कुशवाहा शशिभूषण मेहता प्रश्नकाल के दौरान अपना प्रश्न पढ़ रहे थे। थोड़ा इंतजार करने के बाद स्पीकर ने कहा कि आपका प्रश्न ले लिया गया है। पूरी बात कहने का अवसर नहीं मिलने पर गुस्से में विधायक ने स्पीकर पर पक्षपात का भी आरोप लगाया। हालांकि, इसके बाद स्पीकर ने विधायक को अपनी बात पूरी करने का मौका दिया, लेकिन इससे पहले उन्होंने भाजपा विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि और कुछ आरोप लगाने हैं तो वो भी लगा दीजिये। स्पीकर के इस तंज पर आक्रोशित विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रश्न लिखे पेपर को ही फाड़ दिया और चिल्लाते हुये कहा कि नहीं पढ़ेंगे। विधायक के इस रवैये को देख अन्य सदस्यों ने उन्हें समझाते हुये प्रश्न पढ़ने के लिये कहा लेकिन, विधायक ने एक न सुनी।

स्पेस-एक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल ने समुद्र में किया स्पलैशडाउन

# घर में आपका स्वागत है... सुनीता विलियम्स पृथ्वी पर सुरक्षित लौटीं

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहकर्मी बुच विल्मोर, निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी कर ली है। फ्लोरिडा के तट पर बुधवार तड़के 3 बजकर 27 मिनट (भारतीय समयानुसार) पर सफल लैंडिंग हुई है। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स क्रू-9 वापस धरती पर लाया। नासा के ये दोनों अंतरिक्ष यात्री मात्र आठ दिन के मिशन पर गए थे। तकनीकी खराबी के कारण दोनों नौ माह और 13 दिन तक अंतरिक्ष में फंसे रहे। नासा ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है- घर में आपका स्वागत है...

**फ्लोरिडा के तट पर उतारा गया अंतरिक्ष यान :** एस्ट्रोनॉट्स को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान द्वारा सुरक्षित रूप से फ्लोरिडा के तट पर उतारा गया था। धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्रियों को एक सुंदर और अप्रत्याशित अनुभव हुआ। ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में उतरते ही डॉल्फिन कैप्सूल के आसपास तैरते हुए देखे गए।

**पैतृक गांव में जश्न :** बताना चाहेंगे भारतीय समयानुसार सुबह 3.27 बजे ऑर्बिट बर्न का प्रोसेस पूरा होने के बाद फ्लोरिडा के तट पर अंतरिक्ष यात्रियों के उतरते ही सुनीता विलियम्स के गुजरात के पैतृक गांव में जश्न शुरू हो गया।



अंतरिक्ष यान से बाहर निकलने के बाद सुनीता विलियम्स।

### 45 दिनों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाये गये चारो अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया और 45 दिनों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाया गया। क्रू-9 की पृथ्वी पर वापसी में अपनी चुनौतियां थीं। मूल रूप से, यह मिशन केवल आठ दिनों तक चलने वाला था।

### पीएम मोदी ने भारत आने का दिया निमंत्रण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। पहली मार्च को लिखे और नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो के माध्यम से भेजे गए इस पत्र को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर साझा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में कहा कि भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। आपकी वापसी के बाद हम भारत में आपसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी।

## न्यूज डायरी

### हाथियों ने तोड़ा घर, 9 दिन के बच्चे की दब कर मौत

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बड़का रेगरे बगीचा टोली निवासी विष्णु कुमार सिंह के मकान को जंगली हाथियों ने मंगलवार की रात को तोड़ दिया। मकान के मलबे में दब कर विष्णु सिंह के नौ दिन के बच्चे की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने वन विभाग को तत्काल मुआवजा राशि देने का निर्देश दिया।

### ताला काट कर नकदी समेत एटीएम ले भागे चोर

**कोडरमा।** चंदवारा थाना के ढाब में मंगलवार रात चोरों ने एसबीआइ एटीएम मशीन की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार शटर के ताले को गैस कटर से काट दिया और एटीएम मशीन को लेकर भाग गये। लोगों ने एटीएम का शटर खुला पाया और मशीन नहीं देखी तो चंदवारा थाना को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। एटीएम में लगभग 10 लाख रुपए थे। इस पूरी घटना को अंजाम देने में उन्हें महज 12 मिनट ही लगे।

### गैरिसन इंजीनियर को घूस लेते सीबीआइ ने दबोचा

**रांची।** सीबीआइ के एंटी करप्शन ब्यूरो ने इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के गैरिसन इंजीनियर साहिल रातूसरिया को 40 हजार 500 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आर्मी के आधारभूत संरचना का निर्माण कार्य देखने वाली कंपनी आइडीएसई के इंजीनियर के खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह बकाया बिल का भुगतान करने के एवज में 2 प्रतिशत रिश्वत की मांग कर रहे हैं। जांच एजेंसी ने जब मामले की जांच तो आरोप सही पाया।

### 'टोल चार्ज जरूरी, नयी नीति शीघ्र : गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क के लिए नयी नीति की घोषणा करेगी। नयी नीति में उपभोक्ताओं को उचित छूट दी जायेगी। उच्च सदन में सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि सरकार सड़क बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बहुत खर्च कर रही है और इसलिए टोल चार्ज आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने श्री बंशीधर महोत्सव का किया शुभारंभ

# कुछ बेईमान लोग हमें काम नहीं करने देते : हेमंत सोरेन

राजकीय महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्रीबंशीधर (गढ़वा)।** सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को श्रीबंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने यहां बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाया है। इस मौके पर सीएम ने कहा, हमें तकलीफ होती है। मन लगाकर काम करते हैं, लेकिन कुछ खुराफत लोग हम लोगों को काम करने से रोकते हैं। गलत आरोप लगाकर हमें परेशान करते हैं।



**सरकार आप तक पहुंचायेगी पानी :** सीएम ने कहा कि गढ़वा और पलामू पानी के लिए हमेशा तरसते हैं। ये एरिया रेन सेड एरिया में आता है। इसके लिए आप चिंता मत करिये, सरकार आप तक पानी पंहुचाएगी। सीएम ने कहा कि 1200 करोड़ की नहर जलाशय योजना 7 से 8 महीनों में चालू हो जाएगी। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि जब हम पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो पलामू-गढ़वा को बिजली से जोड़ा। पांच वर्षों में यहां बदलाव देखने को मिला, जो पिछले 20 वर्षों के काम से काफी ज्यादा है। (शेष पेज 11 पर)

सरकार के सभी निवेश बड़े हित में किये जाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति की बतायी जरूरत

# उपराष्ट्रपति ने फ्रीबीज को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की, कहा- संसद को विचार करने की आवश्यकता

प्रलोभन तंत्र पर वार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि प्रलोभन तंत्रों पर, तुष्टिकरण पर, जिसे अक्सर फ्रीबीज के रूप में जाना जाता है, सदन को विचार करने की आवश्यकता है क्योंकि देश तभी प्रगति करता है जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो।

**चुनावी प्रलोभन बन गयी है चुनावी प्रक्रिया :** उन्होंने कहा कि अब चुनावी प्रक्रिया ऐसी हो गई है कि ये चुनावी प्रलोभन बन गयी हैं। इसके बाद सत्ता में आयी सरकारों को इतनी असहज स्थिति का



सामना करना पड़ा कि वे अपनी सोच पर पुनर्विचार करना चाहती थीं। एक राष्ट्रीय नीति की अत्यंत आवश्यकता है ताकि सरकार के सभी निवेश किसी भी रूप में बड़े हित में उपयोग किये जायें। इससे पहले राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने सांसद निधि को बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये प्रति वर्ष किए जाने की मांग सदन में रखी थी। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद निधि को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाए। उनका कहना था कि यदि यह संभव नहीं है तो फिर सांसद निधि के प्रावधान को ही खत्म कर दिया जाना चाहिए। सपा सदस्य का कहना था कि मौजूदा सांसद निधि नाकाफी है, जिसके कारण जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में काम नहीं करा पाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विधायकों को कुल मिलाकर सांसद से कहीं ज्यादा निधि मिलती है।


### ये ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान कानून के माध्यम से ही संभव


सांसद राम गोपाल यादव के वक्तव्य के बाद सभापति ने फ्रीबीज के मुद्दे पर सदन को विचार करने की आवश्यकता की बात कही। सभापति ने कहा, हमारे संविधान में विधायिका, सांसदों, विधायकों के लिए प्रावधान था, लेकिन एक समान तंत्र नहीं था। इसलिए, कई राज्यों में विधानसभाएं अपने सदस्यों को सांसदों की तुलना में अधिक भत्ते और वेतन देती हैं, और यहां तक कि पूर्व विधायकों की पेंशन में भी एक से 10 तक का अंतर है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें कानून से हल किया जा सकता है। इससे राजनेताओं, सरकार, कार्यपालिका को लाभ होगा और यह उच्च गुणवत्ता वाले निवेश को भी सुनिश्चित करेगा।


NATIONAL HEALTH MISSION

मोतियाबिन्द

मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम





मोतियाबिन्द के लक्षण

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

PRNO 348569 ( Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 24-25

104

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

108

### गोड्डा में पावर प्लांट की जमीन को लेकर सदन में हंगामा, मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा

# अडाणी पावर प्लांट को दी गयी जमीन की जांच होगी

- **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा- जांच कमेटी में कानून के जानकार के साथ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन बुधवार को गोड्डा में अडाणी पावर प्लांट के लिए दी गई जमीन को लेकर सदन में जोरदार बहस हुई। सरकार ने इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया। मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि एसपीटी अधिनियम के तहत जमीन बिक्री योग्य नहीं है। इस मामले की जांच के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जायेगी। जो एसपीटी और एनर्जी पॉलिसी के उल्लंघन की समीक्षा करेगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा कि इसकी जांच के लिए कमिश्नर की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है, जिसमें उपसमाहर्ता रैंक के अफसरों को शामिल किया गया है। कमेटी में कानून के जानकार के साथ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

वहीं कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने तंज कसते हुए कहा कि हम समझे थे कि कुर्ता बदल गया तो कहीं टोन भी बदल गया होगा, लेकिन आपका टोन नहीं बदला। प्रदीप यादव ने सरकार से पूछा कि क्या भू-अर्जन में शर्तों का उल्लंघन हुआ है। क्या अडाणी को लाभ पहुंचाया गया है। एसपीटी का उल्लंघन हुआ है। या एनर्जी पॉलिसी का उल्लंघन हुआ है। इस पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। प्रदीप यादव ने रघुवर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा



कि गोड्डा जिला एवं पौडैयाहाट अंचल में अडाणी पावर लिमिटेड झारखंड द्वारा वर्ष 2017-2018 में स्थापित किया गया। तत्कालीन राज्य सरकार एवं अधीनस्थ पदाधिकारियों ने कंपनी के प्रभाव में आकर भूमि अधिग्रहण कानून-2013 और अन्य कानूनी प्रावधानों को दरकिनार किया। उन्होंने दावा किया कि जमीन की कीमत रातों-रात 46 लाख रुपये प्रति एकड़ से घटाकर पहले 3.25 लाख रुपये और फिर 12.5 लाख रुपये प्रति एकड़ कर दी गई। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड राज्य ऊर्जा नीति-2012 की शर्त थी कि राज्य के पावर प्लांट को 25 प्रतिशत बिजली में प्राथमिकता से राज्य को देना अनिवार्य है, को दरकिनार कर पूरी बिजली बांग्लादेश को देने का एकरारनामा किया गया। एसपीटी एक्ट के प्रावधान के प्रतिकूल निजी कंपनी को जमीन अधिग्रहित कर दिया गया। जबकि एसपीटी पब्लिक परपस के लिए जमीन अधिग्रहण की अनुमति देती है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि कंपनी जिला प्रशासन एवं रैयतों के बीच हुए एग्रीमेंट के मुताबिक, स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित कर अडाणी पावर लिमिटेड में नौकरी देना था। अस्पताल एवं स्कूल की सुविधा भी देना था, लेकिन इसका भी अनुपालन नहीं किया गया। प्रदीप यादव ने कहा कि वन-भूमि का अधिग्रहण कर, गोचर एवं श्मसान घाट की जमीन अधिग्रहण कर संयंत्र को स्थापित किया गया, लेकिन आज तक बदले में न तो उस क्षेत्र को वन-भूमि, गोचर एवं श्मसान घाट की जमीन का मिलना एसपीटी के प्रावधानों के विपरीत काम किया गया। उन्होंने कहा कि ग्राम माली-गंगटा जाने वाली पक्की सड़क एवं सिंचाई नहर की जमीन बिना समुचित मुआवजे एवं बिना सड़क निर्माण एवं नहर निर्माण का देना कई ऐसे कामों एवं निर्णयों का तत्कालीन सरकार एवं स्थानीय सरकार यानी जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है जो राज्य के प्रावधानित कानूनों के प्रतिकूल है। सरकार उच्चस्तरीय टीम बनाकर इसकी समीक्षा कर दोषियों पर समुचित दंडात्मक कार्रवाई करे।

# ई-रिक्शा घोटाले पर विधानसभा में हंगामा

- **प्रदीप यादव ने की सरकार से जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन बुधवार को सदन में ग्रामीण स्वच्छता मिशन के तहत गढ़वा और पलामू में ई-रिक्शा खरीद में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और सरकार के बीच तीखी बहस हुई। प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि 1.15 लाख रुपये कीमत वाले ई-रिक्शा के लिए 3.5 लाख रुपये का भुगतान किया गया, और यह खरीद एक गैर-पंजीकृत डीलर से की गयी। उन्होंने सरकार से इस पर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की।

**मंत्री ने भी गड़बड़ी की बात स्वीकारी :** जवाब में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने स्वीकार किया कि गढ़वा में कार्यपालक अभियंता द्वारा पंचायतों के लिए ई-रिक्शा की खरीद में गड़बड़ी हुई है। जेम पोर्टल के माध्यम से 43 पंचायतों के लिए 104 ई-रिक्शा खरीदी गयी थी। वित्तीय अनियमितता की सूचना मिलने पर सरकार उड़नदस्ता का गठन कर जांच करा रही है। मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि यह प्रश्न राज्यहित में है।



अगर किसी पदाधिकारी ने इसे छिपाने का काम किया है, तो सरकार कठोर कार्रवाई करेगी। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि जांच करायी नहीं जा रही है। जांच हो चुकी है। इसलिए जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें। इसकी जांच मुख्य सचिव स्तर के पदाधिकारी से करायें। यही मेरी मांग है। अगर सच में सरकार चाहती है कि कार्रवाई हो, तो जांच करायें। जिस डीलर से खरीदा, वह रजिस्टर्ड डीलर नहीं है। किस आधार पर कार्रवाई कर रहे हैं, यह बतायें। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि 2 फरवरी 2025 को जांच कमेटी बनी थी। जो दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी।

प्रदीप यादव ने कहा कि यह सबसे बड़ा फोरम है, जनता का। यह सबका और सरकार का दायित्व है कि आप जांच रिपोर्ट दीजिये। क्योंकि वह जांच रिपोर्ट ही अधूरा है। आपको दिक्कत कहां है, बताइये। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जांच रिपोर्ट का अवलोकन करने दिया जाये। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई तय होगी। विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ सब तरह की कार्रवाई करेंगे। तब विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि लीपापोती नहीं चलेगी। जांच रिपोर्ट है, तो सार्वजनिक कर दीजिये।

इस पर मंत्री ने कहा कि जांच रिपोर्ट का अवलोकन करने दिया जाये। फिर जरूरत पड़ी तो विभाग हर तरह की जांच करायेगी। तब विधायक प्रदीप ने कहा कि फिर हम क्यों हैं। जब विभाग को ही जांच कराना था तो मेरा क्या औचित्य था, इस सवाल को लाने का। हमने तो कहा कि विभाग कार्रवाई करने में धीमा है। हम असंतुष्ट हैं। सदन से यह मांग करता हूं कि इसकी जांच मुख्य सचिव से करायी जाये। गतिरोध बढ़ता देख मंत्री सुदिव्य कुमार ने अपनी बात की। उन्होंने कहा कि मैं मंत्री और वरिष्ठ सदस्य के गतिरोध पर सिर्फ दो शब्द कहना चाहूंगा। फरवरी माह में जांच का आदेश हुआ है। जांच की रिपोर्ट आ गयी है। मंत्री कह रहे हैं कि वह अवलोकन करके कार्रवाई करेंगे। तो सदन में हठधर्मिता ठीक नहीं है। थोड़ा लचीला रुख रखें।

# रोड सेफ्टी के फीचर पाठ्यक्रम में शामिल होगा : मंत्री

- **सड़क हादसे कम करने को सरकार कृतसंकल्प : दीपक बिरुआ**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंत्री दीपक बिरुवा ने घोषणा की कि राज्य में सड़क सुरक्षा (रोड सेफ्टी) के फीचर्स को पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा। सरकार सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों में कमी लाने और जिला स्तर पर सुधार के लिए कृतसंकल्पित है। मंत्री बिरुवा बुधवार को सदन में प्रदीप यादव के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शराब पीकर ड्राइव करने पर रोक के लिए ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट एवं प्रावधानित दंड को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने के लिए राज्य के सभी जिलों के लिए कुल 303 ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराये गये हैं।

**डीसी नहीं देते तवज्जो : नवीन जायसवाल**

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हर जिला में ब्लैक स्पॉट होता है। डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनी हुई है। कई ब्लैक स्पॉट रांची में भी है। सेफ्टी फीचर के लिए रांची डीसी को कई बार चिट्ठी भी भेजे पर कोई तवज्जो नहीं मिला। हर जिले के डीसी को चिट्ठी लिखकर ब्लैक स्पॉट में सेफ्टी फीचर लगाने का निर्देश दें।



**चार वर्ष में इतनी हुई सड़क दुर्घटना**

विगत चार वर्ष 2021 में 3871, वर्ष 2022 में 5174, वर्ष 2023 में 5315 और 2024 में 5191 सड़क दुर्घटना हुई है। राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कृत संकल्पित है। इसे न्यूनतम करने तथा पूर्णतया रोकथाम के लिए नियमित वाहन जांच अभियान के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं के विस्तृत तकनीकी विश्लेषण करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-185 के अनुसार प्रथम अपराध के लिए करावास, जिसकी अवधि छह माह तक और जुमार्ना 10 हजार या दोनों से दण्डनीय होगा। दूसरी बार बाद के अपराध के लिए कारावास जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेंगी या जुमार्ना 15 हजार या दोनों से दण्डनीय है। उक्त धारा के तहत अपेक्षित कार्रवाई करते हुए वर्ष-2023 में 411 एवं वर्ष 2024 में 377 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस को भी निलंबित किया गया है।

**परिवहन निगम घाटे में**

मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि हर राज्य में परिवहन निगम घाटा में चल रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सरकार हर नागरिक को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। वे सदन में विधायक राजेश कच्छप के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकार के जरिये अन्तर्राज्यीय एवं अन्य राज्यों के बीच तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राज्य के अन्दर यातायात की सुगमता के लिए निजी वाहन स्वामियों को सवारी गाड़ी के परिचालन के लिए परमिट निर्गमण किया जाता है, जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है। मंत्री ने कहा कि सुदूर ग्राम पंचायतों को प्रखण्ड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, 2022 अधिसूचित की गयी है। इस योजना के तहत अबतक कुल 601 ग्रामीण मार्गों को अधिसूचित किया जा चुका है। इस योजना के तहत अधिसूचित ग्रामीण मार्गों पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के जिलों के लिए 37 बस, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के जिलों के लिए 33 बस, कोल्हान प्रमण्डल के जिलों के लिए 20 बस पलामू प्रमण्डल के जिलों के लिए 20 बस एवं संथाल परगना प्रमण्डल के जिलों के लिए 17 बसों को परमिट निर्गत किया गया है। वहीं विधायक भाजपा सीपी सिंह ने कहा कि सरकारी बस डिपो में यात्रियों के साथ ड्राइवर-खलासी के लिए शौचालय, लाइट सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

# पुल निर्माण में अनियमितता पर अमित महतो ने सरकार को घेरा

- **कहा- 2021 में जांच कमेटी बनायी गयी, लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है।**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को विधायक अमित महतो ने सिल्ली में बन रहे पुल की अनियमितताओं का मामला सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार मेसर्स एएन पांडेय को तीन पुलों के निर्माण की जिम्मेदारी दी गयी थी, लेकिन इनमें से दो पुल ध्वस्त हो गए। इस पर विधायक मनोज यादव ने कटाक्ष करते हुए पूछा कि तीसरा पुल कब धंसेगा। अमित महतो ने कहा कि 2021 में जांच कमेटी बनायी गयी, लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। पदाधिकारी



संवेदक को संरक्षण दे रहे हैं। संवेदक को अब तक काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में नहीं डाला गया है। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार संवेदक को बचाने का प्रयास नहीं कर रही है। चलते सत्र में वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जांच का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है। संवेदक को डिबार किया गया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी। इस पर अमित महतो ने कहा कि पदाधिकारी मंत्री को गुमराह कर रहे हैं। वन विभाग से एनओसी मिलते ही जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी। वहीं जनार्दन पासवान के कानहाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में पेयजलापूर्ति के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि वन विभाग से एनओसी मिलते ही जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

**हेल्थ सब सेंटर पर बन रहा जलमीनार : नवीन**

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हरमू में हेल्थ सब सेंटर की जमीन पर जलमीनार बनाया जा रहा है। यह जमीन हेल्थ सेंटर के लिए है। इसका विरोध करने पर प्रशासन ने झूठा एफआईआर कर दिया। इसे दूसरे जगह हस्तांतरित किया जाए।

# इस बार जल संसाधन का बजट है कम : अमित यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में बुधवार को जल संसाधन विभाग के बजट पर अमित यादव ने कटौती प्रस्ताव पेश करते हुये कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार जलसंसाधन का बजट 30 करोड़ कम है। जलसंसाधन में नाकामी छिपाने के लिये बजट कम कर दिया गया। सत्ता में आने के बाद जनसुविधाओं से मुंह फेर लेते हैं। पिछले पांच साल में विभाग ने क्या काम किया, इसे भी बताना चाहिये। उन्होंने कहा कि जलाशय योजना कई दशकों से चल रही है। बंगाल के बाढ़ के पानी को रोकने के लिये तिलैया और मैथन डैम बना था। आज डीवीसी



इससे बिजली उत्पादन कर रही है। इससे राज्य को क्या फायदा हो रहा है। आज डैम से झारखंड को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। खदानों में स्टोर पानी को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिये। उन्होंने कहा कि अदालतों में पांच लाख मामले लंबित हैं। 75 हजार मामले चल रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई के लिए जजों की नियुक्ति होनी चाहिये।

**प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो : जयराम महतो**

विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। जयराम महतो ने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मजीठिया आयोग का लाभ दिया जाये। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि पत्रकारों को राज्य के टोल प्लाजा में टोल फ्री किया जाये।

### बांग्लादेशी नागरिक की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** घुसपैठ मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक रॉनी मंडल की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत सुरक्षित आदेश 22 मार्च को सुनाएगी। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए एक फरवरी को याचिका दाखिल की थी। ईडी ने बीते 13 नवंबर को दो कोलकाता से दो बांग्लादेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। ईडी ने रॉनी और समीर के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज भी बरामद किया है। दोनों नाम बदल कर भारत में रह रहा है। पूछताछ में दोनों ने खुद को बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी रांची पहुंची थी।

### बच्चों के पोषाहार में बड़े घोटाला की आशंका मुख्य सचिव करायें जांच : चंद्र प्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने जिले के बिरनी प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिलने वाले 260 मिट्रिक टन अनाज गायब करने वाले दोषियों पर अब तक एफआइआर दर्ज नहीं करने और दोषियों से अनाज रिकवरी नहीं होने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दोषियों को राज्य सरकार द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने इसे लेकर राज्य के मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मुख्य सचिव से कहा है कि जब एक प्रखंड में इतना बड़ा अनाज भंडारण घोटाला है तो पूरे राज्य के अलग-अलग प्रखंडों की क्या स्थिति होगी, यह जांच का विषय है। उन्होंने अंदेशा



जताया है कि संयुक्त बिहार में जिस प्रकार चारा घोटाला सामने आया था। इसी प्रकार चारा घोटाले से भी बड़ा आंगनबाड़ी पोषाहार अनाज घोटाला झारखंड में हो रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव को इस विषय पर सभी उपायुक्तों से प्रत्येक जिला के प्रखंड वार विस्तृत रूप से अनाज भंडारण का रिपोर्ट मांगने को कहा है। सांसद ने मुख्य सचिव से सात दिनों के भीतर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा है।

### लैंड स्कैम : अमित अग्रवाल को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने बेल देने से किया इनकार

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे बेल देने से इनकार कर दिया है। इससे पहले रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने उसे बेल देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद अमित ने हाईकोर्ट में जमानत की गुहार लगाई थी। इडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। दरअसल, लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर किया था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में अमित अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई हुई।

### सीपी चौधरी के मामले पर 4 अप्रैल को होगी सुनवाई

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके लिये अदालत ने 4 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। सीपी चौधरी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये मंगलवार को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो की डिस्चार्ज याचिका एक मार्च को अदालत ने खारिज कर दी थी। इसी मामले में आरोपी तत्कालीन विधायक लंबोदर महतो को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुये। इसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, राम चंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जानबुझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

### जेपीएससी प्रथम के तीन आरोपियों की एबीपी खारिज

**रांची।** प्रथम जेपीएससी सिविल सेवा भर्ती घोटाले के तीन आरोपियों बिरेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र नारायण चौधरी एवं विजय बहादुर सिंह की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। दो आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात दोनों की याचिका खारिज कर दी। वहीं, विजय बहादुर सिंह की याचिका पर सुनवाई पश्चात 10 मार्च को आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को सुरक्षित आदेश सुनाया गया। तीनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये पिछले दिनों याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 33 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

# गृह मंत्री से मिले राज्यपाल, विधि व्यवस्था पर की चर्चा, भेंट की राज भवन पत्रिका

- **झारखंड के सतत विकास की दिशा में राज्यपाल की प्रतिबद्धता का दर्पण है यह पत्रिका**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर राज्यपाल ने राज भवन की ओर से प्रकाशित राज भवन पत्रिका की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि में राज भवन, झारखंड



की विभिन्न गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है। इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी हैं।

**राज्यपाल की कार्यशैली और प्रतिबद्धता :** राज्यपाल न केवल जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए ठोस पहल करने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। उन्होंने राज भवन को आम जनमानस से जोड़ने के लिए कई सार्थक पहल किये हैं। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता, संवाद और सहभागिता की स्पष्ट झलक मिलती है। वे राज्य के समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों, शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों से नियमित सुझाव लेते हैं, जिससे सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

**शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा :** इस अंक में राज्यपाल द्वारा नागरिकों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनकल्याण को साकार करने से संबंधित गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों और विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया और छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वे उच्च शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। वे अन्य राज्यों से आने वाले आगंतुकों को झारखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने और जनजातीय समाज के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष पहल करने में अग्रसर रहते हैं। यह

### एनसीसी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुये संजय सेठ

**रांची।** ग्वालियर में आयोजित एनसीसी के दीक्षांत परेड में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुये। इस दीक्षांत समारोह में कुल 122 महिला कैडेट्स को एएनओ रैंक प्रदान



किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल गुरवीर पाल सिंह, डीजी एनसीसी ब्रिगेडियर जितेंद्र शर्मा, कमांडेड एनसीसी गुवाहाटी विशेष रूप से उपस्थित थे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने सभी महिला कैडेट्स को बधाई दी। सभी कैडेट्स को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के समक्ष अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने कहा कि इस समारोह में शामिल होना मेरे लिये भी गौरव की बात है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा का परिणाम है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह भविष्य के भारत की बेहतरीन तस्वीर है।

सुप्रभात
गुरुवार 20.03.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 326
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## डीसी ने राजनीतिक दलों से हर बूथ पर एजेंट न्युक्त करने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददात**



**धनबाद।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को हर मतदान केंद्र में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने, मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की अच्छे से जांच कर लेने और यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया हो तो उसे प्रशासन के संज्ञान में लाने का अनुरोध किया। डीसी ने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि स्पेशल समरी रिवीजन (एस.एस.आर.) के तहत 18 वर्ष के होने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने में सतर्क रहें। युवा मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। प्रपत्र 6, 7, 8 की जानकारी रखें। सभी बीएलओ के पास पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रपत्र उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बूथ बदलने, बिल्डिंग की स्थिति, मतदान केंद्र में कम वोटिंग प्रतिशत, नए वोटर कार्ड का डिस्ट्रीब्यूशन, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर इत्यादि से संबंधित कोई भी शंका, शिकायत या सुझाव लिखित रूप में प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा उसका समाधान कर लिया जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, डीएसओ प्रदीप कुमार शुक्ला के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुकेश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अरविंद कुमार सैनी, आजसू के रतीलाल महतो, आम आदमी पार्टी के नीतीश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पंजाब में कतरास के साइंटिस्ट की हत्या के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कतरास।** कतरास के साइंटिस्ट अभिषेक स्वर्णकार का पंजाब के मोहाली में हुई हत्या के विरोध में मंगलवार को हत्यारे को फांसी देने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च कतरास बाजार सत्यनारायण मंदिर से निकला जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए भगत सिंह चौक पहुंचा। मृत आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। हत्यारे को कठोर दंड दिए जाने की मांग की गई। कैंडल मार्च में राजेश स्वर्णकार, मनबोध स्वर्णकार, गुड्डू स्वर्णकार, मेवा लाल स्वर्णकार, बलराम स्वर्णकार, सुमित स्वर्णकार, प्रदीप स्वर्णकार, प्रकाश सोनी, अजय स्वर्णकार, पंकज स्वर्णकार, रवि स्वर्णकार, सूर्यदेव मिश्रा आदि शामिल थे।

### स्पीड न्यूज

### विधायक मथुरा ने विधान सभा में उठाया जर्जर पुल का मुद्दा



**कतरास।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने विधान सभा में बाघमारा प्रखण्ड के धावाचिता पंचायत अंतर्गत राजगंज-धावाचिता, बोलाईटांड मार्ग को जोड़ने वाला एक मात्र जोरिया पर जर्जर पुलिया एवं पथ का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि जर्जर अवस्था में रहने के चलते ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने लोकहित में वर्णित पथ का मरम्मती एवं जोरिया पर चार स्तंभ पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है।

### दूसरे दिन भी इविक्शन नोटिसधारी पीपी कोर्ट नहीं हुए हाजिर

**सिंदरी।** एफसीआई प्रबंधन द्वारा पाँच दिवसीय पी पी कोर्ट में दूसरे दिन भी इविक्शन नोटिस धारी एक भी व्यक्ति हाजिर नहीं हुआ। एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि न्यायालय ने दूसरे दिन अनुपस्थित रहने वाले सभी 171 नोटिस धारकों के खिलाफ भी एक्स पार्टी कर इविक्शन आर्डर पारित कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि 18 मार्च को पी पी कोर्ट में हाजिर नहीं होने वाले सभी 171 नोटिस धारकों के खिलाफ न्यायालय ने 18 मार्च को ही इविक्शन आर्डर पारित कर दिया था। एफसीआई के सुरक्षा जवान 18 मार्च के पीपी कोर्ट के इविक्शन आर्डर का आदेश पत्र संबंधित लोगों के बीच बांटने गए हैं।

### कोल कर्मी के घर शॉट सर्किट से लगी आग



**कतरास।** कतरास थाना अंतर्गत तेलियाबांध के आमटांड मोहल्ला स्थित सेवा निवृत्त कोल कर्मी मेवालाल प्रामाणिक के घर में आग लग गई। जिसमें पलंग सोफा, टीवी फ्रिज, बेड आदि सामान जल गए। काफी मशक्कत कर लोगों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शाट सर्किट बताया जा रहा है। घर से निकल रहे धुंआ को देख मोहल्ले के लोग जुट गए। आग पर काबू पाए जाने के बाद मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली। गृह स्वामी ने बताया कि आग से घर की दीवार को भी क्षति पहुंची है।

# सरकार के तमाम दावे के बाद भी महिलाओं को नहीं मिल रही मंईयां योजना की राशि

## नाराज महिलाओं ने कहा योजना की राशि देनी है तो सभी को दें, अन्यथा बंद करें योजना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### अंचल कार्यालय में हर सप्ताह मंईयां की लग रही लंबी लाइन



**धनबाद।** राज्य सरकार एक तरफ मंईया योजना की तीन माह की राशि सभी लाभुकों के खाते में ट्रांसफर करने का दावा कर रही है, दूसरी ओर हजारों महिलाएं योजना की राशि नहीं मिलने का सरकार पर लगातार आरोप भी रही है। कई तो सरकार पर धोखा देने का आरोप भी लगा रही है। बुधवार को धनबाद अंचल कार्यालय में सैंकड़ों की संख्या में लाइन में खड़ी महिलाओ ने अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

वासेपुर से आई एक युवती ने बताया कि मैने पहली बार विधानसभा चुनाव में वर्तमान सरकार के पक्ष में वोट किया था। तब लगा था यह सरकार हमलोग के लिए कुछ करेगी। लेकिन यहां तो हर महीना लाईन में खड़ा होने पड़ रहा। इसके बाद भी राशि नहीं मिल रही है। जो कागजात मांगे गए थे, सब जमा किया, उसके बाद भी एक किस्त की राशि भी नहीं मिली। क्यों नहीं यह बताने वाला भी यहां कोई नहीं है। हटिया मोड़ से आई एक महिला ने बताया कि मेरा एक किस्त आया था, अब नहीं आ रहा है। यही पूछने के लिए लाइन में लगे है। लेकिन अंचल कार्यालय के कर्मी बिना कुछ बताया लेपटॉप लेकर बाहर निकल गए।लॉ कालेज के समीप रहने वाली एक अन्य महिला ने बताया कि सरकार को पैसा देना है तो सभी को दे अन्यथा अपनी योजना बंद कर दे। यहां पांच बार आ चुकी हूं। कभी बोला जाता डीसी कार्यालय जाइए, कभी बोला जाता है कि साइट बंद है। डीसी कार्यालय जाने पर बोला जाता है आपका काम अंचल कार्यालय से होगा, यहां मत आइए। यही तो कई महीने से हम कर रहे है। आज साइट खुला भी तो कोई बताने वाला नहीं, कर्मी ऑफिस से बाहर निकल गए है। सुबह 10 बजे से लाइन में खड़े है, अब दोपहर के दो बज चुके है। अब तो इस योजना से भरोसा उठने लगा है।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण सुरक्षा को लेकर दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददात**

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने बुधवार को राजनीतिक दलों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर जांच की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को वेयर हाउस की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि यह रूटीन जांच है। जिसमें ईवीएम मशीन में किसी तरह की छेड़ छाड़ न हो, इस बात का ध्यान रखा जाता है। साथ हीं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हरिहरपुर थाना क्षेत्र में एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र (खरिओ) में दिन दहाड़े दो लाख रुपए की लूट

▸▸ पिस्तौल का भय दिखाकर लुटा और जाते वक्त बाहर से गेट पर ताला जड़ दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** हरिहरपुर थाना अंतर्गत खरिओ रेलवे फाटक के समीप एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में बुधवार की दोपहर करीब दो बजे हथियारबंद अपराधियों ने लूट की योजना को अंजाम दिया। अपराधियों की संख्या तीन थी। जो मोटर साइकिल पर आये थे। वे सीएसपी के अंदर घुसे। पिस्तौल दिखाकर दो लाख रुपये और बैंक में लगे सीसीटीवी का डीवीआर लूट लिया। जाते वक्त बैंक के मुख्य गेट पर बाहर से ताला लगा दिया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी बाइक में पर सवार होकर भाग निकले। कर्मियों के आवाज पर अगल बगल के लोग पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला। दिन में हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हरिहरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार झा सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर जांच पड़ताल किया। जिस रास्ते से अपराधी भागे थे पुलिस उस रास्ते में लगे सीसीटीवी की जांच पड़ताल कर रही है। लोकल लिंक सहित हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। ताकि जल्द मामले का उद्भेदन किया जा सके।

## स्व. अमित बरदियार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** बुधवार को गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 के स्व. वार्ड पार्षद अमित बरदियार की छठी पुण्यतिथि के मौके पर शहरी क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित अमित बरदियार छठ घाट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में गिरिडीह शहर के कई लोग शामिल हुए और स्व. वार्ड पार्षद अमित बरदियार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. वार्ड पार्षद अमित बरदियार न सिर्फ एक वार्ड पार्षद थे, बल्कि वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल होते थे और काफी मृदुभाषी व्यक्ति थे। उनके द्वारा किये गए कार्यों की चर्चा आज भी होती है। लोगों ने कहा की स्व. अमित बरदियार के निधन के बाद उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती है। मौके पर रंजय बरदियार, अनूप सिन्हा, राजकमल राजेश, रत्नेश दाराद, ओंकार सिन्हा, समेत कई लोग मौजूद थे।

## तेतुलमारी में कलश यात्रा के साथ महा रुद्रयज्ञ शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तेतुलमारी।** तेतुलमारी के पंचम बिहार में आयोजित महारूद्र यज्ञ के निमित बुध वार को कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं व युवतियां माथे पर कलश हाथों में धार्मिक ध्वज लिए थी। सभी स्टेशन रोड, सुभाष चौक होते हुए चंन्दौर छठ तालाब पहुंचे। मुख्य यजमान के रूप में दिलीप महतो, अनिल वर्मा, नारायण महतो, महेश कुमार, राकेश महतो, जितेंद्र वर्मा सपत्निक शामिल थे। पंडित मृत्युंजय अवस्थी, स्वामी नित्यानंद तिवारी ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच कलश मेरे जल भरण कराया। इसके बाद सभी यज्ञ मंडप पहुंची। अरणी मंथन के साथ अनुष्ठान शुरू हो गया। बंशीधर महतो, आरके चौधरी, रामप्रसाद महतो, दीपक महतो, अनिल निषाद, निरंजन महतो आदि का सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

## सिंदरी की आवासीय समस्या को लेकर सांसद ने केंद्रीय राज्य मंत्री को सौंपा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सांसद ढुलू महतो ने केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात कर सिंदरी की आवासीय समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री को एक आवेदन पत्र भी दिया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि एफसीआई कंपनी के 31 दिसंबर 2002 में बंद होने के बाद 2003 में तात्कालिक उप प्रधान मंत्री लालकृष्ण आडवाणी के निर्देश पर तात्कालिक रसायन और उर्वरक मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा, केंद्रीय उर्वरक सचिव तथा एफसीआई के सी एम डी ने सिंदरी खाद कारखाना के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, उनके आश्रितों, नॉमिनी, सिंदरी से संबंधित व्यवसायियों को लीज पर आवास आवंटित करने का निर्णय लिया था। लीज की अवधि को 33 वर्ष निर्धारित की गई थी। यह निर्णय असमय फैक्ट्री बंद होने के कारण कर्मचारियों और एफसीआई से संबंधित अन्य लोगों के आवास के लिए लिया गया था। परंतु एफसीआई प्रबंधन 2003 के निर्णय का उल्लंघन कर लीज के लिए रोज रोज नयी नीति सिंदरीवासियों पर थोप रही है। कर्मचारियों और उनके आश्रितों के आवास के लिए व्यवसायिक दर थोप दिया गया है। डोमगढ़ में बीते 70 वर्षों से रह रहे लोगों को बेदखल करने के लिए पी पी कोर्ट के माध्यम से बेदखली कारवाई की जारी है। एफसीआई डोमगढ़ स्थित आवासीय जमीन सेल को कोयले का डंप के लिए दे रही है जबकि डोमगढ़ में ही डंप के लिए पर्याप्त जमीन अन्यत्र उपलब्ध है। उन्होंने इस कारवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए इस पर कारवाई करने का आग्रह केन्द्रीय राज्य मंत्री से किया है। इसके लिए समिति बनाकर समाधान निकालने का आग्रह किया है और समाधान निकलने तक डोमगढ़ सहित सिंदरी के अन्य क्षेत्रों में पीपी कोर्ट की बेदखली अभियान पर अविलंब रोक लगाने का भी आग्रह किया है। सिंदरी के दुकानदारों को 4 रुपए वर्गफीट के दर से जमीन आवंटन की शर्त रखी गई है। इसे न्यायोचित 2 रुपए वर्गफीट ही रखा जाए।सांसद ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से अनुरोध किया है कि सिंदरी के लोगों के आवासीय सुरक्षा के लिए वे हस्तक्षेप करें और न्याय दिलाएँ।

### एक नजर में

### सिंदरी के वार्ड नं 55 में चला झामुमो का सदस्यता अभियान रामू मंडल के नेतृत्व में चलाया गया



**सिंदरी।** वार्ड नं 55 में झामुमो का सदस्यता अभियान बुधवार को सिंदरी नगर प्रभारी रामू मंडल के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सिंदरी नगर प्रभारी रामू मंडल ने कहा कि झामुमो आदिवासी, मूलवासी, मजदूरों, किसानों और समाज के शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। अभियान के तहत पार्टी की नीतियों और विचारधारा को लोगों तक पहुँचाना ही मुख्य उद्देश्य है। सदस्यता अभियान आनेवाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। अभियान में वार्ड नं 55 अध्यक्ष श्याम लाल हेम्ब्रम, सोहन सोरेन, परशुराम सिंह, रोहित मंडल, सोनू खान, सुरेश मंडल, काजल मरांडी, कलावती हेंब्रम, मालती देवी शांति मरांडी, शिवचरण हेंब्रम गीता देवी, सुरेश टुडू, देवीलाल मरांडी उपस्थित थे।

### सलैयाटांड़ में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन

**गिरिडीह।** बुधवार को देवरी प्रखंड अंतर्गत पंचायत भेलवाघाटी के सलैयाटांड़ में झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत कमेटी गठन को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पर्यवेक्षक कासिम अंसारी ने किया। उक्त बैठक में पंचायत कमेटी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का चयन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत अध्यक्ष उस्मान अंसारी, उपाध्यक्ष नॉनवा हेंब्रम, सचिव छोटेलाल बसके, उप सचिव मंसुर अंसारी, समेत जेंट्स किसको, खुर्शीद अंसारी, सुखदेव मुर्मू इतवारी मरांडी, शमसुद्दीन अंसारी, मेराज अहमद, अताउल अंसारी, सलीम अंसारी, छकन अंसारी, समीद अंसारी, झामुमो के नेता मुजाहिद अंसारी, पूर्व मुखिया रघु मरांडी आदि मौजूद थे। मौके पर झामुमो नेता कासिम अंसारी ने कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा की सैकड़ो योजनाएं हैं, वह योजना को हम घर-घर तक ले जाएंगे। मईया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सर्जन योजना, अबुआ आवास, विधवा पेंशन, सावित्रीबाई फुले योजना सहित सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ गांव गांव में गरीबों को मिले यह पार्टी के नवचयनित पंचायत पदाधिकारी सुनिश्चित करें। कहा कि मुख्यमंत्री ने जो भी वादा किया वह पूरा करके दिखाया। कहा कि जो भी योजनाएं हैं वह हम लोग मिल जुलकर गरीबों को लाभ दिलाएंगे, और हमारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता के हित में काम कर रही हैं।

### शहीद ए आजम भगत सिंह के प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**कतरास।** कतरास बाजार में शहीद ए आजम भगत सिंह की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को पुनः स्थापित करने का कार्य शुरू हुआ। बता देंशहीद भगत सिंह चौक पर 1991 में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई थी। एन एच 32 के निर्माण के क्रम में विभाग द्वारा प्रतिमा शिफ्ट कर दिया गया था। बाद में कई बार ट्रकों ने धक्का मार कर प्रतिमा स्थल को क्षति ग्रस्त कर दिया। प्रतिमा भी आंशिक रूप से क्षति हो गई थी। जिसका जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया। शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद राजा, झामुमो नेता कंचन महतो, अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार महतो सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 21 मार्च तक एनएफआईआर का जारी रहेगा विरोध

**धनबाद।** रेलकर्मियों के विभिन्न मांगों को लेकर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन की ओर से विरोध सप्ताह मनाया जा रहा है। यह 21 मार्च तक चलेगा। धनबाद डिवीजन सहित पूरे ईसीआर जोन में एनएफआईआर से संबद्ध ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस विरोध सप्ताह मना रहा है।ईसीआरएमसी नेता व एनएफआईआर के सहायक महासचिव पीएस चतुर्वेदी ने बुधवार को बताया कि हमलोग रेलवे बोर्ड के समक्ष मूल रूप से एनपीएस व यूपीएस को रद्द कर ओपीएस को लागू करने, पदों के सृजन से रोक हटा कर नए कार्यों के लिए अतिरिक्त पदों का सृजन करने, जीवित पदों का सरेंडर अविलंब बंद करने, रेलवे बोर्ड के मानकों के आधार पर यार्ड स्टिक तय करने, ट्रैक मेंटेनर से जुड़े अगला एलडीसीई ओपेन टू ऑल, रक्षक यंत्र का वितरण, ग्रेड पे 42 सौ लेख रुपए करने, पेट्रोलिंग ड्यूटी का बीट लेंथ कम करने, 70 प्रतिशत रनिंग भत्ता को इनकम टैक्स से बिना किसी सीलिंग के मुक्त कर ऐप पर रनिंग भत्ता में 25 प्रतिशत की वृद्धि को लागू करने की मांग की है। विरोध सप्ताह के बाद भी यदि बोर्ड ने सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो हमलोग चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञात हो कि नई दिल्ली में 10 से 12 फरवरी तक हुई फेडरेशन की बैठक में विरोध सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया था।

### धनबाद-कांको एट लेन के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की बैठक

**कतरास।** धनबाद-कांको मठ एट लेन के मध्य आस पास रहने वाले ग्रामीणों की एक बैठक ठाकुर महतो की अध्यक्षता में हुई। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के प्रति लोगों ने आभार ब्यक्त किया। जिन्होंने विधान सभा में धनबाद-कांको मठ के मध्य में एट लेन सड़क में फुट ओवर ब्रिज, सड़क क्रॉसिंग की व्यवस्था के बारे में उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि एट लेन के अगल-बगल गांव के लोग उनके साथ हैं। यह सुविधा नही होने से अगल-बगल के ग्रामीणों को खासकर बच्चों का बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल आने जाने के समय बच्चों को काफी दिक्कत होता है। इस पार से उस पार जाने के लिए बहुत ही परेशानी होती है। आभार प्रकट करने वालों में जमुआटाड पंचायत के मुखिया निरंजन गोप, पंचायत समिति गौतम महतो, नरेश रवानी, मोहम्मद नसीम, ओपीन गोप, अर्जुन ठाकुर,गणेश महतो, चंदन महतो, उत्तम मंडल, पिंटू चक्रवर्ती, मनोज ठाकुर, साधु यादव, शेखर महतो, आदि शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व विधायक दशरथ सिंह के आवास में भजन कीर्तन सत्संग का आयोजन



हुसैनाबाद पलामू। श्री अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम परमपुरी धाम (सासाराम) बिहार के अध्यक्ष अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी निर्भयानंद पुरी जी (पूज्य माताजी) का सुभागमन पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह के जपला स्थित 'परमालय' आवास पर हुआ। महामंडलेश्वर पूज्य माताजी की अगवानी बैंड बाजे के साथ भक्तों ने जय घोष के साथ किया। संध्या में भजन कीर्तन सत्संग का आयोजन किया गया। पूज्य माताजी ने अपने प्रवचन के माध्यम से लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज का समाज शिक्षित है, संसाधन से युक्त है, भगवान की कृपा से हर कुछ है पर जिसके प्राप्ति से प्राप्त चीजों का सुख भोगा जाए वो ज्ञान भक्ति नहीं है। जीवन में यदि भक्ति ज्ञान न हो तो सब प्राप्ति के बाद भी जीवन बेकार है। हमारा सनातन धर्म इतना महान है कि हर जीवों पर दया करना सबमें समरसता का संदेश देता है। इस सनातन धर्म की महिमा को सभी को समझना चाहिए और इसकी शरणागति ग्रहण करना चाहिए वहे वो किसी मत पंथ का हो।

### लापरवाही के कारण जपला रेलवे क्रॉसिंग का गेट खुला रहा, मालगाड़ी गुजरती रही



हुसैनाबाद पलामू। जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत स्थित जपला रेलवे स्टेशन के समीप दक्षिण रेलवे क्रॉसिंग का गेट लापरवाही के कारण खुला रह गया और मालगाड़ी गुजरती रही, जिससे लोग बाल बल बच गए। ऐसी लापरवाही के कारण लोगों की जान जा सकती थी जिससे बड़ी घटना हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6 : 58 में राहगीर क्रॉसिंग से गुजर रहे थे उसी क्रम में राहगीर ने देखा कि मालगाड़ी ट्रेन आ रही है, लेकिन क्रॉसिंग का गेट बंद नहीं है, ए राहगीर ने पीछे से आ रहे बाइक चालक को रोका, जिसके बाद हल्ला होने लगा, तब जाकर गेटमैन आकर गेट को बंद किया। इस दौरान मालगाड़ी ट्रेन आगे आधी गुजर चुकी थी, रेलवे क्रोसिंग का गेट कैसे खुला रहा, यह तो जांच की विषय है। खुला गेट के साथ गुजरती मालगाड़ी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जपला रेलवे स्टेशन पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत आता है, जो सोन नगर-गढ़वा रेलखंड के बीच स्थित है।

### संत मरियम स्कूल के बस चालकों एवं सह चालकों के बीच वस्त्र वितरित



मेदिनीनगर। बच्चों की सुरक्षा को लेकर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव एवं प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने बस चालकों एवं सह चालकों के साथ बैठक की। इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि प्रतिदिन बच्चों को स्कूल लाने अथवा वापस घर पहुंचाने के दौरान बच्चों की सुरक्षा चालक के हाथों में होती है, इसलिए बिना किसी लापरवाही के कड़ी सुरक्षा के साथ उनको गंतव्य तक पहुंचाना चालक एवं सह चालक की जिम्मेदारी है। उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक बस चलाने का निर्देश दिया। मौके पर चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य ने सभी चालकों एवं सह चालकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल वाहन प्रबंधक राजेश राय, जितेंद्र सिंह समेत कई चालक एवं सह चालक मौजूद थे।

### न्यू सुरभि क्लब ने रामनवमी शोभा यात्रा धूमधाम से निकालने का लिया निर्णय

मेदिनीनगर। रामनवमी पूजा को लेकर शहर के हमीदगंज मोहल्ला में न्यू सुरभि क्लब के सदस्यों ने बैठक की। बैठक में न्यू सुरभि क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से संजय चंद्रवंशी को अध्यक्ष चुना। मौके पर उपस्थित संजय चंद्रवंशी ने कहा कि रामनवमी पूजा को सफल बनाने के लिए इस बार हमें न्यू सुरभि क्लब के सदस्यों ने कार्यभार सौंपा है। इस बार क्लब के द्वारा सुंदर और आकर्षक रथ लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं शोभायात्रा भी काफी धूमधाम से निकाली जाएगी। न्यू सुरभि क्लब के संरक्षक सह वार्ड पार्षद प्रत्याशी मुकेश चंद्रवंशी ने कहा कि सुरभि क्लब के सदस्य मेहनत और लगन के साथ रामनवमी पूजा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मौके पर सुमित कुमार, काजू कुमार, सुजीत चंद्रवंशी, छोटू कुमार, राहुल कुमार, मनोज चंद्रवंशी, ननकू कुमार, लवकी कुमार, अमन चंद्रवंशी, गुड्डू सिन्हा, भगत शर्मा, गोलू अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। एक-दो दिनों के अंदर अध्यक्ष के द्वारा कमेटी का विस्तार किया जाएगा।

### दंत चिकित्सक दंपति ने अपने बेटे के जन्मदिन पर गरीबों को भोजन कराया



चैनपुर पलामू। प्रयागराज निवासी दंत चिकित्सक दंपति चांदनी बाजपेई और रंजन बाजपेई के पुत्र यश बाजपेई का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। उक्त दंपति वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के बीच जाकर मनाया। प्रयागराज के बाजपेई दंपति ने वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यों से प्रभावित होकर इस संस्था के जरिए अपने बच्चे का जन्मदिन मनाया। पूरी, सब्जी, बुंदिया के साथ पैकेट के साथ साथ बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री कॉपी, पेन, पेंसिल, बांटकर यश बाजपेई के जन्मदिन की खुशियां मनाई। बच्चों ने यश को जन्मदिन की बधाई व बड़ों ने आशीर्वाद दिया। मौके पर संस्था की संध्या अग्रवाल, संजीवन अग्रवाल, सौभाग्य सृजन शर्मिला वर्मा उपस्थित थे।

### मुकेश जायसवाल बनें शाहपुर महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष



चैनपुर पलामू। चैनपुर-शाहपुर रामनवमी पूजा को लेकर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर की बैठक मंगलवार को देवी मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव दुर्गा मंदिर के पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने किया। बैठक में शाहपुर एवं आसपास के कई हिंदू धर्म प्रेमी शामिल हुए। बैठक के दौरान रामनवमी पूजा में होने वाले खर्च पर विचार विमर्श किया गया एवं अध्यक्ष के द्वारा पिछले साल का आय व्यय का जानकारी दी। संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डू को चुना गया एवं लोगों ने इन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं दीपक जायसवाल, सोनू जायसवाल, पंकज जायसवाल, सुनील गुप्ता, शशांक सुमन, मोनू जायसवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मनोज जायसवाल, पिंटू जायसवाल को सचिव बनाया गया है। लाल बाबू पासवान, मिंशु जायसवाल उप सचिव। सुनील कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, लवलेश प्रजापति कैप्टन, दिनेश पासवान, राजेंद्र पासवान को महामंत्री। अनिल रवि को संगठन मंत्री, मुन्ना सोनी, विश्वजीत जायसवाल, राकेश जायसवाल, जयप्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू, जयप्रकाश सोनी, पंकज जायसवाल, कुलदीप विश्वकर्मा, बबन गुप्ता, विकास कुमार प्रभाकर, विशाल सोनी को मंत्री बनाया गया है। अमित सोनी को कार्यालय मंत्री तथा संरक्षक पत्रकार धर्मेंद्र जायसवाल, रामजी प्रसाद जायसवाल, सहेंद्र जायसवाल डब्लू, धीरज जायसवाल, राजेंद्र मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, त्रिपुरारी जायसवाल, बबलू अग्रवाल, शशिकांत गुप्ता उर्फ गुड्डू, बेचन जायसवाल, उमेश जायसवाल का नाम शामिल है। बैठक के दौरान अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि रामनवमी पूजा इस वर्ष भी हर्षो उल्लास के साथ शांति सौहार्द वातावरण में मनाया जाएगा। साथ ही बाहर के कलाकारों के द्वारा झांकी की प्रस्तुति भी होगी।

# पूर्व मंत्री स्व अवधेश कुमार सिंह की मनाई गयी पुण्यतिथि

## ए के सिंह डिग्री कॉलेज के अध्यापकों समेत छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी अंतर्गत अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में कॉलेज के संस्थापक संयुक्त बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री स्व अवधेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने की। उनके चित्र के समक्ष अध्यापकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1984 में दिवंगत अवधेश कुमार सिंह द्वारा विशेषकर लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। आज इनके सुपुत्र प्रफुल कुमार सिंह सचिव के रूप में इनके अधूरे सपने को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मात्र एक वर्ष में इन्होंने कॉलेज को दर्शनीय बना दिया। निकट भविष्य में वोकेशनल कोर्सेज की पढ़ाई की योजना है। इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज प्रोफेसर डॉ राम सुभग सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ आनंद कुमार, नामांकन प्रभारी प्रो सुधीर कुमार सिंह, बर्सर प्रो शशि भूषण सिंह, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो अरुण कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार सिंह, डॉ चंदन कुमार सिंह, प्रो रेखा सिंह, डॉ आलोक रंजन, प्रो सुनील कुमार सिंह, प्रो मुकेश कुमार सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, मीना गुप्ता, वृंदा कुमारी, अशोक सिंह, सुनील सिंह, प्रहलाद पाल, जय राम, मनीष कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, विवेक कुमार सहित कई शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी समेत छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# बिहार सीमा में दिनदहाड़े यूट्यूबर की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता





**हरिहरगंज पलामू।** सीमावर्ती बिहार के औरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत संडा मटपा रोड में कंठीबिगहा मोड़ के समीप अपराधियों ने दिनदहाड़े यूट्यूबर सह कंपाउंडर 38 वर्षीय रंजीत पासवान की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार की सुबह करीब 9 बजे की है। इस घटना से हरिहरगंज शहर सहित आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक निकटवर्ती महाराजगंज पंचायत के जमुआ गांव निवासी स्व रामजन्म पासवान का पुत्र है। वह औरंगाबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ जन्मेजय कुमार के क्लिनिक में कंपाउंडर के रूप में कार्यरत था। साथ ही अपना एक यूट्यूब चैनल 'ट्रू न्यूज टीएनबी' को चलाता था। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह वह घर से सुबह 8:30 बजे नाश्ता कर औरंगाबाद जाने के लिए निकला था। 9 बजे जैसे ही उक्त स्थल पर पहुंचा पहले से घात लगा कर बैठे दो अपराधियों ने उसकी बाइक को रुकवाया तथा सड़क किनारे बने एक पुलिया पर बैठाकर बातचीत करने लगा। इसी दौरान एक अपराधी ने उसके सीने में गोली मार दी। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक की पत्नी, मां, दो पुत्री, एक पुत्र समेत सगे संबंधियों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं आक्रोशित लोगों ने एनएच 139 को करीब एक घंटा तक जाम रखा। जिससे हरिहरगंज शहर में सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। बाद में औरंगाबाद एसडीपीओ संजय पांडेय द्वारा अपराधियो को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन देने के बाद जाम हटाया गया। पुलिस को घटनास्थल से 7 एमएम पिस्टल की गोली का खोखा मिला है।

# प्रदूषण का नाश यज्ञ के हवन व पौधरोपण से ही संभव : पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरु पंचायत के फार्म मैदान में आयोजित नौ कुण्डली शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल होकर पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कलश यात्रियों के बीच पर्यावरण धर्म के संकल्प के साथ पौधा दान व कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद ने अपने पुत्र प्रो अरुण कुमार जायसवाल की पुत्री आद्रिका के साथ में उनके जन्मदिन पर आकाश बाग में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि यज्ञ पूजा और पौधा रोपण से प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है परंतु पर्यावरण धर्म में कोई भी शुभ कार्य में कन्या पूजन व पौधा लगाने और दान करने का विधान है। जल यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में हरिद्वार से आए आचार्यों रमेश दुबे, यज्ञ प्रभारी डॉ बीके यादव, रूप नारायण सिंह, मुखिया पति प्रमोद यादव, मुखिया सोनामती सचिन पांडेय, नवडिहा मुखिया आलोक यादव, सुरेंद्र यादव, निरंजन यादव, विनोद यादव, रंजीत सिंह, मोहन सिंह, अफजाल अंसारी शामिल थे। वहीं आद्रिका के जन्मदिन पर शामिल लोगों में उनकी दादी पूनम जायसवाल, पिता प्रो अरुण जायसवाल, मां कोमल जायसवाल, फूफा रोहित जायसवाल, बुआ कुमारी ज्योति, भैया अंकुर, दीदी आराध्या, मिट्ठू सिंह, पिंकी सिंह, हेम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, परमानंद मंडल, रीना सिंह, रिमझिम सिंह, अजीत मिश्रा, गुड़िया सिंह, राहुल सिंह, रामू, छोटू, संतोष समेत परिजनों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक, कहा

# चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने को लेकर आपके सुझाव आमंत्रित

## नाम डिलिटेशन, दो स्थानों का वोटर कार्ड होने आदि विषयों पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक आयोजित की। इस दौरान सभी दलों के प्रतिनिधियों को प्रपत्र 6,7 व 8 के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान कहा गया कि अगर किसी दल को मतदाता सूची से जुड़ी कोई परेशानी हो, वोटर कार्ड से जुड़ी कोई समस्या हो या चुनाव प्रणाली से रिलेटेड कोई बात हो तो आप सभी इस बैठक में उस विषय को रेखांकित कर सकते हैं अथवा अगली बैठक में उस विषय पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत कैसे किया जाए इस विषय पर आपके सुझाव आमंत्रित हैं।



बैठक में अलग-अलग दलों के तरफ से नाम डिलिटेशन व एक ही व्यक्ति का दो स्थानों पर वोटर कार्ड होने संबंधी आदि विषयों को उठाया गया। इसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आयोग के तरफ से वोटर कार्ड को आधार से जोड़े जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ऐसे में उपरोक्त विषय स्वत: ही खत्म हो जायेगी। उन्होंने कहा कि आयोग के द्वारा अगले तीन महीनों में डुप्लीकेट एपिक संबंधी त्रुटियों का सुधार कार्य पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2025, 1 अप्रैल 2025,1 जुलाई 2025 एवं 1 अक्टूबर 2025 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र 6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन किया जा सकता है। इस कार्य में आप सभी महानुभवों का सहयोग अपेक्षित है। इसके अलावे सभी दलों के प्रतिनिधियों को इलेक्शन से जुड़े अलग-अलग एप्प्स की जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर आप, बसपा, भाजपा, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट), आजसू पार्टी, झामुमो, राजद के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बिजली चोरी मामले में 19 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

हरिहरगंज पलामू। बिजली चोरी के विरुद्ध पिपरा थाना क्षेत्र में चलाए गये छापेमारी अभियान में कई लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल छतरपुर के सहायक विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने मीटर से बायपास कर अवैध रूप से बिजली चोरी कर उपयोग करने के मामले में जुर्माना लगाते हुए 19 लोगों के विरुद्ध पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें अंधारीबाग निवासी सुकेश गुप्ता, तेन्दुई निवासी सुनिल सिंह, विमलेश सिंह, निखिल सिंह, कृष्णा सिंह, विरेन्द्र सिंह, लाल बाबू सिंह, सत्येंद्र सिंह, बैजनाथ सिंह, रंजय, उमेश सिंह, अनिल, अशोक, विजेंद्र, विजय, अंबिका, धर्मेंद्र, सीताराम, अजय का नाम शामिल है।

# मंईयां योजना से वंचित महिलायें लगा रही कार्यालयों व बैंकों का चक्कर

## योजना का लाभ हर हाल में मिलेगा : सहायक निदेशक बिक्रम आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के पूर्व हेमंत सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना लागू किया गया था। इस योजना के निर्धारित राशि को बढ़ाकर सरकार ने प्रतिमाह 2500 रूपये कर दिया। जिसका लाभ पलामू जिला समेत राज्य के सभी जिले की महिलाओं को मिला। इस योजना के तहत पलामू जिला में 372000 से अधिक महिलाओं के खाते में राशि भेजी गई थी। इस योजना के तहत जिन महिलाओं का आधार बैंक खाता से लिंक है उन्हें इस योजना का लाभ जनवरी से मार्च तक का एक मुश्त 7500 रूपये राशि पीएमएफएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक महिलाओं के खाते में भेज दिया गया। लेकिन पलामू जिला के विभिन्न प्रखंड, गांवों में 88931 महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं इसके अलावे सैकड़ों ऐसी महिलाएं हैं जिन्हें इस योजना का एक भी लाभ नहीं मिला है। मईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित मईयां प्रखंड, जिला कार्यालय से लेकर बैंक व प्रज्ञा केंद्रों का चक्कर लगा रही हैं। इस राशि को प्राप्त करने के लिए महिलाएं विभिन्न बैंकों में जाकर अपने आधार को बैंक खाता से लिंक कराने के लिए घंटों इंतजार कर रही है। जिस कारण बैंक में भी अधिक भीड़ लग रही है। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक बिक्रम आनंद ने बताया कि मईयां सम्मान योजना से पलामू की जो भी महिलाएं वंचित हैं उन्हें भी इस योजना का लाभ हर हाल में मिलेगा। सभी को 31 मार्च तक आधार से लिंक खाता में पीएमएफएस पोर्टल के माध्यम से भुगतान हो जायेगा। उन्होंने वंचित महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे कहीं किसी दफ्तर का चक्कर नहीं लगायें।

### ईट भट्ठा के संचालित होने से सौरी नदी का तेजी से हो रहा दोहन, मिट्टी का बांध बनाकर पानी को रोका गया



चैनपुर (पलामू)। चैनपुर के सेमरा पंचायत के सौरी नदी के तट पर ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार संचालक फहीम हुसैन के द्वारा ईट भट्ठा के बगल से गुजरे सौरी नदी का क्षेत्र फल के अनुसार नदी का दोहन किया जा रहा हैं साथ ही संचालित ईट भट्ठा का मौजा खुरा खुर्द खाता सं-30, प्लॉट सं-120 एवं 121 का रकबा 1 एकड़ पचास डिसमिल हैं। साथ ही भट्ठा संचालक के द्वारा खराब ईट व उसके अन्य मलबा को नदी में हीं डाल दिया जाता हैं। जिससे नदी का अस्तित्व खतरे में हो गया हैं। नदी के पानी को भी रोकने के लिए जगह जगह पर ईट व मिट्टी के द्वारा बांध बनाकार उसके पानी का इस्तेमाल ईट निर्माण में मोटर से पानी लिया जाता हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे की मिट्टी को काट कर ईट बना दी जा रहीं हैं। मालूम हो कि इस क्षेत्र के लिए सौरी नदी प्रमुख है। कभी इस नदी में सालोंभर पानी बहाव होता था। इस नदी के पानी कई गांव के लोग कृषि व दैनिक कार्यों के लिए प्रयोग में लाते थे लेकिन इन दिनों हालत बदतर हो गई हैं।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य बने धर्मदेव सिंह यादव



विश्रामपुर (पलामू)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव को पलामू जिला के विकास समन्वय एवं निगरानी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस आशय का मनोनय पत्र ग्रामीण विकास मंत्रालय (भारत सरकार) के अवर सचिव पीयूष रंजन द्वारा जारी किया गया है। रंजन ने मनोनयन पत्र को झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के सचिव, पलामू उपयुक्त सहित संबंधित सभी विभाग को प्रेषित कर सूचित भी कर दिया है। सदस्य मनोनीत होने पर धर्मदेव सिंह यादव ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान व पलामू संसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार व्यक्त किया है। इधर धर्मदेव यादव के सदस्य बनने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला पार्षद विजय रविदास, भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, कुश ओझा, मुन्ना पांडेय, सुनील पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, शिवबंश मिश्रा, अभिषेक राज गुप्ता, पवन शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, शिवशंकर चंद्रवंशी, राजकुमार मेहता, पंकज लाल आदि का नाम शामिल है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने जांच अभियान चलाया



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सादिक चौक, टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया। जिसमें दोपहिया, वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस एवं कुछ ट्रिपल लोड थे। 16 बाइक को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। इसके अलावे 1 कार का भी बगैर सीट बेल्ट लाइसेंस का फाइन किया गया है। 19 मार्च को को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 6 बाइक का चालान फाइन राशि 14,000 आया और 02 बाइक चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे उसका फाइन 20,185 आया और 1 ट्रैक्टर गाड़ी नो एंट्री में पकड़ा गया था उसका फाइन 6150 आया है। टोटल फाइन 40,335 आया है।

# कुमार अवध इंटरनेशनल स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 23 को

## प्राचार्य डॉ संजीता पांडेय ने कहा कि शहर समेत जिला के विद्यार्थी सुनहरा अवसर हाथ से नहीं जाने दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची रोड चियांकी एयरपोर्ट के सामने स्थित कुमार अवध इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 23 मार्च दिन रविवार को सुबह 10 बजे से एक विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो अपनी शैक्षिक यात्रा में उत्कृष्टता की ओर कदम बढ़ाना चाहते हैं। इस परीक्षा में टॉप रैंक करने वाले छात्रों को आगामी शैक्षिक वर्ष के लिए भारी छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। स्कूल के प्राचार्य डॉ संजीता पांडेय ने बताया कि इस परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत व द्वितीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को 50% छात्रवृत्ति व तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई में लगने वाले 25% राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जायेगी। प्राचार्य ने कहा कि शहर समेत जिला के विद्यार्थी सुनहरा अवसर हाथ से नहीं जाने दें। प्राचार्य ने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर हैं। प्राचार्य ने बताया कि पंजीकरण करने के लिए स्कूल के वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावे 9508242099 व 6204560517 नंबरों पर कॉल या मैसेज कर सकते हैं।

# जनता दरबार में डीसी ने विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की सुनी फरियाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने सभी की शिकायतें सुनी एवं जल्द निबटारा का आश्वासन दिया। जनता दरबार में पाटन के ग्राम चेतमा से आये आवेदनकर्ता ने ग्राम चेतमा में तालाब निर्माण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि तालाब निर्माण हो जाने से सिंचाईं में काफी सहूलियत होगी जिससे कई ग्रामीणों को फायदा होगा। इसी तरह चैनपुर के ग्राम मड़गांवां से आये फरियादी जोगन मांझी ने डीसी से मलेरिया कार्यालय पलामू में छिड़काव कर्मी के पद पर पुनः बहाल करने को लेकर अनुरोध किया।

# राजकीय नवसृजित प्रा. विधालय थमहवां के प्राचार्य व संवेदक के साठगांठ से विकास मद की राशि की हुई बंदरबाट

## फर्जी बिल लगाकर हुई पैसों की निकासी

प्रेमरंजन तिवारी



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ के राजकीय नवसृजित प्राथमिक विद्यालय थमहवां में राज्य सरकार द्वारा विकास मद की राशि 25 हजार आवंटित हुई थीं।

जहां प्रधानाध्यापक द्वारा विकास मद की राशि से विद्यालय का पेंट पोचारा, मरम्मती व विद्यालय का जरूरत की सामग्री का खरीद करना था। लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा कुर्सी टेबल व साउंड का खरीद किया गया हैं जबकि वाउचर बिल के अनुसार गमला, गुलाब का पौधा, झंडा व झंडा का पाइप, विद्यालय का रंग रौगण पेंट जैसे सामग्री का खरीद करना था। लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा विकास मद की राशि 25 हजार का निकासी कर लिया गया हैं। जबकि विद्यालय में ऐसे सामग्री देखने को नहीं मिल रहा हैं। जब इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक शहादत अंसारी से बात किया तो उन्होंने कहा कि विद्यालय का पेंट पोचारा इसलिए नहीं कराई गई हैं कि बीते वर्ष पूर्व में पेंट पोचारा का काम किया गया था। साथ ही गुलाब का पौधा व गमला का खरीदारी इसलिए नहीं की गई हैं कि विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण नहीं हुई है जिसके कारण खुले में रहने से मवेशी पौधे को बर्बाद कर देते हैं। साथ ही कहा कि विकास मद की राशि 25 का आवंटित हुई थीं, जिससे साउंड व कुर्सी टेबल जैसे सामग्री का खरीदारी किया गया हैं। जहां एक तरफ सरकार विद्यालय के प्रति गंभीर हैं। किसी प्रकार की सरकारी पैसों का दुरुपयोग नहीं हो जिसके लिए सरकार नियम लागू किया हैं कि सामग्री का बिल लगाए तभी सरकारी पैसे का निकासी किया जा सकेगा। लेकिन आरआरजी व राजा इंटरप्राइजेज के संवेदक और प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से सामग्री का फर्जी बिल लगाकर सरकारी पैसों का बंदरबाट किया गया है।

# सदर एसडीओ ने जिजोई नदी से अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने गुप्त सुचना के आधार पर पचकेड़ीया जीजोई नदी से अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर को जब्त कर नावाजयपुर थाना को सुपुर्द किया है। एसडीओ ने मंगलवार की रात्रि करीब बारह बजे अपने दल बल के साथ पचकेड़ीया जीजोई नदी पहुंची तो पाया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जा रहा है। इसे देखकर उन्होंने सभी बालू लदा ट्रैक्टरों को पकड़कर नावाजयपुर थाना ले आयी। अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ताजुद्दीन अंसारी हरैया खुर्द, दुअमा राजन गोस्वामी, पचकेड़ीया मंजर अंसारी, हरैया खुर्द, राजेन्द्र साव पचकेड़ीया एवं संदीप मेहता पचकेड़ीया का बताया गया है। नावा जयपुर थाना के एसआई शिव दर्शन राम ने बताया कि सभी पकड़े गये ट्रेक्टर को सीजर लिस्ट बनाकर अनुमंडल पदाधिकारी को भेजा गया है। उन सभी पर कार्रवाई कर प्रक्रिया किया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा के इस कारवाई से पुरे पाटन नावा जयपुर थाना क्षेत्र में बालु माफियाओं में हड़कंप मच गया है। मालूम हो कि पाटन एवं नावा जयपुर थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं के द्वारा रात में बड़े पैमाने पर अवैध बालू का तस्करी किया जा रहा था। यह पहली बार है कि जिला के पदाधिकारी ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए बालु माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कारवाई की है।

## श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने का कार्य हमारी सरकार ने किया है : मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने किया श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाईबाग के मैदान में आयोजित दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन किया। सीएम के साथ उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक अनंत प्रताप देव, मझिआंव के विधायक नरेश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं बैलून उड़ा कर श्री बंशीधर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात जिले के डीसी शेखर जमुआर ने सीएम हेमंत सोरेन को पौधा, मोमेंटो देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन समेत सभी अतिथियों को पौधा, मोमेंटो देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी छोटे बड़े धार्मिक स्थलों को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने का कार्य भी


मुख्यमंत्री को तस्वीर भेंट करते लोग।

हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर महोत्सव पहले से होता आ रहा था, लेकिन हमारी सरकार ने इसे राजकीय महोत्सव का दर्जा देने का कार्य किया। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में जो विकास किया है वह झारखंड अलग होने के बाद कई वर्षों तक नहीं हो सका था। उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां मैं कई बार आ चुका हूं आपने हमें कभी निराश नहीं किया और आपने सरकार को मजबूत करने के लिये पलामू से दो-दो विधायक देने का कार्य किया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान लोगों से जो वादा किया है उसे एक एक करके पूरा करने का काम करेंगे।

### गढ़वा में बनेगा में मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 88 लाख 57 हजार रुपए की लागत से 8 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 136 करोड़ 84 लाख 51 हजार रुपए की लागत की 19 योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियां, रमकंडा और गढ़वा में मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम का निर्माण सहित स्वास्थ्य तथा पथ निर्माण विभाग के विभिन्न 19 योजनाएं शामिल हैं।

सीएम ने कहा कि यह सरकार जनता की सरकार है। यह रांची हेडक्वार्टर से चलने वाली सरकार नहीं बल्कि गांव व पंचायत से चलने वाली सरकार है। जिसके नीतिगत फैसले भी गांव से लिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जिसने महिलाओं को सम्मान योजना से जोड़ने का कार्य किया है। सीएम ने कहा कि हम कहते नहीं बल्कि कर के दिखाते हैं। लोगों से हमने जो वादा किया था सरकार बनते ही उसे पूरा करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के किसान एक बूंद पानी के लिये तरसते हैं। लेकिन बहुत जल्द सोन कनहर परियोजना का कार्य पूर्ण हो जायेगा जिससे यहां के किसानों की समस्या दूर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि आपने जिस प्रकार झारखंड में दूसरी बार हमें मौका देने का काम किया है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि इन 5 वर्षों में झारखंड के विकास की गति दो गुना पांच गुना नहीं बल्कि 100 गुना बढ़ जायेगी। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि गढ़वा जिला काफी पिछड़ा जिला है। रोजगार के अवसर उपलब्ध न होने के कारण यहां के युवा दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से श्री बंशीधर मंदिर के कॉरिडोर बनवाने एवं भवनाथपुर में पावर प्लांट लगवाने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने बंशीधर मंदिर से राजा पहाड़ी तक रोपवे का निर्माण कराने, श्री बंशीधर नगर में बस स्टैंड एवं स्टेडियम का निर्माण कराने का अनुरोध किया। मझिआंव विधायक नरेश सिंह ने सीएम से श्री बंशीधर मंदिर समेत गढ़वा जिले के विभिन्न पर्यटक स्थलों को भी विकसित करने की मांग की। मौके पर पलामू के आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएसए रमेश, जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसी राज महेश्वरम, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा एसडीओ संजय पांडेय, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, रंका एसडीपीओ रोहित रंजन समेत जिले के काफी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### विधायक ने किया मुख्यमंत्री को सम्मानित

श्री बंशीधर नगर। विधायक अनंत प्रताप देव ने श्री बंशीधर महोत्सव के उद्घाटन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को चांदी का मुकुट पहनाकर एवं चांदी का बांसुरी भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने मंच पर उपस्थित पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं विधायक नरेश सिंह को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात झामुमो नेताओं ने सीएम हेमंत सोरेन एवं उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को मंच पर बड़ा माला पहनाकर श्री बंशीधर नगर में गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत किया।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग
(सामान्य शाखा)

-: आवश्यक सूचना :-

हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2024 के आलोक में चौकीदार के पद पर चयनित कुल 182 (एक सौ बिरासी) अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण दिनांक– **22/03/2025** को **10:00** बजे पूर्वाह्न से टाउन हॉल, हजारीबाग में किया जाना है।

अतः सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ससमय कार्यक्रम आयोजित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.348806 District(24-25):D


## आधार सेंटर में अवैध वसूली का मामला प्रकाश में

खबर मन्त्र संवाददाता


आधार सेंटर में उपस्थित लोग।

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बीआरसी कार्यालय में संचालित आधार सेंटर में अवैध रूप से पैसे वसूली का मामला सामने आया है। सेंटर में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर कौशल्या देवी पर आधार कार्ड बनवाने आए लोगों ने आरोप लगाया है कि वह आधार कार्ड बनाने या अपडेट करने के नाम पर लोगों से 150 से 250 रुपये तक की अवैध वसूली कर रही हैं। जबकि आधार कार्ड बनवाने की अधिकांश सेवाएं निःशुल्क हैं या उनके लिए नियत शुल्क बहुत ही न्यूनतम रखा गया है। आधार कार्ड बनवाने आए कई लोगों ने शिकायत की है कि उनसे जबरन पैसे लिए जा रहे हैं और पैसे नहीं देने पर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। वहीं जब आधार सेंटर के कंप्यूटर ऑपरेटर से पूछा गया तो उसने बताया कि सौ रुपए आधार बनाने का फीस है और तीस रुपए सर्विस चार्ज लेते हैं और बाकी मुझे किसी भी तरह का कोई एजेंसी द्वारा खर्च नहीं मिलता है इसलिए अपने खर्च का पैसा लेते हैं। इस सम्बंध में पूछे जाने पर बीईईओ रम्भा चौबे ने कहा कि इसकी मुझे जानकारी मिली थी। उसे कई बार डांटे है और जो भी फीस निर्धारित है उसको बैनर पर लिखने को बोले है पर हमारी बातां को नही मानती है।

## प्राचार्य ने शिक्षकों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा।

**भवनाथपुर।** प्रखंड में स्थित सेल के टाउनशिप में संचालित डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने शिक्षकों के साथ बैठक की। जिसमें छात्रवृत्ति सह नामांकन परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य श्री सचदेवा ने बताया कि यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र इंग्लिश मीडियम का स्कूल है, जिसमें सभी विषयों के सुयोग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को कक्षा एलकेजी से 12वीं तक की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद, संगीत, कम्प्यूटर एवं पेंटिंग की शिक्षा के लिए भी अलग से शिक्षक रखे गए हैं, जो बच्चों के रुचि के अनुसार उन्हें उसे क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करते हैं। नए सत्र के विषय में प्राचार्य ने बताया कि 26 मार्च से 25-26 के नये सत्र का शुभारंभ होने जा रहा है। इससे पूर्व विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु निःशुल्क स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट 23 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक विद्यालय में रखा गया है।

इस परीक्षा में मानक के अनुसार अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति की भी सुविधा विद्यालय प्रबंधन की ओर से दी जाएगी। इस विद्यालय के पूर्व परीक्षाफलों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में प्रतिवर्ष गढ़वा जिला में अपना नाम रौशन करते हैं तथा राज्य स्तर पर भी अपना स्थान दर्ज कराते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में होने के बाद भी इस विद्यालय के बच्चों का रिजल्ट शहरी विद्यालयों की तुलना में हमेशा बेहतर होता है।

प्रतिवर्ष बच्चों के खेल कूद के लिए डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स का प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च स्तरीय (नेशनल लेवल) पर आयोजन होता है। जिसमें गत वर्ष नेशनल लेवल पर विद्यालय छात्रा श्रीजल श्री ने गोल्ड मेडल प्राप्त की। प्राचार्य ने बताया कि सभी कक्षाओं में स्थान सीमित है। अतः पहले आओ पहले स्थान पाओ की नीति हम लोग रखे हैं।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Office of the
General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email - gmcedeoghar@gmail.com

**NIT No.-573/PR/JUSNL/2024-25**

Sealed Tender in two parts containing Techno-commercial Part (Part- I) and Price Part (Part-II) scribed on separate two sealed envelope with NIT No., written on top of envelope are invited from reputed, experienced and financially sound agencies/firm/contractors for execution of following work:-

| Name of works | Estimated cost (in Rs.) | Earnest money (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable) (In Rs.) | Last date & time for submission of tender | Date and time for opening of tender (Part-I) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Provision of paver block in front of parking shed in campus of administrative building, Maharo, Dumka. | 4,98,352.00 (GST and labour cess included) | 10,000.00 | 886.00 | Up to 03.00PM on 12/04/2025 | At 03.30PM on 12/04/2025 | 2 (Two) months |

1. Tender document can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of Tender in working hours after depositing cost of BOQ (non-refundable) in shape of Bank Draft in favour of **Accounts Officer ,Transmission Zone-II, Dumka** payable at Deoghar.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-II, Dumka

PR 348775 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–62/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–26.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent Repair work of Borewell No-1 and 2 and Both Gate of Jharkhand Bhawan Vasant Vihar New Delhi for the Year -2024-25 | 3,10,131.00 | 6,300.00 | 750.00 | 1 Months |

8. निविदा की शर्तें prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0, राँची

PR 348743 Building (24-25)_D


## मंईयां सम्मान योजना में नाम काटने व पैसा नहीं आने पर बैंकों में अफरा तफरी


स्टेट बैंक में लगी भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना में आधे से अधिक महिलाओं का नाम काटने व पैसा नहीं आने पर उनमें सरकार के प्रति काफी रोष देखा जा रहा है। साथ ही स्थानीय बैंकों में अपने राशि का पता करने के लिए इन दिनों महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान बैंकों में अफरा तफरी का माहौल है। यही नहीं प्रखंड कार्यालय में भी महिलाओं का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। और जब उन्हें यह पता चल रहा है कि प्रखंड कार्यालय में उनका नाम काटा या नहीं कोई पता नहीं हो सकता है। तो वह सीधे बैंकों की ओर अपना रुख कर रही है। और वहां जाकर परेशान हो रही है। इस दौरान बैंक के प्रतिदिन के ग्राहक भी परेशान होते देखे गए। उनका कहना है कि खाते में राशि आया कि नहीं यह देखने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ जुट रही है जिसके कारण वह अपने राशि का लेनदेन भी नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में पूछने पर बीडीओ श्रीमती कनक ने बताया कि महिलाएं यहां भी आ रही हैं चुंकी मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल प्रखंड में खुल ही नहीं रहा है इसलिए वह कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है। महिलाएं जिला में सामाजिक सुरक्षा विभाग में जाकर पता कर सकती है।

## कलश यात्रा के साथ पंचकुंडली श्री विष्णु रूद्र महायज्ञ की शुरूआत


कलश यात्रा में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शारदा एवं सगमा स्थित तेजवा पहाड़ के प्रांगण में प्रयागराज के संगम तट से श्री चक्र माधव गदा माधव मंदिर के महंत श्री अवधेश दास जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित पंच कुण्डलीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ निकाल कर शारदा गांव के उभका नदी से वैदिक मंत्रों चार के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भर कर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। जानकारी देते हुए यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने बताया कि 19 मार्च को कलश यात्रा के साथ पंच कुंडली श्री विष्णु महायज्ञ आरंभ हुआ जो प्रत्येक दिन दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक कथा वाचक द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया है। जबकि शाम 8 बजे से 12 बजे तक वृंदावन से चलकर आए कलाकारों द्वारा रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। 27 मार्च को पूर्णाहुति हवन के साथ महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। जल यात्रा में मुख्य रूप से जनार्दन प्रसाद यादव, रवि प्रकाश जायसवाल, मनोज दुबे, रवि प्रकाश, सत्येंद्र साह, अरुण यादव, राजू रंजन कुमार, रामेश्वर मेहता, भगवान दास यादव, आलोक यादव, मनोज साह, फुलेश्वर यादव, हिमांशु यादव आदि उपस्थित थे।


JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**
**e-Tender Ref No.: JAP-IT/JHSECURE-1/2025**

Invitation of online bid through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in/ for **Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand.**
The invitation of bid is open to all SI/SP who fulfilling the eligibility criteria as mentioned in this Request of Proposal (RFP) document and the bidder must also agree to terms and conditions mentioned under the RFP. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely.

**Tender Schedule**

| S. No. | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Tender Ref No. | JAP-IT/JHSECURE -1/2025 |
| 2. | Name of the Work | Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand |
| 3. | Name & address of the issuer of this tender | The CEO,JAP-IT Ground Floor, Engineers hostel 1,Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004. Tel: 0651-401044 Email: ceo.japit@jharkhandmail.gov.in |
| 4. | Date of download of tender document | 18-03-2025 at 6:00 P.M. |
| 5. | Date for sending Query to ceo.japit@jharkhandmail.gov.in | 24-03-2025 at 02:00 P.M. |
| 6 | Pre-Bid Query Meeting | 25-03-2025 at 02:00 P.M. |
| 7. | Start Date for Submission of Bids online | 28-03-2025 at 05:00 P.M. |
| 8. | Last Date for Submission of Bids online | 09-04-2025 up to 3:00 P.M. |
| 9. | Date of Opening of Pre-qualification & Technical Bid | 11-04-2025 at 3:30 P.M. |
| 10 | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |
| 10. | Cost of Tender Document | Rs. **10,000/-** (Rs. Ten Thousand only) online as per Jharkhand e-Procurement portal |
| 11. | Earnest Money Deposit (EMD) | **Rs. 20,00,000/-** (Twenty Lakh Only) online as per Jharkhand e-Procurement portal rule. |
| 12. | Validity of Proposal | The validity of the bid will be **two** years, and an order may be placed for items under the RFP as per requirements. |

- The online generated receipt of the Tender cost and EMD must be submitted with online bid documents.
- EMD amount will be refunded to bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid last hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.

Sd/-Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 348716 (Information Technology)24-25*D


## शांतिकुंज हरिद्वार से आये ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता


उपस्थित लोग।

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चल कर आये पवित्र ज्योति कलश रथ यात्रा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करते हुए मझिआंव होते मोरबे पंचायत मुख्यालय पहुंचा। जहां पर वरिष्ठ गायत्री परिजन सुदेश सिंह, सुरेश साव, शैलेन्द्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, ललन साव सहित अन्य कई गायत्री परिजनों द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया तथा पूजा अर्चना व आरती की गई। इसके पूर्व बूढ़ी खाड़ बजरंगबली मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सायं काल में मोरबे बाजार में शिव स्थान पर विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अशोक विश्वकर्मा द्वारा कर्मकाण्ड सम्पन्न कराया गया। जबकि शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योतिकलश के साथ आये राजकुमार जी एवं गायत्री परिवार के युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी द्वारा भजन गायन किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राजकुमार जी ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पूरे विश्व में एक अभियान चलाकर गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के मनुष्य में देवत्व का उदय कर युग परिवर्तन करने के संदेश को एवं गायत्री महामंत्र की महिमा के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि आने वाले समय में इस धरती पर ही स्वर्ग जैसा वातावरण बनाया जा सके। इस संबंध में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह ने बताया कि मझिआंव में ज्योति कलश सोमवार को आया है, और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए रात्रि में गायत्री शक्तिपीठ पर विश्राम होता है। उन्होंने बताया कि बुधवार को ज्योति कलश का रपूरा गांव में शिव मंदिर पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ज्योति कलश बरडीहा प्रखंड के लिए रवाना हो गया।

# लालू से पूछताछ

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को ईडी ने 19 मार्च को भूमि-के-लिए नौकरी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए तलब किया। 76 वर्षीय लालू प्रसाद को पटना में केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। उनके बयान धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किए जाएंगे। पिछले साल, ईडी ने इस मामले में एक आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसमें लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों के अलावा उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनकी बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव को भी आरोपी ठहराया गया था, इसके साथ ही कुछ अन्य लोगों को भी नामित किया गया था। पहले भी ईडी की ओर से लालू प्रसाद और उनके परिवार को पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है, लेकिन ईडी का कहना है कि अब कुछ नए सबूतों के आधार पर नए सिरे से पूछताछ की जाएगी।लैंड फॉर जॉब स्कैम केस पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में साल 2004-2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि उनके रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार वालों और सहयोगियों के नाम पर लैंड ट्रांसफर की गई थी, जिसके बदले उन्हें रेलवे में नौकरी दी गई थी। इस मामले में 18 मई 2022 को लालू प्रसाद व उनके परिवार वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू फैमिली समेत 14 आरोपियों को समन जारी किया है। आरोप यह भी है कि लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए जबलपुर के अलावा मुंबई, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर (बिहार) के रेलवे जोन में भी जमीन के बदले की लोगों को नौकरी दी थी। वैसे लालू प्रसाद को चारा घोटाले में सजा हो चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाई प्रोफाइल मामलों के लटकाने पर कड़ी टिप्पणी कर चुका है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# ट्रंप प्रशासन के टैरिफ संबंधी निर्णय का भारत पर प्रभाव



**अमेरिका** प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा। ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि टिट फोर टेट एवं रेसिप्रोकल आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रैल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुकसान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो।

डेयरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराइल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।



- प्रहलाद सबनानी

> **2014 यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है।**

अमेरिका द्वारा चीन, कनाडा एवं मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ के बढ़ाने के पश्चात इन देशों द्वारा भी अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगा दिए जाने के उपरांत अब विभिन्न देशों के बीच व्यापार युद्ध एक सच्चाई बनता जा रहा है। परंतु, क्या इसका असर भारत के विदेशी व्यापार पर भी पड़ने जा रहा है अथवा क्या कुछ ऐसे क्षेत्र भी ढूढ़े जा सकते हैं जिनमें भारत लाभप्रद स्थिति में आ सकता है। जैसे, अपैरल (सिले हुए कपड़े) एवं नान अपैरल टेक्सटायल का मेक्सिको से अमेरिका को निर्यात प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहता है और मेक्सिको का अमेरिका को निर्यात के मामले में 8वां स्थान है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद टेक्सटायल से सम्बंधित उत्पाद अमेरिका में महंगे होने लगेंगे अतः इन उत्पादों का आयात अब अन्य देशों से किया जाएगा। मेक्सिको अमेरिका को 250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कॉटन अपैरल का निर्यात करता है एवं 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नान कॉटन अपैरल का निर्यात करता है। कॉटन अपैरल के आयात के लिए अब अमेरिकी व्यापारी भारत की ओर देखने लगे हैं एवं इस संदर्भ में भारत के निर्यातकों के पास पूछताछ की मात्रा में वृद्धि देखी जा रही है। इन परिस्थितियों के बीच, टेक्सटायल उद्योग के साथ ही, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, इंजीयरिंग क्षेत्र एवं श्रम आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी भारत को लाभ हो सकता है।

यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है। यदि अमेरिका भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाता है तो इससे अधिक नुक्सान तो अमेरिकी नागरिकों को ही होने जा रहा है। भारत से आयात की जा रही सस्ती दवाएं अमेरिका में बहुत महंगी हो जाएंगी। इससे अंततः अमेरिकी नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है। अतः अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन के लिए टैरिफ को लम्बे समय तक बढ़ाते जाने की अपनी सीमाएं हैं।

अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र एवं सबसे बड़ा विकसित देश है और इस नाते अन्य देशों के प्रति अमेरिका की जवाबदारी भी है। टैरिफ बढ़ाए जाने के सम्बंध में एकतरफा कार्रवाई अमेरिका की अन्य देशों के साथ सौदेबाजी की क्षमता तो बढ़ा सकती है परंतु यह कूटनीति लम्बे समय तक काम नहीं आ सकती है। अमेरिकी नागरिकों के साथ-साथ अन्य देशों में भी असंतोष फैलेगा। कोई भी व्यापारी नहीं चाहता कि नीतियों में अस्थिरता बनी रहे। इसका सीधा सीधा असर विश्व के समस्त स्टॉक मार्केट पर विपरीत रूप से पड़ता हुआ दिखाई भी दे रहा है। यदि यह स्टॉक मार्केट के अतिरिक्त अन्य बाजारों एवं नागरिकों के बीच में भी फैला तो मंदी की सम्भावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिका के साथ साथ अन्य कई देश भी मंदी की चपेट में आए बिना नहीं रह पाएंगे। अर्थात, इस प्रकार की नीतियों से विश्व के कई देश विपरीत रूप में प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी टैरिफ के संदर्भ में इस बात पर एक बार पुनः विचार करना होगा कि विकसित देशों पर तो टैरिफ लगाया जा सकता है क्योंकि अमेरिका एवं इन विकसित देशों में परिस्थितियां लगभग समान है। परंतु विकासशील देशों जैसे भारत आदि में भिन्न परिस्थितियों के बीच तुलनात्मक रूप से अधिक परेशानियों का सामना करते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### अनुशासन जरूरी

**प्रयागराज** महाकुंभ में देश-विदेश के लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कुछ अप्रिय घटनाओं को छोड़कर यह महाकुंभ सफल रहा। प्रयागराज और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटनाएं प्रशासन की चूक और अनुशासन की कमी के कारण हुईं। सरकार ने कुंभ में सफल संयोजन किया, लेकिन भविष्य में प्रशासन को और चुस्त होना पड़ेगा। लोगों को अनुशासन बनाए रखने, रेलवे स्टेशन पर ज्यादा टिकट न बेचने, और सामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की जरूरत है। **रानी खूंटी**

### मिले-जुले का मेला

बड़े धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन को सफल बनाने में सरकारी व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं का अनुशासित व्यवहार भी आवश्यक है। आगंतुकों की संभावित संख्या का सटीक आकलन, कार्यशील मशीनरी की दक्षता, पर्याप्त बजट, कुशल निगरानी तंत्र और पार्किंग आदि के लिए समुचित स्थान होना चाहिए। **- रवि रांची**

## ट्वीट

**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में संपन्न हुए एकता के महायज्ञ 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' के स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' के साथ ही 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का आत्मीय संदेश पूरी दुनिया को दिया है।'आस्था' आजीविका का माध्यम हो सकती है, 'संस्कृति' राष्ट्र की समृद्धि का कारक बन सकती है। महाकुम्भ-2025, प्रयागराज के आयोजन से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!

**– योगी आदित्यनाथ**

# अब रुपये के चिह्न पर बिना कारण विवाद!

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

सामयिक

**द्रविड़** मुनेत्र कषगम। इसके दो और नाम हैं। एक-द्रमुक और दूसरा डीएमके। कुछ लोग इसे द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम भी कहते हैं। द्रमुक अब तक हिन्दी थोपने के विरोध में और तमिल भाषा की पहचान को बचाने के लिए मुखर रही है। अब उसने रुपये के चिह्न (?) को लेकर आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि इस चिह्न में भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से दक्षिण भारतीय पहचान को उचित स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय मुद्रा के चिह्न को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की आपत्ति क्या वाकई भाषा से जुड़ा विवाद है, या फिर यह सिर्फ. एक राजनीतिक रणनीति? हालांकि, इस चिह्न को डिजाइन करने वाले उदय कुमार धरणी (आईआईटी गुवाहाटी) का कहना था कि इसका डिजाइन देवनागरी ₹ और रोमन ₹ फ़र दोनों से प्रेरित है, ताकि भारतीय और वैश्विक पहचान का मिश्रण दिखाया जा सके। द्रविड़ मुनेत्र कषगम लंबे समय से हिन्दी थोपने के खिलाफ रही है। 1965 में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ तमिलनाडु में बड़े आंदोलन हुए थे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने पहले भी नीट, नई शिक्षा नीति और सरकारी नौकरियों में हिन्दी प्राथमिकता का विरोध किया है। अब रुपये के चिह्न को लेकर विवाद द्रमुक के उसी एजेंडे का विस्तार है।

द्रमुक का मानना है कि चिह्न देवनागरी लिपि के ₹ (रुपया) से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है, जबकि भारत की अन्य भाषाओं की उपेक्षा होती है। इस पार्टी और तमिलनाडु के कुछ अन्य संगठनों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी लिपि के ₹ से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है और अन्य भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से द्रविड़ भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम) को उपेक्षित किया गया है। उनका मानना है कि मुद्रा का चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भारतीय भाषाओं का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। दक्षिण भारतीय राज्यों में हिन्दी थोपने के खिलाफ पहले से ही एक मजबूत भावना मौजूद है और यह विवाद उसी का विस्तार माना जा सकता है।

द्रमुक और तमिलनाडु की अन्य पार्टियां हिन्दी थोपने के विरोध में कई बार आंदोलन कर चुकी हैं। द्रमुक की पूरी राजनीति ही तमिल पहचान और केंद्र के ₹हिंदी वर्चस्व₹ के खिलाफ विरोध के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यह मुद्दा 1960 के दशक में हिन्दी विरोधी आंदोलनों से शुरू हुआ था और अब तक जारी है। 2010 में जब ? चिह्न को अपनाया गया, तब भी यह बहस उठी थी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम का इस मुद्दे को फिर से उछालना एक राजनीतिक रणनीति हो सकती है, ताकि तमिल अस्मिता को लेकर अपनी स्थिति मजबूत की जा सके।

हालांकि द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कुछ आपत्तियां तर्कसंगत हो सकती हैं, लेकिन इसे पूरी तरह से भाषा का मुद्दा मानना भी सही नहीं होगा। द्रमुक केंद्र की नीतियों के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने और क्षेत्रीय राजनीति को धार देने के लिए ऐसे मुद्दों को उभारती है। यह विवाद तमिलनाडु की राजनीति में द्रविड़ मुनेत्र कषगम की पकड़ बनाए रखने और भाजपा के ₹हिन्दी-हिन्दू₹ एजेंडे का विरोध करने का एक तरीका भी हो सकता है। ? चिह्न किसी एक भाषा का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसे भारतीय संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। पहले से ही यह चिह्न पूरे देश में स्वीकार किया जा चुका है, इसलिए अब इसे बदलने की कोई व्यावहारिक जरूरत नहीं है। इस मुद्दे को उछालना एक सुनियोजित राजनीतिक रणनीति ज्यादा लगती है, बजाय किसी वास्तविक समस्या के।

द्रमुक इस मुद्दे को उछालकर केंद्र सरकार, खासकर भाजपा पर हिन्दी वर्चस्व थोपने का आरोप लगा रही है। इससे दक्षिण भारत बनाम उत्तर भारत का मुद्दा उभरता है, जिससे उसे तमिलनाडु में और समर्थन मिलता है। इससे विपक्षी गठबंधन को भी भाजपा के खिलाफ एक और हथियार मिलता है। तमिलनाडु जैसे राज्यों में क्षेत्रीय पहचान और भाषा का मुद्दा चुनाव में बहुत प्रभाव डालता है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम इसे 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए एक बड़े मुद्दे के रूप में भुना सकती है। वह अपने कोर वोटबेस को यह संदेश देना चाहती है कि वह तमिल पहचान और अधिकारों की रक्षा कर रही है। द्रमुक इस विवाद के जरिए दक्षिण भारत के अन्य राज्यों (केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना) में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर सकती है, क्योंकि इन राज्यों में भी हिन्दी थोपे जाने का विरोध रहता है। भारतीय मुद्रा का यह प्रतीक किसी एक भाषा तक सीमित नहीं है, लेकिन क्षेत्रीय दलों के लिए यह केंद्र विरोधी भावनाओं को भुनाने का एक अच्छा अवसर जरूर बन गया है।

# नियमित ग्रोथ संग सही योजना से सफलता

**एनके मुरलीधर**

मोटिवेशन

### कामयाबी की ओर कदमों का प्रतीक

किसी भी कार्यक्षेत्र में सफलता के लिए नियमित कैरियर ग्रोथ जरूरी है। यानी तरक्की की दिशा में लगातार सजग रहना व काम करने के ढंग को बेहतर बनाना। वहीं प्रमोशन हासिल करने के लिए व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ना जरूरी है। दरअसल कैरियर में ग्रोथ के लिए भी प्लानिंग चाहिये। परिस्थितियों और लक्ष्यों में भिन्नता के चलते व्यावहारिक योजना बनाना आवश्यक है।

कैरियर में ग्रोथ का मतलब सिर्फ वेतन वृद्धि ही नहीं होती बल्कि आपके व्यक्तिगत, सामाजिक और पेशेवर व्यक्तित्व का भी विकास होना है। यह विकास आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है व आत्मविश्वास बढ़ाता है, स्किल्स सीखने के लिए प्रेरित करता है और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाता है। कैरियर में ग्रोथ होने से सुविधाएं भी बढ़ती हैं और वित्तीय सुरक्षा भी मजबूत होती है। वित्तीय जरूरतों की पूर्ति कर भविष्य के लिए बचत भी कर सकते हैं। कैरियर ग्रोथ से संतुष्टि और पहचान का दायरा भी बढ़ता है। इसलिए कैरियर में लगातार यानी नियमित ग्रोथ होना बहुत जरूरी है।

लेकिन कैरियर ग्रोथ के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है। सजग रहना व काम करने के ढंग को निरंतर बेहतर बनाना होता है, फोकस रहना होता है, तब जाकर प्रमोशन यानी नई जिम्मेदारी हासिल होती है। जिस तरह से कोई भी लक्ष्य पाने के लिए प्लानिंग जरूरी है, उसी तरह से कैरियर में ग्रोथ के लिए भी प्लानिंग चाहिये। कैरियर ग्रोथ की प्लानिंग का कोई निश्चित या एक सटीक नियम नहीं होता। बस सफलता की दिशा में व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ना होता है। क्योंकि हर व्यक्ति की परिस्थितियां, उसकी जरूरतें और लक्ष्य अलग-अलग होते हैं, इसलिए कैरियर ग्रोथ की प्लानिंग में भी भिन्नता होती है। इसलिए एक फ्लैक्सिबल और व्यवहारिक प्लान होना जरूरी है। जानिये कैरियर में ग्रोथ के लिए सही प्लानिंग कैसे करें?

### अपना लक्ष्य तय करें

कैरियर में लक्ष्य कई तरह से तय होते हैं, सबसे पहले एक या दो साल के लिए शॉर्ट टर्म गोल तय करने चाहिए। इसमें नई स्किल सीखना, प्रमोशन पाना और जॉब बदलना जैसे लक्ष्य होने चाहिए। अगला लक्ष्य माध्यमिक स्तर का या मीडियम टर्म गोल होना चाहिए। यह तीन से पांच साल तक का होना चाहिए। इसमें मैनेजमेंट रोल में आना, अच्छी सैलरी पाना और बड़ी कंपनी हासिल करना शामिल होना चाहिए।

अंत में लांग टर्म गोल या दीर्घकालिक लक्ष्य पर फोकस करना जरूरी है। यह लक्ष्य कम से कम 10 साल का होना चाहिए। इसमें लीडरशिप पोजीशन हासिल करना, खुद का बिजनेस खड़ा करना, जिस इंडस्ट्री में कार्यरत हैं, उसमें एक्सपर्ट बनना आदि होने चाहिए।

### जरूरी स्किल्स और क्वालीफिकेशन

कैरियर में ग्रोथ के लिए जरूरी है कि हम अपने क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली सभी तरह की कुशलताओं में पारंगत हों और इसके लिए जिस तरह की शैक्षिक योग्यता की जरूरत हो, उसे हासिल करें। अपने कार्यक्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली सभी तरह की तकनीकों को बेहतर ढंग से जानने-सीखने की कोशिश करें। नौकरी करते हुए ही ऑनलाइन डिग्री या डिप्लोमा हासिल कर लें। नौकरी करते हुए ऑनलाइन स्किल्स बेहतर करने में जरूरी ट्रेनिंग या अभ्यास का मौका अपने काम में ही मिल जाता है। ऐसा करने से कंपनी का फायदा तो होता ही है, कंपनी मैनेजमेंट में माहौल भी बन जाता है।

### इंडस्ट्री के ट्रेंड्स पर नजर

हम जिस इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, वहां के लगातार हो रहे बदलावों पर हमारी नजर होनी जरूरी है।



**राजधानी रांची के धुर्वा डैम से पकड़ी गई ताजी मछलियों की बिक्री से पर्यटन के साथ पौष्टिक आहार की सुविधा भी प्राप्त हो जाती है।**

**तस्वीरः अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### झाकोमयू ने जीएम को दिया आवेदन



**कुजू।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह ने कुजू परियोजना के अंतर्गत केओसीपी क्षेत्र में लगी आग के दायरे में रह रहे 9 नंबर धौड़ा के 20 से 25 घरों के सदस्यों को दुर्घटना से बचाने को लेकर महाप्रबंधन को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि केओसीपी कुजू क्षेत्र में लगी आग के कारण 100 से 150 मीटर के दायरे में रह रहे 9 नंबर धौड़ा के ग्रामीण कभी आकास्मिक दुर्घटना के शिकार हो सकते है। साथ ही कभी भी जमीनदोज हो सकता है। उन्होंने महाप्रबंधक से जल्द से जल्द से धौड़ा वासियों को सुरक्षित स्थान में बासने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर इससे पहले भी मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पहल नहीं हुआ है। आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, सीसीएल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, रामगढ़ एसपी, झाकोमयू के जोनल अध्यक्ष, सचिव, कुजू ओपी को प्रेषित किया है।

### सुगिया में धूमधाम से मनेगा सरहुल

**कुजू।** क्षेत्र के सुगिया के सरना स्थल में सरहुल को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेमचंद मुंडा व संचालन बीरबल मुंडा ने किया। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी चार अप्रैल को सरहुल पर्व धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया। साथ ही उसके सफल संचालन के लिए कमिटि का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रेमचंद मुंडा को अध्यक्ष, पुनीत करमाली सचिव एवं बीरबल मुंडा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं 51 कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए जो सरहुल पूजा में अपना विशेष योगदान देंगे।

### गुरूद्वारा में शुरू हुआ अखंड पाठ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा गुरुद्वारा का भव्य नवनिर्माण होने के अवसर पर श्रीगुरू सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा में चल रहे चार दिवसीय समागम कार्यक्रम के दुसरे दिन बुधवार को श्री अखंड-पाठ साहिब का शुभारभ हुआ। इस अवसर पर गुरूद्वारा में गुरू ग्रंथ साहिब को आकर्षक फुलो और विद्युत सज्जा से सजाया गया। साथ ही गुरूद्वारा और मेनरोड में भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मौके पर गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु ने बताया कि श्री अखंड-पाठ के समापन के बाद 21 मार्च शुक्रवार को नवनिर्मित भव्य गुरूद्वारा का उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में परमजीत सिंह धामी, जीबु सिंह सैनी, प्रवीण शर्मा, जगतार सिंह, ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, इंद्रजीत छाबडा, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, जसपाल सिंह, रिंकु धामी, करण सिंह, मोनु सिंह, यशवंत सिंह, अंग्रेज सिंह, नवजोत सिंह, डब्लु सिंह, बलजीत सिंह, राजु मल्होत्रा, जसवीर कौर, अनिता कौर, राज कौर, संगीता कौर, जया कौर, जसमीत कौर, हरभजन कौर, रिंकी कौर, शीतल कौर, पुनम कौर, बबली कौर, राजरानी कौर सहित दर्जनो सिख समुदाय के महिला पुरूष जुटे हैं।

### लायंस क्लब ने बांटा शरबत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा गुरुद्वारा का भव्य नवनिर्माण होने के अवसर पर रिवर साइड गुरुद्वारा से श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा तक नगर-कीर्तन के साथ निकले गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी शोभायात्रा के दौरान लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा सबों को जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा उत्सव मैरिज हॉल के समीप लगभग 400 से 500 सेवादारों के बीच शरबत का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, माला शर्मा, विजय वर्णवाल, डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेनू जायसवाल, रेखा मंजुल, सरिता देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

### धनहारा में मजदूरों को मिला श्रमिक कार्ड



**कुजू।** महिला मजदूरों के बीच रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर एक अंतर्गत धनहारा सांडी में बुधवार को झारखंड भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड रांची के सौजन्य से श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। श्रमिक मित्र सुरेंद्र कुमार ने महिलाओं के बीच कार्ड दिया। मजदूरों के हित में सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना जैसे सेफ्टी कीट योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, साइकिल सहायता योजना, छात्रवृति सहायता योजना, प्रसूति सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, मृत्यु सहायता योजना, पेंशन योजना, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### विकास पुरूष हैं रोशन चौधरी : सोनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से मेन रोड भुरकुंडा गुरूद्वारा के समीप सड़क के किनारे जमे कचरे की साफ-सफाई की गई। इस दौरान जवाहर नगर के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सोनी व संजू यादव के देख-रेख में जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर से साफ-सफाई हुई। आजसू जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा कि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सही मायने में विकास पुरूष हैं। विधायक रोशन लाल चौधरी पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के प्रति दृढ़संकल्पि हैं। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि अपने घर सहित

# दनुआ घाटी : मौत की घाटी में तब्दील हुआ हाईवे

## कार व ट्रक के बीच टक्कर, दो युवकों की मौत

**शंकर यादव**

**चौपारण।** झारखंड का चौपारण प्रखंड, जहां से गुजरने वाली दनुआ घाटी अब एक खूबसूरत पहाड़ी मार्ग नहीं, बल्कि मौत की घाटी बन चुकी है। सड़क पर बिखरा खून, चीख-पुकार करते घायल और बेबस खड़े लोग... ये अब यहां का दुर्भाग्यपूर्ण सच बन चुका है। हर गुजरते दिन के साथ हादसों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन एनएचएआई और प्रशासन की घोर लापरवाही इसे रोकने के बजाय मौत का खेल बनने दे रही है। मंगलवार को एनएच-2 (जीटी रोड) पर एक और दर्दनाक हादसा हुआ। धनबाद से औरंगाबाद जा रही एक अर्टिगा कार और बिहार की ओर जा रहे एक ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई। इसी दौरान, बाराचट्टी की ओर जा रहे दो बाइक सवार युवक भी चपेट में आ गए। इस हादसे में राजपुर, चतरा निवासी आशिक कुमार (पिता-अशोक दांगी) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से



घायल हो गए। **घायलों की सूची:**तरन्नुम परवीन (पति- मो. रिजवान, धनबाद), मो. फरहद (पिता- मो. रिजवान, धनबाद),मो. असरफ (पिता - वसीम कुरैशी, धनबाद), सुनील यादव (पिता झ रामदास यादव, बोधगया) झ ट्रक चालक, जिनका पैर कट गया, अभिषेक कुमार (पिता -जागेश्वर, राजपुर, चतरा),मनशाद अंसारी (पिता -मुस्तफा, भदरिचक)। स्थानीय लोगों का कहना है कि दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। खराब सड़क डिजाइन, अव्यवस्थित ट्रैफिक और हाईवे पर सुरक्षा उपायों की कमी ने इसे मौत का जाल बना दिया है। लेकिन एनएचएआई और प्रशासन गहरी नींद में सोए हुए हैं। इलाके में सिर्फ एक सरकारी एंबुलेंस और एक एनएचएआई की एंबुलेंस है। एनएचएआई की एंबुलेंस सिर्फ घटनास्थल से सामुदायिक अस्पताल तक ही चलती है, जबकि सरकारी एंबुलेंस जरूरत के समय अक्सर नदारद रहती है। इस कारण गंभीर रूप से घायलों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता, जिससे कई की जान चली जाती है।

**थाना प्रभारी ने पेश की इंसानियत की मिसाल :** घटना के बाद जब एंबुलेंस नहीं पहुंची, तो चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने खुद अपनी गाड़ी से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौपारण पहुंचाया। उनकी इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और प्रशासन से मांग की कि दनुआ घाटी में जल्द से जल्द ट्रॉमा सेंटर और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं शुरू की जाएं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चौपारण में एक ट्रॉमा सेंटर खोलने की मांग की। उनका कहना है कि जब तक इस क्षेत्र में उचित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं दी जातीं और हाईवे पर सुरक्षा मानकों को नहीं सुधारा जाता, तब तक दुर्घटनाएं होती रहेंगी और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। एनएचएआई और प्रशासन आखिर कब तक इन हादसों को नजरअंदाज करता रहेगा? कब तक लोग इसी तरह अपनी जान गंवाते रहेंगे?

# बालू और कोयला तस्करी पर लगाम लगायें : डीसी

### अवैध मुहानों को जल्द करें बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध माइनिंग को पूरी तरीके से बंद करना है। पिछले कुछ दिनों में अवैध माइंस को ध्वस्त किया गया है, जो बेहद सराहनीय कार्य है। यह बातें बुधवार को समाहरणालय में आयोजित जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि जिले में बालू, पत्थर और कोयले की तस्करी पर पूरी तरीके से अंकुश लगाना है। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक की ओर से अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

अ उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएमओ ने डीसी और एसपी को जानकारी देते हुए कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत पैंकी एवं सिरका बालू घाट के संचालन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को बालू घाट के संचालन के लिए सीटीओ और सीटीई संबंधित आवेदन का निराकरण जल्द से जल्द करने एवं बालू घाट का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया।

### चुट्टूपाली घाटी में जल्द लगायें साइन बोर्ड

रामगढ़। जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में लगाई गई लाइटोकी जानकारी ली। उपायुक्त ने दुर्घटनाओं को रोकने हेतु साइन बोर्ड लगाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। एसपी अजय कुमार ने सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

### बरसोत में फिर कैश के साथ एटीएम चोरी



**बरही।** थाना क्षेत्र के बरसोत में चोरों ने एक बार फिर एसबीआई के एटीएम को निशाना बनाते हुए 6 लाख 17 हजार रुपये की चोरी कर ली। यह इस एटीएम में चोरी की तीसरी बड़ी वारदात है, लेकिन पुलिस अब तक अपराधियों तक नहीं पहुंच पाई है। मंगलवार देर रात, पुलिस गश्त के ठीक बाद, एक काले रंग की स्कॉर्पियो में आए चोरों ने कटर मशीन से एटीएम शटर का ताला काटा और अंदर घुस गए। चंद मिनटों में एटीएम के कैश बॉक्स को काटकर लाखों रुपये उड़ाकर फरार हो गए। पूरी घटना मकान मालिक मनोज प्रसाद के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। बरसोत में लगातार हो रही इन घटनाओं से लोग डरे हुए हैं और पुलिस की नाकामी पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# शांति समिति की बैठक करें थाना प्रभारी

### सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर एसपी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

रामगढ़। सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसपी अजय कुमार ने बुधवार को सभी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर उनके क्षेत्र की गतिविधि की जानकारी ली। साथ ही त्योहार को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया। साथ ही अफवाह फैलाने वालों और संदिग्ध व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि सभी थाना और ओपी प्रभारी सभी सम्प्रदायों के लोगों के साथ बैठक कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करें। सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ विधि-व्यवस्था बनाये रखने की अपील जारी करें। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों एवं अन्य स्थलों पर जाकर शांति समिति की बैठक करें। इसके अलावा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में थाना स्तर पर सभी समुदाय के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों एवं अखाड़ों के साथ बैठक करें। एसपी ने कहा कि जुलूस के रास्ते का सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पूर्व से चयनित रूट से ही जुलूस निकले। किसी भी जुलूस या अखाड़ों के द्वारा किसी भी नये रास्ते का प्रयोग नहीं किया जाए। सभी अखाडों के वॉलिंटियर्स का नाम और संपर्क सूत्र संधारित करना सुनिश्चित करें। पूर्व से चिह्नित असामाजिक तत्वों और सांप्रदायिक काण्डों में जेल से बाहर आये अभियुक्तों की वर्तमान गतिविधि का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार 126 बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी डीजे मालिकों को लाउडस्पीकर एक्ट एवं आपत्तिजनक, अश्लील गाना न बजाने के संबंध में नोटिस निर्गत करें।



पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एसपी

# कुजू रेलवे साइडिंग से उड़ते धूल से ग्रामीण परेशान

### ग्रामीणों को सांस लेने में हो रही है दिक्कत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** कुजू जैसे घनी आबादी क्षेत्र में दो साइडिंग चल रहा है। पहला कुजू रेलवे साइडिंग तथा दूसरा सीसीएल कुजू रेलवे साइडिंग है। साइडिंग के खुलने से लोगों में रोजगार की आस जगी थी। लेकिन दोनों ही साइडिंग से लोगों को सिर्फ प्रदूषणयुक्त धूल खाने को मिल रहा है। कुजू रेलवे साइडिंग में रोजाना कोयला व आयनओर का रैक लोडिंग व अनलोडिंग होता है। जिससे काफी मात्रा में प्रदूषण होता है। वहीं सीसीएल साइडिंग में भी रोजाना कोयला का रैक लोडिंग होता है। दोनों ही साइडिंग से प्रतिदिन लगभग 4 से 5 हजार टन कोयला लोड व अनलोड होता है। कुजू रेलवे साइडिंग में सीसीएल कुजू क्षेत्र के अलावे गिद्दी सी, घाटो, रेलीगढ़ा, उरीमारी, न्यू बिरसा, ओल्ड बिरसा, अमरपाली, पाथाडीह, कठारा, पिपरवार, तापिन नॉर्थ, साउथ आदि कोलियरियों से रोजाना डंपर,



हाइवा व ट्रकों के माध्यम से कुजू रेलवे साइडिंग में कोयला गिराया जाता है। साथ ही रैक के माध्यम से आयरनओर साइडिंग में गिराया जाता है जो स्थानीय पावर प्लांट में भेजा जाता है। कुजू रेलवे साइडिंग का कार्य से हो रहे प्रदूषण से त्रस्त ग्रामीणों का कहना है कि जब से कुजू रेलवे साइडिंग खुला है, तब से प्रदूषण के कारण जीना मुश्किल हो गया है। प्रदूषण रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए जाने से हमलोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां के विस्थापित व प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे साइडिंग में विस्थापितों को 80 एकड़ से अधिक जमीन रेलवे ने अधिग्रहण किया है। बाकी बचा हुआ भूमि भी प्रदूषण के कारण खेती योग्य नहीं रहा। फलस्वरूप सारा जमीन बेकार हो गया है। इसके अलावे आस-पास के आबादी वाले क्षेत्र भी आयरनओर व कोयले के धूल कण से प्रदूषित हो रहा है।

### ठेकेदार पानी छिड़काव किये बिना ही करते है लोडिंग व अनलोडिंग

ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। वहीं रैक लोडिंग व अनलोडिंग के क्रम में ध्वनि प्रदूषण भी काफी मात्रा में होता है। जिससे लोगों को रात्रि में सोने में काफी परेशानी होती है। आयरनओर व कोयला के उड़ते धूल के कारण पास के तालाब व कुंओं के पानी में प्रदूषण की मोटी परत जम गयी है। कुजू रेलवे साइडिंग में रोजाना रैक लोडिंग व अनलोडिंग से काफी मात्रा में प्रदूषण हो रहा है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है रैक ठेकेदार द्वारा पानी के छिड़काव किये बिना ही रैक लोडिंग व अनलोडिंग कर रहे है, जिससे काफी मात्रा में कोयला व आयरनओर का धूल उड़ रहा है। वही घर के छत में धूल की मोटी परत जम जाती है, साथ ही कपड़ो पर धूल जम जा रहा है।

## एक नजर में

### डीलर घर-घर जाकर करेंगे ई-केवाईसी



**दारु।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग की बैठक बुधवार को हुयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रसीद ने की। बैठक में प्रखंड के डीलर और लाभुक शामिल हुए। बीडीओ और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि सभी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए 31 मार्च अंतिम तिथि तय की गई है। 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके दौरान डीलर एक फॉर्म लेकर घर-घर जाएंगे और छूटे हुए लोगों का ई-केवाईसी करेंगे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिन लाभुकों के नाम, आधार कार्ड या मोबाइल नंबर में त्रुटि है, वे प्रखंड मुख्यालय आकर सही करवा सकते हैं। बैठक में बड़ा बाबू नीलम कुमारी, आशीष चौरसिया, डीलर रामप्रकाश वर्मा, मो. इरशाद, राजेंद्र राम, बनेश्वर कुशवाहा, मो. टिंकू, मोहन कुशवाहा, धनपत कुशवाहा, रघु महतो, त्रिभुवन प्रसाद, सीताराम प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

### डीलरों को समय पर राशन वितरण का निर्देश

**बरही।** प्रखंड कार्यालय सभागार में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ जयपाल महतो, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव सहित प्रखंड के राशन डीलरों ने भाग लिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 2016 और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना 2021 की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे नमक, चीनी, हरा राशन कार्ड, दाल और सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना की जानकारी दी। डीलरों को निर्देश दिया गया कि वे योग्य लाभुकों को समय पर राशन वितरित करें और ई-केवाईसी को अनिवार्य रूप से पूरा करें। साथ ही, डीलरों को यह भी कहा गया कि वे उन कार्डधारियों की सूची बनाएं, जो राशन के लिए पात्र नहीं हैं।अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अयोग्य लाभुकों को अपना राशन कार्ड स्वेच्छा से सरेंडर कर देना चाहिए, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष डोमन पांडे, सचिव केदार यादव, बीरेंद्र कुमार, मो. इरफान रजा, अर्जुन राम, गणेश साहू, दिलावर हुसैन सहित कई लोग मौजूद थे।

### बरही में केवाईसी-एनपीसीआई शिविर 24 से

**बरही।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 24 से 29 मार्च तक केवाईसी, एनपीसीआई और आधार लिंकिंग से संबंधित छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगेगा। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि कई सरकारी योजनाओं, जैसे मनरेगा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, किसान सम्मान योजना, आदि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से होता है। लेकिन कई लाभुकों के बैंक खातों में केवाईसी और एनपीसीआई मैपिंग नहीं होने के कारण भुगतान में समस्याएं आ रही हैं। बीडीओ ने सभी बैंकों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि वे 21 मार्च तक अपने प्रतिनिधियों के नाम भेजें और शिविर में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। शिविर में बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाने और लाभुकों को उचित मार्गदर्शन देने पर जोर दिया जाएगा।

### हुटवा नदी पर पुल बनाये सरकार :मनोज यादव

बरही। बरही के दर्जनों गांव बरसात के दिनों में मुख्य मार्ग से कट जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। खासकर छात्रों और कामकाजी लोगों को वैकल्पिक और लंबा रास्ता अपनाना पड़ता है। इस समस्या को विधानसभा में उठाते हुए विधायक मनोज यादव ने ग्रामीण विकास मंत्री से पुल निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि लठिया और हुटवा को जोड़ने वाली हुटवा नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने बरसोत स्थित पार नदी पर भी पुल बनाने की आवश्यकता जताई, जिससे कई गांवों की दूरी जीटी रोड से कम हो जाएगी। पार नदी पर पुल बनने से लखना, दुलमाहा, विजैया, ओरपरता, डपोक समेत कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीण विकास मंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विभागीय नीति और वित्तीय संसाधनों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### विस्थापित के लिए बने स्कूल व अस्पताल

**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा में विस्थापितों के लिए बनी सुविधाओं को बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी द्वारा आरएनआर कॉलोनी, ढेंगा बड़कागांव में तीन मिडिल स्कूल, एक प्ले स्कूल और एक अस्पताल बनाया गया था, लेकिन इनका सही उपयोग नहीं हो रहा है। अस्पताल को सीआईएसएफ का कार्यालय बना दिया गया है, और स्कूलों को आवासीय क्वार्टर में बदल दिया गया है। विधायक ने बताया कि विस्थापित परिवारों को आवंटित 2700 क्वार्टरों में से केवल 200 क्वार्टर ही दिए गए हैं, जबकि बाकी एनटीपीसी कर्मचारियों के कब्जे में हैं। यह विस्थापन एवं पुनर्वास नीति का खुला उल्लंघन है। विधानसभा में मांग उठाते हुए विधायक ने कहा कि स्कूल और अस्पताल को विस्थापितों के लिए फिर से शुरू किया जाए। इसके अलावा, सभी प्रभावित परिवारों को आरएनआर कॉलोनी में उनके हक के क्वार्टर दिए जाएं। उन्होंने सरकार से एनटीपीसी को विस्थापितों की मूलभूत सुविधाएं बहाल करने का निर्देश देने की मांग की।

### चौपारण में आधार सेवा ठप, जनता परेशान

**चौपारण।** प्रखंड में आधार कार्ड सेवाएं ठप होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 275 से अधिक गांव और 26 पंचायतों में नया आधार कार्ड बनवाने और पुराने कार्ड में सुधार कराने का काम महीनों से बंद पड़ा है। इसकी वजह से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, राशन कार्ड बनवाने, स्कूल नामांकन और बैंकिंग सेवाओं में परेशानी हो रही है।चौपारण प्रखंड में आधार कार्ड सेवाओं के लिए सिर्फ प्रखंड परिसर में एक केंद्र है, लेकिन वह भी अक्सर बंद रहता है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण कई बार निराश होकर लौट जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अधिक आधार केंद्र खोलने की अपील की ताकि सभी को समय पर सुविधा मिल सके। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मधुलता की मौत की हो जांच : अशोक पांडे



टाटीझरिया। दीभा मोहल्ले की मधुलता देवी की संदिग्ध मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश के पदाधिकारीगण मंगलवार को ग्राम झरपों, टाटीझरिया पहुंचे और मृतका के परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। मधुलता के पिता अशोक पांडे ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 10 जुलाई 2024 को चतरा निवासी राजेश शर्मा से कराई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। इस पर पंचायत भी हुई, जिसमें ससुरालवालों ने मधुलता को अच्छे से रखने का लिखित आश्वासन दिया था। लेकिन 16 मार्च 2025 को उन्हें खबर मिली कि बेटी की तबीयत खराब है। जब वे चतरा पहुंचे, तो देखा कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी थी। संगठन के पदाधिकारियों ने ऐलान किया कि जल्द ही चतरा पुलिस अधीक्षक से मिलकर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।


# 57 हजार लूट मामले में एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया झुमरीतिलैया शाखा से एक वृद्ध व्यक्ति द्वारा 23 जनवरी 2025 को बैंक से पचास हजार रुपया निकालकर सीढ़ी से उतरने के क्रम में कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुछ नशीला पदार्थ सूंघाकर कुल 57 हजार रुपया लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 27/25 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। उक्त कांड में एसपी अनुदीप सिंह द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा मिली सूचना एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर कांड में संलिप्त अपराधकर्मी को बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के ब्रह्मपुरा थानान्तर्गत इमली चट्टी, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप अशोका होटल से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अपराधकर्मी से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि उसके साथ और भी व्यक्ति कांड में शामिल थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापामारी की जा रही थी। वहीं 18 मार्च 2025 को मिली गुप्त सूचना एवं तकनिकी साक्षय के आधार पर बिहार राज्य के भागलपुर के मोमाहिदपुर थानान्तर्गत ग्राम कलबगेम मिरजानहाट स्थित अभियुक्त 29 वर्षीय छोटू कुमार यादव कलबगेम मिरजानहाट थाना मोमाहिदपुर जिला भागलपुर (बिहार) को घर से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना में विधिवत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुनि.सह प्रभारी विनय कुमार, पुअनि. कृष्णकान्त यादव व सशस्त्र बल, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

## इकॉम एक्सप्रेस कूरियर ऑफिस में हथियार के बल लूट मामले में एक गिरफ्तार




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थानान्तर्गत देवी मण्डप रोड स्थित इकॉम एक्सप्रेस कूरियर ऑफिस में कुछ अपराधकर्मियों द्वारा 6 दिसम्बर 2023 को हथियार दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 284/23 धारा के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। उक्त कांड में एसपी अनुदीप सिंह द्वारा पुनि. सह प्रभारी तिलैया थाना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई की गई थी, जिसमें कुछ अपराधकर्मियों को कोडरमा पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया था एवं इस कांड में फरार अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी की जा रही थी। इस दौरान मिली गुप्त सूचना एवं तकनिकी साक्ष्य के माध्यम से 18 मार्च 2025 की रात्रि में गिरिडीह से एक अभियुक्त 25 वर्षीय अभिषेक शर्मा पिता स्व. बिनोद शर्मा चचधरा थाना जमुआ जिला गिरिडीह निवासी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में तिलैया थाना में विधिवत्त अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुनि. सह प्रभारी विनय कुमार, पुअनि. कृष्णकान्त यादव व सशस्त्र बल तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

# खबर का असर : एक सप्ताह के अंदर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति एक्टिव

- कौलेश्वरी मंदिर परिसर के तालाब का साफ-सफाई कार्य शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड स्थित विश्व विख्यात मां कौलेश्वरी मन्दिर के तालाब की साफ-सफाई का कार्य तेजी से शुरू किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कौलेश्वरी मंदिर परिसर के इर्द गिर्द और तालाब में गंदगी का अंबार की खबर 12 मार्च को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्रमुखता से उठाई गई थी, जिसके बाद जिला प्रशासन और प्रबंधन समिति सदस्यों की नींद खुली। एक सप्ताह के अंदर बुधवार से साफ - सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि कौलेश्वरी मंदिर सनातन, बौद्ध और जैन तीनों धर्मों का संगम स्थल है। यह स्थल झारखंड-बिहार के अलावा दूर-दराज विदेशों तक प्रसिद्ध है। लगभग 1750 फीट ऊंची पर्वत पर मां कौलेश्वरी विराजमान हैं। यहां हर साल चीन, नेपाल, भूटान, श्रीलंका जैसे तमाम देशों से काफी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और मां कौलेश्वरी की पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं इस पर्वत का प्राकृतिक सौन्दर्य सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लेता है। मुंडन संस्कार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा लाखों रुपये के राजस्व वसूली की जाती है। वहीं खास कर रामनवमी के अवसर पर खास मेला लगता है। मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं का मजमा लगा रहता है। तालाब में गंदगी और काई से पट गया था। तालाब में पानी तो था, लेकिन उसके ऊपर छाई हुई काई की वजह से श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी हो रही थी। वहीं तालाब में दूषित पानी की वजह से संक्रामक बीमारियों का भी फैलने का खतरा बना हुआ था। तालाब का धीरे-धीरे अस्तित्व खत्म होने के कगार पर था। इधर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति ने तत्परता दिखाते हुए साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया है।

## नगर पंचायत डोमचांच से वार्ड 5 को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना



**कोडरमा।** डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र से वार्ड संख्या 5 को बाहर करने की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में लेंगरापीपर, शिवसागर और बेलाटांड़ को शामिल कर दिया गया है और इन तीनों गांवों को मिलाकर वार्ड 5 बनाया गया है, जबकि तीनों गांव आज भी भौगोलिक रूप से जंगल है। आने जाने का कोई सुविधा नहीं है। यहां के लोग काफी गरीब हैं। इन तीनों गांवों को गलत तरीके से शहरी क्षेत्र में शामिल किया गया। मौके पर जेएमएम नेता रविन्द्र शांडिल्य, भागवत खटीक, सरोज मेहता, मुन्ना मेहता, गिरधारी यादव, लालजीत पंडित, रविन्द्र मेहता, लीलावती मेहता, पवन मेहता आदि मौजूद थे।

## नगर पंचायत के ट्रेड लाइसेंस से संबंधित औचक निरीक्षण में तीन प्रतिष्ठान सील

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस को लेकर बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान ताज ड्रेसेस, रामजानकी एडवांस डेंटल केअर, हलचल स्टोर व सुरेश चाय, प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस पाया गया तथा अकाश मेडिको, चौधारी रेस्ट हाउस, विजन एलईडी लाईट के द्वारा व्यापार अनुज्ञप्ती (ट्रेड लाइसेंस) से सबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किया जा सका। उक्त के आलोक में सबंधित प्रतिष्ठान को कारण पृच्छा नोटिस निर्गत करते हुए सील कर दिया गया। वहीं चौधरी रेस्ट हाउस के प्रोपराइटर के द्वारा बकाये होल्डिंग का भुगतान किया गया, जिसे कार्यपालक पदाधिकारी के आदेशानुसार चालू किया गया। विदित हो कि आगे भी नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा औचक निरिक्षण अभियान चलाया जाएगा। औचक निरीक्षण अभियान में राजस्व शाखा के नगर प्रबंधक निखिल किरण, राजस्व निरिक्षक नवीन कुमार देव, संजय कुमार, सदानंद कुमार, टैक्स कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार, किशान महतो, निरज राज शामिल थे।

## जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला सतगावां के सफल क्रियान्वयन एवं विपत्र पारित करने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला सतगावां के सफल क्रियान्वयन एवं विपत्र पारित करने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार–विमर्श कर सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद बर्णवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीक प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय आदि मौजूद थे।

## नौवा माइल घाटी में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नौवा माइल घाटी में बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे पपीता लोड एक ट्रक संख्या एपी16टीजी–3819 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में ट्रक चालक दरभंगा निवासी मो.नियाज मामूली रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची, जहां एम्बुलेंस के स्वास्थ्य कर्मी घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक आंध्र प्रदेश से पपीता लेकर पटना बिहार जा रहा था। इसी दौरान नौवा माइल घाटी में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में एक कार ट्रक के चपेट में आते आते बची।

## अलग अलग इलाकों में 25 से 30 जंगली हाथियों का झुंड मचा रहे उत्पात, ग्रामीणों में दहशत

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में 25 से 30 जंगली हाथियों का झुंड प्रवेश कर गये और खेतों में लगी गेहूं, प्याज की फसल को रौंदते हुए उत्पात मचाना शुरू कर दिये हैं। वहीं सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जयनगर के केंदुयाटांड से हाथियों का झुंड को बराकर नदी के पार खदेड़ दिया, मगर वन विभाग के कर्मचारी हाथियों को बाहर कर जैसे ही वापस लौटे उसके कुछ घंटों बाद हाथियों का झुंड फिर वापस लौट आया और जयनगर के रूपायडीह, मतौनी, नईटांड़ और नावाडीह में उत्पात मचाना शुरू कर दिया। झुंड में हाथियों की संख्या ज्यादा होने से लोग दहशत में हैं। वन विभाग के द्वारा हाथियों को इलाके से बाहर खदेड़ने के लिए एक्सपर्ट बुलाने की तैयारी की जा रही है ताकि रात में हाथियों को ग्रामीण क्षेत्र से बाहर जंगल की ओर खदेड़ा जा सके। बता दें कि इससे पूर्व भी हाथियों के झुंड ने 2020 में मरकच्चो के बेरहवा जंगल में काफी उत्पात मचाया था। उस समय हाथियों के झुंड ने मरकच्चो के भगवतीडीह, कुम्हारटोली व नादकरी गांव में जमकर उत्पात मचाया था और लोगों के खेतों में लगे फसलों को नष्ट किया था। अभी एक हफ्ते पहले भी मरकच्चो प्रखंड के कई गांवों में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया हैं।

## विधायक ने की ग्रामीणों संग बैठक, समस्याओं से हुए रूबरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में विधायक अमित कुमार यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना, मनरेगा योजना में धांधली का आरोप लगाया। वहीं अंचल संबंधित दर्जनों शिकायत दर्ज की गयी। वहीं घरौंजा पंचायत अंतर्गत ग्राम मसुवा के ग्रामीणों ने बताया कि कल्याण विभाग के द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी योजना पारित की गयी है। जिसको मुखिया के देवर द्वारा ग्राम सभा होने के बावजूद भी रजिस्टर में छेड़छाड़ की गयी। वहीं बीडीओ गौतम कुमार ने बताया कि पर्यवेक्षक के नेतृत्व में पुनः ग्राम सभा की जायेगी।

विधायक ने सीओ सारांश जैन को बताया कि ऑनलाइन में छोटी-मोटी गलतियों को दरकिनार करते हुए मोटेशन रद्द नहीं करें। उन्होंने कुसुम योजना अंतर्गत जो किसान सोलर लगवाना चाहते हैं वह प्रज्ञा केंद्र से रजिस्ट्रेशन करा लें।

वहीं ग्रामीणों ने नावाडीह में हाथियों के द्वारा फसल बर्बाद किया गया है, जिसको लेकर विधायक ने ग्रामीणों से सीओ को आवेदन देने के पश्चात फॉरेस्ट विभाग को आवेदन देने को कहा। वहीं उन्होंने कहा फॉरेस्ट विभाग के द्वारा मुआवजा जल्द दिया जायेगा। विधायक ने बीडीओ और बीपीओ को मनरेगा योजना में तेजी लाने और प्रधानमंत्री आवास, पेंशन आदि योजनाओं के जल्द से जल्द संपादित करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ विकास कुमार, रामजी यादव, गिरधारी प्रसाद, आलोक शर्मा, सुभाष कुमार, मुस्ताक खान, हिरामन मिस्त्री, विजय राणा, विजय यादव, मनोज चौधरी, राजेंद्र सिंह, सुनील सिंह, दीपक बर्णवाल, सरजू शर्मा, विनोद गुप्ता, राजू साव, राम लखन यादव, कैलाश लाल बर्णवाल, राजेन्द्र राम, त्रिभुवन राम, एनाम खान, अभय सिंह सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## दो अलग-अलग स्थानों पर एटीएम काटकर 16 लाख रुपये की चोरी, कोई सुराग नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चंदवारा (कोडरमा)।** अपराधियों ने एक ही रात में दो अलग-अलग स्थानों पर एटीएम मशीनों को काटकर करीब 16 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पहला मामला कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के थाम का है, जहां मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एसबीआई एटीएम मशीन को गैस कटर से काटकर 9 लाख 99 हजार 500 रुपये की चोरी की। वहीं बताया जा रहा है कि चोरी रात के लगभग 1 बजे हुई है। वहीं दूसरी घटना बरही के बरसोत इलाके में हुई, जहां चोरों ने पहले एटीएम का शटर तोड़ा और फिर गैस कटर से लॉक काटकर 6 लाख 17 हजार रुपये चुरा लिए। वहीं मामले को लेकर पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। हालांकि अब तक अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे सभी संभावित सुरागों पर काम कर रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की उम्मीद है। दोनों जगहों की पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से इस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है।

## लावारिश हालत में टोटो बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरडीहा पंचायत के ग्राम खरखरो–चिगलाबर पुल के समीप पुलिस ने लावारिस हालत में टोटो बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण सुबह उक्त टोटो को लावारिस हालत में चिगलाबर पुल के समीप देखा, जिसके बाद ग्रामीणों ने कोडरमा पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस टोटो मालिक के खोजबीन में जुट गई है। वहीं टोटो को अपने कब्जे में ले लिया है। खबर लिखे जाने तक टोटो मालिक का पता नहीं चल पाया है।

## अभ्रक क्षेत्र के बच्चों के लिए कैरियर काउंसिलिंग परामर्श कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में चाइल्ड लेबर फ्री माइका, बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम के द्वारा अभ्रक क्षेत्र के गांवों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पेशे के चुनाव में मार्गर्शन के लिए कैरियर काउंसिलिंग परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों जैसे कि झारखंड प्रशासनिक सेवा के सफल अभ्यर्थी और प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, संरक्षण पदाधिकारी अर्चना ज्वाला, बाल कल्याण समिति सदस्य अनिल कुमार, उत्कृमित मध्य विद्यालय में लेक्चरर अशोक कुमार ने बतौर प्रशिक्षक बच्चों को मार्गदर्शित किया। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित युवाओं, छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। वहीं उन्होंने परामर्श कार्यशाला में शामिल युवक-युवतियों से कहा कि आप अपने जीवन में जो कुछ बनना चाहते हैं उस लक्ष्य का निर्धारण करें और अभी से ही इसके लिए तैयारी में जुट जायं। वहीं उन्होंने आज की तकनीकी व्यवस्था का सकारात्मक उपयोग शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में करने की सलाह दिया। उन्होंने युवक-युवतियों के भविष्य से जुड़े उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए जिससे उन्हें उनके भविष्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

वहीं संरक्षण पदाधिकारी अर्चना ज्वाला ने पुलिस की सेवा में जाने के लिए इच्छुक बच्चों खासकर लड़कियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रतियोगिता की तैयारी करने के टिप्स बताये। वहीं बाल कल्याण समिति सदस्य अनिल कुमार ने रेलवे सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं और उसकी तैयारी कैसे सही दिशा में करना है के बारे में बताया विस्तार से बताया। वहीं प्रशिक्षक के रुप में शामिल शिक्षक अशोक कुमार ने बच्चों को आगाह करते हुए कहा कि सोशल मिडिया पर ज्यादा वक्त बिताने की बजाय आप बच्चों को अपनी अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

वहीं चाइल्ड लेबर फ्री माइका के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि इस परामर्श कार्यशाला का उद्देश्य युवक-युवतियों को बेहतर भविष्य निर्माण में उन्हें मार्गदर्शन करना है। वहीं परामर्श कार्यशाला का संचालन सुबोध कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन मो. आरिफ अंसारी ने किया।

## खबर एक नजर में

### जस्टिस ऑन व्हील गठित टीम ने किया जागरुकता शिविर का आयोजन



**हंटरगंज/चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के शम्भू लाल साव के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तारकेश्वर दास के निर्देश अनुसार बुधवार को चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता जस्टिस ऑन व्हील अंतर्गत गठित टीम द्वारा सिमरिया चौक एवं सिमरिया गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में प्रखण्ड क्षेत्र से आए उपस्थित ग्रामीण व महिला, पुरुष एवं विद्यार्थियों को डीएलएसए चतरा द्वारा प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क विधिक सेवाओं एवं महिला अनाथ बच्चों एवं वृद्ध व्यक्तियों इत्यादि को प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए कानून से संबंधित पंपलेट एवं बुक का वितरण किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित अधिकार मित्र संदीप कुमार गुप्ता, विवेक रंजन, सरयू यादव, अजय कुमार, अक्षय कुमार, गुड़िया कुमारी, मनीष कुमार, मिथलेश प्रसाद बिहारी प्रसाद आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को पंचायत समिति सदस्य क्रियान्वयन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कागजाती कोलम पूरा किए गए। पुरानी योजनाओं का भुगतान करने की बातें की गईं। तो वहीं 2025–26 में 15वें वित्त योजना के तहत नई योजना का चयन किया गया। जिसमें तीन नई योजनाओं की प्रशासनिक सुकृति दी गई। जिसमें नाली, पीसीसी और एक कुआं है। वहीं पुरानी 13 योजनाओं का भुगतान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कई मुद्दे उठाये गये परंतु किसी का समाधान अब तक नहीं देखने को मिला है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने 2025–26 में 15वें वित्त आयोग से प्रखंड के सभी प्लस टू विद्यालय में सेनेटरी पैड लगाने की प्रस्ताव पारित की गई है। बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख प्रीतम यादव पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, प्रियांशु कुमारी, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया गया सरना स्थापना दिवस



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सिंदूरबे गांव में बुधवार को सरना धर्मावलंबियों ने चौथा स्थापना दिवस सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर विधिवत पूजा–अर्चना और प्रवचन किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश लिंडा और विशिष्ट अतिथि नीरज मुंडा सहित कई जिलों के धर्मगुरु शामिल हुए। सरना अनुयायियों ने गांव के डाड़ी से कलश यात्रा निकाली और झंडोत्तोलन किया। इसके बाद अतिथियों ने प्रवचन दिया। इस दौरान सरना समाज के युवक–युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में रामदेव उरांव, संदीप उरांव, बबन तिग्गा, सोमरा उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा सिंदूरबे के अध्यक्ष बसंती मुंडा, सचिव किशुन उरांव और कोषाध्यक्ष मोसो उरांव सहित बड़ी संख्या में सरना समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपी को भेजा गया जेल

**टंडवा (चतरा)।** पुलिस ने दो दिन पहले उड़सू मोड़ से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के निर्देश पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने तेलियाडीह निवासी टेकाधर साहू पिता स्व. चमन साव को ढाई ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 47/25 के तहत धारा 47 (सी), 22 (बी), 27 (ए), 28/29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में बाबूलाल टोप्पो सहित थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### उग्रवादी हिंसा में मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा लाभ देने पर हुई समिति की बैठक



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर लाभ देने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान समिति के समक्ष कुल 8 मामले प्रस्तुत किए गए, जिन पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सिविल सर्जन चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी (सिमरिया) सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी (चतरा) जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### जीएस.पब्लिक स्कूल में बच्चों का वार्षिक परिणाम घोषित




डोमचांच (कोडरमा)। जीएस.पब्लिक स्कूल में सोमवार को सत्र 2024–25 का वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई, जिसमें बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में आकर शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ बच्चों के बेहतर प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई, साथ ही सभी बच्चों को अंक प्रमाण–पत्र दिया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। शत–प्रतिशत बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ अपने–अपने वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने अभिवावक व विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने उतीर्ण सभी बच्चों को अपने आशीर्वचन देते हुए ढेरों बधाई दी, साथ ही अभिवावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे अगर निम्न अंक लाये तो उन्हें प्रेम पूर्वक समझाते हुए पढ़ाई के प्रति प्रेरित करें। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे की क्लास में और अच्छे प्रदर्शन करने की बात कही। वहीं उप–निदेशक नीरज सिंह ने भी सभी बच्चों को बधाई देते हुए पढ़ाई में और मन लगाने की बात कही। वहीं प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए आने वाले नए सत्र में सभी का स्वागत किया।

# दो महीने के अंदर बने गार्ड वाल के टूटने पर एनएचएआई के अभियंताओं की कार्य प्रणाली पर आरके बसंत ने खड़ा किये सवाल

- केंद्रीय मंत्री, चेयरमैन राष्ट्रीय राजमार्ग, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, उपायुक्त को अवगत कराते हुए अविलंब पूर्ण समाधान की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आर के बसंत ने कोडरमा मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित लठबहिया नाला पर बने पुलिया के दोनों छोर पर 2 महीने के अंदर बने गार्ड वाल के टूट जाने पर एनएचएआई के अभियंताओं की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा किया है। कोडरमा घाटी से बिहार जाने वाली सड़क के घुमावदार रहने के कारण सामने से आती गाड़ियां नजर नहीं आतीं, साथ ही नौवां माइल पर काफी ढलान एवं तीखा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटना में जान माल की क्षति होती रहती है।

यही हाल जेजे कॉलेज के निकट फोरलेन समाप्त हो जाने के बाद सड़क की चौड़ाई सीमित हो जाती है और लगातार फोरलेन से आती गाड़ियों के चालक जब तक समझ पाते तब तक हादसा हो जाता है। दुर्घटना से बचाव के लिए ब्रेकर बनाया गया है पर इसकी पहचान तक नहीं है। वहीं उन्होंने कहा राज्य सरकार से लेकर स्थानीय विधायक एवं सांसद की अनदेखी का परिणाम है। झारखंड बॉर्डर तक फोरलेन का न बनना, जिसकी उपज है लगातार दुर्घटना में जान माल की क्षति, दुर्भाग्यवश कोडरमा में ट्रामा सेंटर तक नहीं और सदर अस्पताल रेफर अस्पताल की भूमिका में रहता है।

वहीं बसंत ने इस प्रकरण से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, चेयरमैन राष्ट्रीय राजमार्ग, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के साथ ही उपायुक्त को अवगत कराते हुए अविलंब पूर्ण समाधान की मांग की है।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक एंटी-वेनम स्टॉक सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश, अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारों की समस्या को दूर करने के लिए टोकन सिस्टम लागू पर दिया गया जोर

# डीलर समय पर लाभुकों को अनाज नहीं देतें हैं तो लाइसेंस निरस्त करें: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा से की गई। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करें। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आधार कार्ड मिसमैच की समस्या पर उपायुक्त ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस समस्या का त्वरित समाधान किया जाए और सभी छूटे हुए पात्र नागरिकों का अविलंब आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। सर्पदंश (स्नेक बाइट) के मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सिविल सर्जन गुमला ने कहा कि यदि मरीज को 3-4 घंटे के भीतर उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। जिसपर उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक एंटी-वेनम स्टॉक सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ब्लड डोनेशन कैंप का शेड्यूल तैयार करने और नियमित रूप से इसका आयोजन सुनिश्चित करने का आदेश दिया। अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारों की समस्या को दूर करने के लिए टोकन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल में सुधार के लिए बेहतर सुझाव देने वाले नागरिकों को 29 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे केवल कार्यालय कार्य तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण करें। आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों को चेतावनी दी कि यदि वे इसमें लापरवाही बरतते हैं तो उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पशु वितरण योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लाभुक को दिया गया पशु बीमार हो या उसकी आयु कम हो, तो लाभुक उसे लेने से मना कर सकते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि डीलर समय पर लाभुकों को अनाज देने में असफल रहेंगे तो उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों तक डाकिया योजना के तहत राशन पहुंचाने का विशेष निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा में उपयोगिता प्रमाण पत्रसत्यापन की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी लंबित प्रमाणपत्रों को अविलंब जमा करने के निर्देश दिए। बैठक में सरना स्थल एवं धुमकुड़िया भवनों की स्थिति पर भी चर्चा हुई और उनके संरक्षण एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने अन्य कई विभागों की योजनाओं की भी गहन समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा , अपर समाहर्ता गुमला, डीसीएलआर गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज सहित चैनपुर और बसिया एसडीओ, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

■ जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



फोटो 1 में समीक्षा बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी

## स्पीड न्यूज

### कुडू थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां लगभग 50 साल के एक व्यक्ति ने अपना नाम बदलकर एक आदिवासी महिला को प्रेम जाल में फंसाया और उसका लगातार शोषण करता रहा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जब महिला को उसकी असली पहचान का पता चला, तो उसने इसका खुलासा किया। इसके बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को पकड़कर जमकर पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नवयुवक संघ देवी मंदिर की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** नवयुवक संघ देवी मंदिर में रामनवमी के भव्य आयोजन को ले श्याम वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि उस वर्ष भव्य तरीके से रामनवमी के आयोजन किया जाएगा।

### डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, टीबी रोग, कुष्ठ रोग, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न निर्देश चिकित्सा पदाधिकारियों को दिये गये। कम उपलब्धि वाले प्रखण्डों को उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

### मिर्च और पानी मशीन को अज्ञात लोगों ने किया क्षतिग्रस्त

**जारी।** जारी प्रखंड के जारी गांव में मंगलवार की रात अज्ञात लोगों ने 12 एकड़ में लगी मिर्च की खेती पानी मशीन और पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह 10 बजे किसानों को मिली जब किसान सिबटेन अंसारी पानी पटवन करने खेत पहुंचे तो देखा कि पानी मशीन क्षतिग्रस्त है। साथ ही पाइप को टांगी से काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं खेत में लगी मिर्च की खेती को भी नुकसान पहुंचाया गया। किसानों ने बताया लोन लेकर मिर्च की खेती किये थे। शरारती तत्वों ने नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने बताया चार-पांच किसानों ने मिलकर 12 एकड़ में मिर्च की खेती की थी।

### डोल पूजा को लेकर कलश यात्रा

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बड़काडीह गांव में डोल पूजा को लेकर राधे कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और बच्चियां शामिल हुई। कलश यात्रा राधे कृष्ण मंदिर से शुरू होकर चौक होते कस्पोडिया मोड़ स्थित गुड़गुड़ चुंआ पहुंचा। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरी कराई गई। वहीं कलश यात्रा पुन: बड़काडीह स्थित राधे कृष्ण मंदिर पहुंचा।

### ग्रामीणों के चेतावनी के बाद डीएसई पहुंचे स्कूल शिक्षकों को हटाने का दिया अश्वासन

# बच्चे की मौत के बाद स्कूल में ताला बंदी



ग्रामीणों के साथ बैठक करते डीएसई, बीईईओ व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** सिसई प्रखण्ड क्षेत्र के सकरौली उरांव टोली में प्रयाण पब्लिक स्कूल के प्रचार वाहन की चपेट में आने से बच्चे की हुई मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा विद्यालय को ताला लगाने की चेतावनी देने पर बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक नूर अहमद खान, बीईईओ प्रीति कुजूर, बीपीओ सुप्रिया कुमारी, सीआरपी अभय कुमार मिश्रा, एमडीएम ऑपरेटर प्रशांत कुमार व भोला भगत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सकरौली उरांव टोली का औचक निरीक्षण किया और वहां मौजूद ग्रामीणों के साथ बैठक किये। ग्रामीणों ने बताया कि चारों शिक्षक कल घटना स्थल से गायब पाये गये। शिक्षक स्कूल में खाना के लिए लड़ते नजर आते हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले एक सौ बच्चे पंजीकृत हैं। उनके लिए चार शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। बावजूद शिक्षक बच्चों पर ध्यान नहीं देते। जिस कारण मंगलवार को इतनी बड़ी घटना घट गई और एक मासूम बच्चे की जान चली गई। इसका जिम्मेवार कौन होगा। विभाग को पहले भी ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों के खिलाफ कई बार सूचना देकर कार्रवाई करने की मांग किया जा चुका है। सूचना होने के बाद भी शिक्षा विभाग इस पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं किया है जो शिक्षा विभाग के लापरवाही को दशार्ता है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा भड़कते हुए चारों शिक्षकों को फटकार लगाया गया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में शिक्षक सिर्फ टाईम पास करने के लिए आते हैं। बच्चों से कोई मतलब नहीं रहता है। स्कूल का पहचान बच्चों से होता है न कि शिक्षकों से। स्कूल में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई होगी। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करना एक अपराध है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा चारों शिक्षकों को दूसरे स्कूल में हस्तांतरण करने का आश्वासन दिया गया। जिस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शोर करते हुए चारों शिक्षकों को तत्काल सेवा बीरमित करने की मांग पर अड़े रहे एवं मृत बच्चे के अभिभावक को सरकारी नौकरी तथा पच्चीस लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग करने लगे। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने, मुआवजा दिलाने एवं चारों शिक्षकों को विद्यालय से तत्काल हटाने तथा उनके जगह पर योग्य शिक्षकों को नियुक्त करने का आश्वासन देने के बाद ही ग्रामीण शांत हुए। चारों शिक्षकों में प्रधान शिक्षक विश्वनाथ लोहरा, पारा शिक्षक बुधवा उरांव, शिक्षिका राधा देवी, सहायक शिक्षिका सुनीता देवी शामिल हैं। इस बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप उरांव, उपाध्यक्ष ममता देवी, सचिव रेखा देवी, सदस्य संगीता देवी विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष, भदौली पंचायत मुखिया अलबिना देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है : सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सिविल सर्जन व कार्यक्रम में शामिल सहिया व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नगर भवन गुमला में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पारम्परिक सखुआ से बने पत्ते की टोपी, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने कहा कि सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है और यह गांव और स्वास्थ्य विभाग को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी है। सहिया की भूमिका इस मिशन में बहुत महत्वपूर्ण है। आप सभी स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आपके प्रयासों से हमारे देश के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है। आज यहाँ एकत्र होकर हम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महत्व को समझने और इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मिशन के तहत हम स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सस्ती, और गुणवत्तायुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सम्मेलन में घाघरा प्रखंड की सहिया बहनों ने नुक्कड़ नाटक, रायडीह प्रखंड की सहिया बहनों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी हुए सम्मानित

## एक नजर में

### वन विभाग ने पिकअप वैन में लदे अवैध लकड़ी की जब्त, तस्कर हुए फरार

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बूटी गांव में वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में अवैध लकड़ी और एक पिकअप वैन को वन विभाग की टीम ने करवाई करते हुए जब्त किया। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन में अवैध रूप से गंभार और आम की लकड़ी ले जाया जा रहा था। वही पिकअप वैन खराब होने के कारण बूटी गांव में रुकी जिसके बाद सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और लकड़ी लदे पिकअप वैन को जप्त कर लिया। वही वन विभाग की करवाई को देखते हुए पिकअप वैन चालक और लकड़ी माफिया भागने में सफल रहे। पिकअप वैन बिन नंबर प्लेट का था जिससे लकड़ी माफियाओं का कोई सुराग वन विभाग को नहीं मिली साथ ही लकड़ी कहा से आई और कहा जा रही थी इसकी भी जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि वन विभाग की टीम वाहन मालिक और लकड़ी तस्करों को धर दबोचने के लिए करवाई में जुटी हुई है। इस करवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इस छापेमारी अभियान में होमगार्ड के जवान और वन विभाग की टीम में वन क्षेत्र पदाधिकारी महावीर उरांव, कमला लकड़ा सहित कई वनरक्षी शामिल थे।

### जनवितरण दुकान में अनियमिता का आरोप

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भिट्ठा गांव में राशन दुकानदार जीवन फुल महिला मंडल के द्वारा कार्ड धारी की राशन का गबन कर कार्ड धारियों को कई महीनों से अनाज से वंचित रखा गया है। कार्डधारियों के द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी को 3 महीना पहले लिखित शिकायत की गई थी परंतु जन वितरण प्रणाली के दुकानदर पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई थी। कार्डधारी के आज अपना अनाज लेने के लिए राशन दुकानदार के यहां गए तो राशन दुकानदार दुकान बंद कर भाग गई। कार्डधारियों ने हंगामा करते हुए दुकानदार द्वारा राशन नहीं देने की सूचना प्रखंड के प्रमुख बारिया देवी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता को दी गई। प्रमुख एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा मामले की जांच की गई।

### गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने का वर्षों पुराना मांग आज भी अधूरा: दामोदर

**गुमला।** चेंबर ऑफ कामर्स के निर्वतमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि गुमला को रेलवे से जोड़ने की मांग बरसों से किया जा रहा है। जिसके लिए गुमला के व्यापारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा रेल लाओ संघर्ष समिति बनाई गई थी। इस बैनर के माध्यम से गुमला के रेलवे से जोड़ने के लिए संघर्ष किया गया। परन्तु यह कह सकते हैं कि जनप्रतिनिधि या सरकार के उदासीनता के कारण अभी तक रेलवे का कार्य शुरू नहीं हो पाया। गुमला पिछड़ा जिला है लेकिन यहां के जन प्रतिनिधियों के द्वारा विशेष रुचि रेलवे को लेकर नहीं दिखायी। उन्होंने सांसद सुखदेव भगत के द्वारा सांसद में लोहरदगा से गुमला भाया कोरबा तक रेलवे से जोड़ने की मांग को लेकर आभार जताया और कहा कि जिस प्रमुखता से सांसद के द्वारा रेल को जोड़ने से संबंधित संसद में मामला उठाया गया। उसे केंद्रीय रेलवे मंत्री का ध्यान भी गया है। पूर्व के सांसद के द्वारा भी रेलवे को जोड़ने की मांग की गई थी पर रेल मंत्री के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई गयी नहीं तो रेलवे का अभी तक कार्य प्रारम्भ हो जाता।

### हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है: बिमलचंद

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र पोलपोल पाट में आदिम जनजाति समुदाय के द्वारा आयोजित जनजाति डोल जतरा सह विकास मेला संपन्न हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष केडी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता हाफिजुल रहमान, श्यामा प्रसाद यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर अभय सागर मिंज, मनीष कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों का आदिम जनजाति समुदाय के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया। मौके पर आदिम जनजाति नेता विमल चंद असुर ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। आज भी हमारा समाज पारंपरिक रीति रिवाज को बरकरार रखे हुए है। मगर अब तक सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। हमारे इलाके में बड़े पैमाने पर बॉक्साइट पत्थरों का खनन हो रही है। फिर भी आदिम जनजातियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। लेकिन सदियों से चली आ रही परंपरा को हमारे ग्रामीणों ने जिंदा रखा है। यही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति के द्वारा परंपरागत तौर से लोहा गलने का काम किया जाता है। जिस लोहे में आज भी जंग नहीं लगता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विजय कुमार, पुष्पा, चौराट, अशोक उरांव, गुलाब असुर, गणेश्वर असुर, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में डोल जतरा में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा नेता सह व्यवसायी के खाते से साइबर अपराधियों ने एक लाख की राशि उड़ाई

**गुमला।** गुमला शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सह भाजपा नेता से साइबर अपराधियों ने 12 और 14 मार्च को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गुमला के खाते से 1 लाख रुपया उड़ा लेने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर बुधवार को भाजपा नेता सह व्यवसायी मंगल सिंह भोगता ने गुमला थाना पहुंचकर साइबर अपराधियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया है। मामले की जानकारी देते हुए मंगल सिंह भोगता ने बताया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गुमला में उनका बचत खाता चलता है। बीते 12 और 14 मार्च को 50-50 हजार रुपया दो अलग-अलग किस्तों में कट गया। जिसका मोबाइल में मैसेज भी आया। 12 तारीख को बैंक बंद होने के कारण पैसा कटने पर बैंक नहीं जा पाया। यह भी पता नहीं चल पाया कि पैसा क्यों कटा है चूंकि व्यवसायी होने के कारण हमेशा चेक के माध्यम से कई जगह लेनदेन होता है। इधर होली की छुट्टी और व्यस्तता होने के कारण बैंक से संपर्क नहीं कर पाया। घटना के बाद साइबर क्राइम नंबर 1930 में दिनभर कॉल लगाया लेकिन बिजी बताया और कॉल नहीं लगा। बुधवार को बैंक जाकर डिटेल्स निकाला तो पता चला कि मुंबई के दो खातों में पैसा गया है। उन्होंने बताया 12 तारीख को एक ओटीपी आया था लेकिन उस ओटीपी को ओपन नहीं किया।

# गुमला बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा



बैठक में शामिल गुमला बार एसोसिएशन के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बार एसोसिएशन गुमला की बैठक बुधवार को अध्यक्ष अघन गिद्धवार उरांव की अध्यक्षता में बार भवन में हुआ। बैठक में निबंधन कार्यालय पूर्व से संचालित आफिस में वापस नहीं आने पर आंदोलनरत बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के द्वारा निर्णय लिया गया कि आज से उपायुक्त, अपार समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित सभी कोर्ट के कार्य का बहिष्कार किया जाएगा जो अनिश्चित काल तक चलता रहेगा। बार एसोसिएशन के सचिव ओम प्रकाश बाबूलाल ने बताया कि एक फरवरी 2025 से रजिस्ट्री ऑफिस का कार्य बंद है।

■ डीसी, अपर समाहर्ता, एसडीओ कोर्ट के कार्य का अनिश्चित कालीन किया बहिष्कार, मामला निबंधन कार्यालय वापस लाने का

### केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक, विपुल तमेड़ा दोबारा चुने गए मंडल के अध्यक्ष

# रामनवमी शोभायात्रा में नहीं बजेगा डीजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्रीय महावीर मण्डल लोहरदगा की आम सभा विपुल तमेडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न सारंक्षक मंडली एवं पूर्व अध्यक्ष महासचिव द्वारा दिए गए अपने विचारों के उपरांत सर्वसम्मति से पुनः सत्र 2025-26 के लिए विपुल तमेड़ा को अध्यक्ष चुन लिया गया। मौके पर केंद्रीय महावीर मण्डल के सारंक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि गत वर्ष डीजे गाड़ी के अनियंत्रित हो जाने के कारण बड़ा हादसा हो गया था। ध्वनि प्रदूषण के कारण एवं सामाजिक रूप से और डीजे बजाना स्वास्थ्य हित में भी उचित नहीं माना जाता है। इसलिए केंद्रीय महावीर मण्डल ने निर्णय लिया कि इस वर्ष डीजे का उपयोग रामनवमी शोभायात्रा में नहीं किया जायेगा। वक्ताओं ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द्र के लिए किये जा रहे प्रयासों का महाबीर मण्डल समर्थन करती है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि पूर्व में रामनवमी हो या मुहर्रम सभी आयोजनों में हिन्दू-मुस्लिम मिलजुल कर मनाते थे। उस समय के कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय फकीर मुहम्मद हो या ग्रामीण क्षेत्रों के मुस्लिम हिन्दू सबका पहनावा धोती कुर्ता होता था। जिससे लोग हिन्दू मुस्लिम की पहचान नहीं कर पाते थे। इससे भी आपसी सौहार्द्र की भावना मजबूत होती थी। लेकिन आजकल ड्रेस से ही ही हिन्दू मुस्लिम के बीच पहचान होने लगी है। आजकल सांप्रदायिक असहिष्णुता का माहौल भी नई पीढ़ी में ज्यादा पनप रहा है, जो भविष्य के लिए खतरा हो सकता है।



विपुल तमेडा को बधाई देते लोग

# मार्च में ही सुख गयी जिले की नदियां, इस गर्मी में पानी के लिए मचेगा हाहाकार

■ कोयल नदी का इंटेक वेल सूखा, शहर में जलापूर्ति बाधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में मार्च के महीने में नदियों के पानी सूखने से जल संकट गहरा गया है। अभी सही से गर्मी शुरू भी नहीं हुई है और जिले की बड़ी नदियां सुख चुकी है। जिससे शहरी जलापूर्ति बाधित होना शुरू हो चुका है।

इसे लेकर नगर परिषद के अधिकारियों के भी हाथ पांव फूलने लगा है। उन्हें भी समझ नहीं आ रहा है कि आने वाले भीषण ग्रामीण में शहर के लोगों को कैसे पानी की व्यवस्था कर पाएंगे। बारिश कम अवधि में होना और बालू का अंधाधुंध अत्यधिक उठाव के कारण नदियों का जलस्तर लगातार कम हो रही है जिससे शहरी जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित होने लगी है। अब नगर परिषद द्वारा टैंकरों से पानी सप्लाई करने का कार्य शुरू करने की कवायद कर रही है। हालांकि पूरे शहर में जरूरत के हिसाब से पानी पहुंचा पाना टेढ़ी खीर साबित होगी। शहर में रहने वाले लगभग 13000 लोग इससे प्रभावित होंगे। शहरी क्षेत्र में एक व्यक्ति पर प्रति लीटर कम से कम 135 लीटर पानी की आवश्यकता है। यह आवश्यकता भी नगर परिषद पूरा करने की स्थिति में नजर नहीं आ रहा है। अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई है।

मार्च का महीना चल रहा है अप्रैल, मई और जून में भयानक गर्मी पड़ती है तब इस समय पानी को लेकर जो स्थिति उत्पन्न होगी, वह बेहद गंभीर होने वाली है। सबसे बड़ा चिंता की विषय यह है कि अभी ही लोहरदगा के कोयल और शंख नदी में पानी गायब हो चुका है। नगर परिषद नदी में अस्थाई बांध बनाकर मोटर के सहारे पानी का इंतजाम कर रहा है लेकिन नदियों का जलस्तर कम होने के कारण इंटेकवेल तक पानी ही नहीं पहुंच पा रहा है। लोहरदगा में लगभग 13 हजार परिवारों के लिए पानी का इंतजाम करना नगर परिषद के लिए चुनौती पूर्ण है। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत 6000 वैध और अवैध कनेक्शनधारी हैं। इनके लिए पानी का जुगाड़ कर पाना बेहद मुश्किल हो जा रहा है।




निरीक्षण करने पहुंचे नगर प्रशासक

### त्यौहार में पानी की किल्लत से लोगो को होगी परेशानी

**बालू का लगातार हो रहे दोहन से स्थिति हुई खराब :** जिले में लगातार बालू का अंधाधुंध उठाव हो रहा है। जिससे नदी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। मार्च के महीने में सभी नदियां से पानी गायब हो चुकी है। लगातार बालू उठाव से नदी में पानी स्टोर को क्षमता समाप्त हो रही है लेकिन इसे लेकर जिला प्रशाशन भी कुछ करता हुआ नजर नहीं आ रहा है। आए दिन अवैध बालू का उठाव की खबरें अखबार और सोशल मीडिया के जरिए देखे जा सकते है लेकिन करवाई सिर्फ नाम मात्र का हो रहा है। जिससे जिले में स्थिति खराब हो रही है।

शहरी क्षेत्र में अधिकतर लोग पेयजल आपूर्ति पर ही निर्भर है। लेकिन मार्च के महीने में ही नदी का जलस्तर कम होने से स्थिति भयावह होने वाली है। अभी रमजान का त्यौहार चल रहा है फिर सरहुल और रामनवमी जैसे त्यौहार भी है । ऐसे में प्रशाशन के लिए पानी की व्यवस्था करना काफी मुश्किल साबित होगी। क्योंकि आने वाले अप्रैल , मई और जून के भीषण गर्मी बाकी है। और पानी सप्लाई का दूसरा विकल्प भी नहीं है । टैंकर से पानी पूरे शहर में पानी पहुंचाना आसान काम साबित नहीं होगा।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




जमशेदपुर के टाटा स्टील में कार्यरत कुछ तकनीकी प्रशिक्षुओं ने बिहार की कला और संस्ति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच बनाने के लिए काम करना शुरू किया। उन लोगों में एसप़ी.सिंह, जेप़ी. वर्मा, आरप़ी.त्रिपाठी, जेएन.सिंह, रामेश्वर प्रसाद और स्वर्गीय लाला शंभू शरण शामिल थे। एचसी. बहादुर, एसए.मुर्तजा, स्व मुन्नालाल तिवारी, हरदीप सिंह के आने से उन्हें और प्रोत्साहन मिला जिन्होंने सक्रिय समर्थन दिया। इन सभी व्यक्तियों के समर्पित प्रयासों से, 1926 में बिहार एसोसिएशन की स्थापना हुई। एसोसिएशन का नाम बिहार राज्य, तत्कालीन जमशेदपुर राज्य से लिया गया है, आरएम.चौबे, एचएस.उपाध्याय, जे.प्रसाद, एचएन.प्रसाद ने बाद में जमशेदपुर के नागरिकों की सांस्कृतिक शिक्षा और सामाजिक आवश्यकताओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन के अन्य उद्देश्य स्थानीय लोगों के बीच शांति बनाए रखना और एकता को बढ़ावा देना और संकट में फंसे लोगों को हर संभव मदद प्रदान करना था। बाढ़ के कहर के दौरान, एसोसिएशन ने सूखा और बाढ़ समितियों को नकद दान के साथ-साथ लेख और कपड़े वितरित करके अच्छा काम किया। 1970 में बिहार एसोसिएशन ने ड.राजेंद्र प्रसाद के नाम पर एक स्कूल शुरू किया। यह प्लस 2 सहित एक पूर्ण विकसित हाई स्कूल बन गया है। एसोसिएशन महिलाओं के लिए सिलाई, कटाई और बुनाई की कक्षाएं चलाती है। यह एक विशाल हल में एक पुस्तकालय भी चलाता है जिसमें लगभग 100 लोगों के रहने की व्यवस्था है और 25000 से अधिक पुस्तकों का भंडार है।

# डीसी ने टाटा लीज, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का किया निरीक्षण

### महत्वपूर्ण संचिका, पंजी आदि की जांच कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल द्वारा टाटा लीज, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का निरीक्षण कर संचालित कार्यों की समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होने प्रतिनियुक्त मानव बल की उपलब्धता की समीक्षा के अलावा दैनिक उपस्थिति पंजी की जांच की, साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यालय की कार्य संस्ति में सुधार लायें, ससमय कार्यों का निष्पादन करें एवं दस्तावेज अद्यतन रखें। सभी कार्यालयों में अनिवार्य रूप से बायोमीट्रिक से उपस्थिति का अनुपालन किया जाए।

डीसी द्वारा आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, सीएनसी रजिस्टर, स्टक रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर आदि महत्वपूर्ण रिकर्ड संधारण का अवलोकन किया गया। इस दौरान कार्यालय के लिपिक से कार्यालय के संचिकाओं को मंगवाकर अवलोकन किया तथा पाई गई कमियों को रेखांकित करते हुए अद्यतन करने, सरकारी नियमावली के अनुरूप संचिकाओं का संधारण करने के निर्देश दिए। सरकारी राशि के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन तथा व्यय एवं क्रय की गई सामग्रियों आदि का उचित तरीके से संचिका, भंडार पंजी में संधारण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-समय पर वित्त विभाग और सरकार के द्वारा दिए गए गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करने का निर्देश निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को दिया। वहीं, उन्होंने सरकार के द्वारा जारी महत्वपूर्ण संकल्प, गाइडलाइन को गार्ड फाइल में संधारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यालयों में उपलब्ध मानव श्रम बल एवं स्वीकृत मानव श्रम बल तथा कार्यालय कर्मियों के बीच कार्य के बंटवारे की जानकारी ली।

वहीं, निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई, कार्यावधि का समुचित उपयोग करते हुए कार्यों का संपादन करने तथा लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम ल एंड अर्डर अनिकेत सचान, एडीसी भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी मृत्युंजय कुमार, एडीएसएस नेहा संजना खलखो, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी समेत अन्य उपस्थित रहे।



टाटा लीज विभाग का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल।

## स्पीड न्यूज

### ब्रम्हर्षि समाज का सामूहिक उपनयन संस्कार 13-14 अप्रैल को

**जमशेदपुर।** ब्रह्मषि विकास मंच जमशेदपुर के द्वारा सामुहिक उपनयन संस्कार 13-14 अप्रैल 2025 को अमल संघ सिदगोडा, जमशेदपुर में आयोजित किया जायेगा। यह जानरकारी मंच के महासचिव योगेंद्र मौआर ने दी है। उन्होने बताया कि गुरुवार संध्या 6:30 बजें से केंद्रीय समिति द्वारा उपनयन संस्कार के लिए फार्म, रशीद, निमंत्रण कार्ड वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### करंट लगने से दो गाय की मौत



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में करेंट लगने से दो गाय की मौत हो गई। घटना जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के धर्मडीह गांव में अहले सुबह 4 बजे घटी। पीड़ित परिवार मुद्रिका यादव ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दो लाख मुआवजा की मांग की है। घटना के बताया जाता हैं कि 11 हजार का ट्रांसफार्मर पर लगे जम्फर ब्लास्ट हो गया। जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर के पोल में बिजली प्रभावित हो गई व दो गाय की मौके पर ही मौत गई। इस बाबत पीड़ित मुद्रिका यादव ने कहा कि यहां पर ट्रांसफार्मर लगाने का विरोध के बावजूद विभागीय संवेदक ने ट्रांसफार्मर बैठा कर चालू कर दी। जिसकी वजह से उसकी दो गाय की अकाल मृत्य का शिकार होना पड़ा। विभाग मुआवजा दे दोषियों पर कार्रवाई करे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लकडाउन के माया' 21 मार्च से मिराज सिनेमा में

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्ति को समर्पित सुपरहिट फिल्म 'लकडाउन के माया' 21 मार्च 2025, शुक्रवार से मिराज सिनेमा हल, गोलमुरी में प्रदर्शित होने जा रही है। यह जानकारी बुधवार को फिल्म के निर्देशक मोहम्मद हबीब और निर्माता ड. जे.के.देवांगन ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। डायरेक्टर मोहम्मद हबीब ने बताया कि फिल्म ने छत्तीसगढ़ में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है और यह वहां की सुपरहिट फिल्म बन चुकी है। फिल्म के सभी 6 गाने दर्शकों के जुबान पर छा गए हैं, विशेषकर गीत 'मार डारे' को 2 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं, और इस गाने पर 2 लाख से अधिक रील बनाए गए हैं। फिल्म में अभिनय कर रहे कलाकारों में नितिन ग्वाला, शिवा साहू, स्नेहा देवांगग्र, पुष्पेंद्र सिंह, क्रांति दीक्षित, संजू साहू, लता रही, उर्वशी साहू, तथा अन्य सह कलाकार। इन कलाकारों ने फिल्म को जीवंत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रोड्यूसर ड. जेके़.देवांगन ने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ी समाज की संस्कृति, संघर्ष और संवेदनाओं को भी उजागर करती है। उनकी आशा है कि जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ी मूल के नागरिकों के साथ-साथ अन्य भाषी दर्शक भी इस फिल्म का भरपूर आनंद लेंगे।

## सांसद विद्युतबरण महतो पंप नहर योजना को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले

# चांडिल डैम से पटमदा, बोड़ाम समेत चार प्रखंडों को सिंचाई की मिलेगी सुविधा

- सांसद ने कहा, पंप नहर योजना को एआइबीपी के तहत 2000 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत सुवर्णरेखा परियोजना के अन्तर्गत चांडिल डैम से पटमदा, बोड़ाम, नीमडीह एवं कूकडू प्रखण्ड में पम्प नहर योजना को एआइबीपी के तहत स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। सांसद श्री महतो ने एक पत्र सौंपकर कहा कि प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत सुवर्णरखा परियोजना के अन्तर्गत चांडिल डैम से पटमदा-बोड़ाम प्रखण्ड एवं नीमडीह-कुकडु प्रखण्ड में पम्प नहर योजना का पीपीआर कन्सलटेन्ट द्वारा आठ माह पूर्व जल संसाधन विभाग रांची में समर्पित किया गया है। इस पम्प नहर योजना से पटमदा-बोड़ाम प्रखण्ड के 12000 हेक्टेयर तथा नीमडीह-कुकडु प्रखण्ड में 9500 हेक्टेयर जमीन में सिंचाई क्षमता सृजन करने का प्रावधान है। उपरोक्त चारों प्रखण्डों में मुख्य रूप से गरीब आदिवासी किसान रहते है। सांसद ने विभागीय मंत्री को बताया कि पटमदा-बोड़ाम एवं नीमडीह-कुकडु प्रखण्डों की प्राक्कलित राशि कमशः 1400.00 करोड़ एवं 60000 करोड़ कुल रू0 2000.00 करोड़ है। भारत सरकार से एआइबीपी के तहत वित्तिय सहायता की आवश्यकता है। जल संसाधन विभाग, रांची के कन्सलटेन्ट द्वारा तैयार किया गया पीपीआर की जांच प्रोजेक्ट एप्राइजल आर्गेनाइजेशन, सीडब्ल्युसी, नयी दिल्ली द्वारा पम्प नहर योजना के च्व्ट के स्वीकृति प्रदान करने हेतु निदेश दिया जाए। सुवर्णरेखा परियोजना के निर्माण कार्य के कार्यानव्यन पर एआइबीपी के तहत विगत चार वर्षों से कोई केंद्रीय अनुदान प्राप्त नही हुआ है। इस परियोजना के लिए लंबित केंद्रांश राशि रू0 61691 करोड़ दिनांक 31032025 के पूर्व विमुक्त करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने चालू वित्तीय वर्ष में केंद्रीय सहायता राशि निर्गत करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त यदि माइक्रो मेगालिफ्ट योजना का प्रस्ताव राज्य सरकार की ओर से आने पर उसपर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## सजी बांग्ला काव्य महफिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित बंगला कविता को समर्पित संस्था 'कविक' के तत्वाधान में संस्था का द्वितीय वार्षिक समारोह एवं कविता संध्या का आयोजन बंगाल क्लब साकची में किया गया। संस्था के सचिव अशीम भट्टाचार्य ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी विकाश मुखर्जी ने दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात कविता संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर के एवं कोलकाता के जाने माने बांग्ला कवि प्रणति गोस्वामी, अशीम भट्टाचार्य, नमिता भट्टाचार्य, सोनाली मित्रा सरकार, सुमिता चक्रवर्ती, सुतापा दास, सोमनाथ गांगुली, रीता सन्याल, नंदिता मालाकार अरिंदम बासु, रंजीत दास, अमरनाथ बोस ने काव्यपाठ किया। सभी कवितायें मानवता एवं प्रेम पर आधारित था। कार्यक्रम निर्देशन चन्दन चंदा ने किया। कार्यक्रम में तारक नायक, देबाशीष नाहा, सौम्य सेन, सदाशिव रय, सुस्मिता गांगुली, सब्यसाची चंदा बतौर विशिस्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। शिव प्रसाद बनर्जी ने कार्यक्रम का सूचालन किया। अंत में संस्था के अध्यक्षा प्रणति गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## एनआइटी में उद्योग 4.0 : आधुनिक विनिर्माण की ओर यात्रा के तहत सेमिनार हुआ संपन्न

### टाटा स्टील के बालामुरुगन श्रीनिवास ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर में अनुसंधान और विकास में गैर-विनाशकारी परीक्षण और सेंसर अनुसंधान समूह के प्रमुख श्री बालामुरुगन श्रीनिवासगन 19 मार्च 2025 को 'उद्योग 40: आधुनिक विनिर्माण की ओर यात्रा' पर चल रहे एसटीटीपी के हिस्से के रूप में 'इस्पात उद्योग के लिए एनडीई और उद्योग 40' पर व्याख्यान देने के लिए एनआईटी जमशेदपुर आए थे। अपने व्याख्यान में, उन्होंने उद्योग 40 को भौतिक से डिजिटल और फिर से भौतिक प्रणालियों के निर्बाध एकीकरण के रूप में परिभाषित किया, जो स्मार्ट स्वचालन के माध्यम से विनिर्माण को क्रांतिकारी बना रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि टाटा स्टील लिमिटेड ने एक नवीन ब्लास्ट फर्नेस प्रोफाइलिंग प्रौद्योगिकी का अनुसंधान किया है, जो नीचे से ऊपर तक सटीक माप को सक्षम बनाता है और कार्यक्षमता में सुधार करता है। इसके अलावा, उन्होंने कई नई एनडीटी प्रौद्योगिकियों को उजागर किया, जो औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए वास्तविक समय मूल्यांकन, भविष्यवाणी रखरखाव और गुणवत्ता आश्वासन में प्रगति को प्रदर्शित करते हैं।

## चाईबासा : स्वच्छ आंगनबाड़ी पर डीसी ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता एवं अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, सिविल सर्जन डसुशांतो माझी, सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित यूनिसेफ एवं सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समाज कल्याण कार्यालय एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में संचालित स्वच्छ आंगनबाड़ी कार्यक्रम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में स्वच्छ आंगनबाड़ी पुरस्कार से संबंधित विभिन्न घटकों एवं मानकों का आंगनबाड़ी स्तर पर कुशल संचालन से संबंधित अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। यूनिसेफ के सहयोग से पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य और जलवायु-संवेदनशील आंगनबाड़ी पुरस्कार उद्घाटन कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ आंगनबाड़ी कार्यक्रम के क्रियान्वयन से जमीन स्तर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से संबंधित घटकों का अनुपालन सुनिश्चित कर समाज को एक नई दिशा प्रदान किया जा सकता है।

## जमशेदपुर एफसी एआईएफएफ सब जूनियर यूथ लीग 2024-25 अभियान के लिए तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी की सब जूनियर टीम एआईएफएफ सब जूनियर यूथ लीग 2024-25 में भाग लेने के लिए तैयार है, जिसमें ग्रुप जे के मैच अघोरनाथ पार्क स्टेडियम, कलना में होने वाले हैं।

राहुल राज द्वारा प्रशिक्षित सब-जूनियर टीम 27 मार्च को एफएओ अकादमी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब, एसकेएम स्पोर्ट्स फाउंडेशन, इंटर काशी और ओडिशा एफसी के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले होंगे। युवा फुटबल प्रतिभाओं को निखारने की प्रतिबद्धता के साथ, जमशेदपुर एफसी का लक्ष्य टूर्नामेंट में अपने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रदर्शित करना है। टीम कड़ी ट्रेनिंग से गुजर रही है और टीम राष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक है।

लीग क्लब के युवा विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती है, जो मूल्यवान प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन प्रदान करती है। टीम 26 मार्च को पश्चिम बंगाल के कलना के लिए निकलेगी।

## एससीसीआई और यंग इंडियन का पारिवारिक व्यवसायों की वृद्धि और बदलाव पर संवाद

### पारिवारिक व्यवसायों को विविध और दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन को अपनाना जरुरी : विशाल बजाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री (एससीसीआई) ने यंग इंडियन (वाईआई) जमशेदपुर और क्लाइंट एसोसिएट्स के सहयोग से 'स्केलिंग लिगेसीज- पारिवारिक व्यवसायों में बदलाव की चुनौतियां और वृद्धि के अवसर' विषय पर एक प्रभावशाली संवाद सत्र का आयोजन किया। चेम्बर भवन बिष्टुपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के 70 से अधिक उद्यमियों, व्यवसायियों और पेशेवरों ने भाग लिया। प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट:- क्लाइंट एसोसिएट्स के वेल्थ डायरेक्टर विशाल बजाज ने पीढ़ियों के लिए संपत्ति निर्माण की रणनीतियां विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि पारिवारिक व्यवसायों को पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर, विविध और दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन को अपनाना चाहिए ताकि वे अपनी संपत्ति को सुरक्षित और बढ़ा सकें। एस्टेट एवं सक्सेशन प्लानिंग:- प्रख्यात कानूनी विशेषज्ञ और खैतान एंड कंपनी की पार्टनर दिवि दत्ता ने पीढ़ियों तक विरासत संरक्षित रखने के उपाय विषय पर चर्चा करते हुए उत्तराधिकार नियोजन की अहमियत को रेखांकित किया। बिजनेस ग्रोथ एंड टैक्स स्ट्रैटेजीज:- सीए अंकुर भंडारी ने व्यवसाय वृद्धि के लिए कानूनी ढांचे और कर बचत की रणनीतियां विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने होल्डिंग कंपनियों, टैक्स प्लानिंग और संरचनात्मक बदलावों के माध्यम से व्यवसायों के स्केलिंग की व्यावहारिक विधियों पर बात की। उच्च सहभागिता के तहत पैनल चर्चा में प्रतिभागियों ने नेतृत्व परिवर्तन, पारदर्शिता और विवाद समाधान जैसे विषयों पर सक्रिय संवाद किया। एससीसीआई और वाईआई जमशेदपुर ने यह स्पष्ट किया कि वे भविष्य में भी ऐसे सार्थक मंचों का आयोजन करते रहेंगे, जिससे स्थानीय पारिवारिक व्यवसायों को रणनीतिक मार्गदर्शन, सहयोग और सीखने के अवसर मिलें। कार्यक्रम में सिंहभूम चेम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, जनरल सेक्रेटरी मानव केडिया, वाईआई चेयरमैन कौशिक मोदी, को-चेयर श्रुति झुनझुनावाला, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगासिया, विनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### श्री श्री बाल मंदिर अखाड़ा, साकची इस वर्ष मनाएगा स्वर्ण जयंती महोत्सव




जमशेदपुर। लौहनगरी की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री बाल मन्दिर, इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयन्ती बना रही है। 1976 में बाल मंदिर की स्थापना हुई थी, और इस वर्ष सनातन गौरव के 50 वर्ष बाल मंदिर कमिटी बनाएगी। इस बात की जानकारी कमिटी के मुख्य संरक्षक सुमन अग्रवाल ने दी। कमिटी के सन्नी संघी ने बताया की इस वर्ष रामनवमी महोत्सव धूमधाम से बनाने का निर्णय कमिटी ने लिया है। उन्होंने कहा की इस वर्ष 07 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बाल मंदिर के सदस्यों की बैठक साकची में आयोजित हुई। उन्होंने बताया की रामनवमी की तैयारियां जोरों से हो रही है, इस बार कई आकर्षण देखने का मौका जमशेदपुरवाशियों को मिलेगा। अयोध्या में जिस प्रकार प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बना है ठीक उसी प्रकार का प्रारूप साकची झंडा चौक में बनाया जा रहा है एवं भव्य राम लल्ला की प्रतिमा का भी दर्शन जमशेदपुर की जनता कर सकेगी। बैठक में मुख्य रूप से सुमन अग्रवाल, निर्मल जालुका, अभिषेक भालोटिया, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, अंकित मोदी, अभिषेक अग्रवाल, बबलु अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, रिंकू जालुका, सतीश शर्मा, कृष्णा अग्रवाल, प्रवीण कुमार, हर्ष अग्रवाल, अमित मोदी, सौरव अग्रवाल, बजरंज अग्रवाल, संतोष पांडेय, नरेश संघी, केदार अग्रवाल, पवन धानुका, मिठू गुप्ता, पुरषोत्तम समेत कमिटी के कई सदस्य उपस्थित थे।

### हाता-टाटा मुख्य सड़क जर्जर, डीसी से मिल कर सुबोध झा ने की बनवाने की मांग



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला के महत्वपूर्ण हाता-टाटा मुख्य सड़क की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है। यह सड़क पोटका विधानसभा क्षेत्र का लाइफ लाईन माना जाता है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों छोटे बड़े वाहनों का आवागमन ओडिशा, चाईबासा सहित विभिन्न स्थानों के लिए होता है। हाता से टाटा नगर रेलवे स्टेशन तक सड़क में कई जगह बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है,इस कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढायुक्त सड़क से कई लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इस संबंध में मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री गणेश सरदार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर हाता टाटा जर्जर सड़क की अविलंब मरम्मतिकरण करने का मांग किए। प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल,मुखिया देवी भूमिज, जिला भाजपा कार्यालय मंत्री सुबोध झा,पोल्टू मंडल,उत्पल बोस उपस्थित थे।

### थोक वस्त्र विक्रेता संघ का होली मिलन समारोह



जमशेदपुर। कोल्हान के वस्त्र विक्रेताओं के प्रतिनिधि संगठन जमशेदपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आयोजन जुगसलाई स्थित ऋषि भवन में किया गया था। समारोह में संघ के सदस्यों ने परिवार के साथ सहभोज का आनंद लिया। समारोह में सदस्यों के लिए रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रम, महिलाओं के लिए खेलों के साथ-साथ सह भोज का भी प्रबंध किया गया था। समारोह में सदस्यों के मध्य होलियाना उपाधि वितरण किया गया जिसका सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल मोदी ने कहा कि जमशेदपुर थोक विक्रेता संघ न सिर्फ जमशेदपुर अपितु पूरे कोल्हान प्रमंडल के वस्त्र विक्रेताओं का प्रमुख संगठन है जिसके द्वारा व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं। संघ द्वारा हर वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें संघ के सभी सदस्य अपने परिवार के साथ समारोह में शामिल होते हैं एवं सामूहिक रूप से पर्व का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह के आयोजन का मकसद सदस्यों के बीच संवाद समन्वय एवं सृजन की भावना को बढ़ाना है। समारोह को संघ के संरक्षक कैलाश काबरा, संघ के पूर्व अध्यक्ष नवल किशोर बरनवाल, स्वरूप गोलछा, सचिव अशोक सारस्वत, उपाध्यक्ष प्रदीप बिदासरिया, संयोजक महेश सरायवाला ने भी संबोधित किया। समारोह में सुमित शर्मा सोनू की टीम ने सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अशोक सारस्वत ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक महेश सरायवाला ने किया।

### केपीएस कदमा में आयोजित हुआ होली मिलन



जमशेदपुर। केपीएस कदमा में वार्षिक होली मिलन समारोह बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। केपीएस की सभी सात शाखाओं से जुड़े पूरे केपीएस समुदाय ने एक साथ मिलकर जश्न मनाया, एक-दूसरे से जुड़े और नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की। स्व संस्थापक अध्यक्ष नायर और संस्थापक उपाध्यक्ष श्रीमती विजयम कार्था द्वारा परिकल्पित यह कार्यक्रम एकता, उत्सव और कायाकल्प के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। 700 से अधिक शिक्षकों, वरिष्ठ नेताओं, केपीएस के मित्रों और विशिष्ट अतिथियों ने जीवंत सांस्तिक कार्यक्रम देखा। संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी और उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। निर्देशक शरत चंद्रन ने सभी का हार्दिक स्वागत किया और सभी को होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि होली प्यार, बंधन, बुराई पर जीत और जीवन के उत्सव का प्रतीक है, जबकि रमजान आध्यात्मिक आत्मनिरीक्षण, उपवास और 'कुरान' की पवित्र पुस्तक के माध्यम से 'ईश्वर' को महसूस करने का प्रतीक है, जिसे सर्वशक्तिमान ने प्रकट किया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद एक मेल-मिलाप सत्र और रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित लोगों के बीच सौहार्द और खुशी बढ़ी।'

### पश्चिम सिंहभूम जिले में फसल बीमा से संबंधित 178624 आवेदनों को दी गयी स्वीकृति

जमशेदपुर/चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में डीसी कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में बिरसा-प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ मौसम वर्ष-2024 में अधिसूचित क्षेत्र तथा बीमित फसल की वैधता की संपुष्टि हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में फसल बीमा कंपनी एचडीएफसी-ईआरजीओ के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फसल बीमा योजना-2024 के अंतर्गत धान फसल में कुल आवेदनों की संख्या 183589 है, जिसमें सन्निहित बीमित क्षेत्रफल 9530341 हेक्टेयर और मक्का फसल में आवेदनों की संख्या 4324 है, जिसका बीमित क्षेत्रफल 203636 हेक्टेयर है। जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में उक्त दोनों फसलों घान व मक्का हेतु बीमा कंपनी के माध्यम से उपलब्ध कराए गए कुल 187913 आवेदनों का समीक्षा उपरांत सर्वसम्मति से 178624 आवेदनों, सन्निहित बीमित क्षेत्रफल 8675431 हेक्टर को अग्रेसर कार्रवाई हेतु स्वीकृत किया गया। समिति की बैठक में बताया गया की जिला अंतर्गत धान फसल का बुआई क्षेत्रफल 159712 हेक्टेयर के तुलना में बीमित क्षेत्रफल 8616196 हेक्टेयर है।

स्पीड न्यूज

## अवैध रूप से बालू लोड करते दो ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में हरला थाना अंतर्गत तेलमच्चों ब्रिज के इंटेक वेल के समीप दामोदर नदी क्षेत्र में खनन टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बालू खनिज को लोड करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया जिसे विधिवत जब्त कर हरला थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उक्त मामले में संलिप्त एक वाहन मालिक एवं एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार खान निरीक्षक सीताराम टुडू पुअनि रवि कुमार हरला थाना एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

## शिक्षाविद शिव कुमार सिंह के निधन पर लोग हुए शोकाकुल

**बोकारो।** भारती साहित्य परिषद बोकारो के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक तथा सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 के पूर्व प्राचार्य शिव कुमार सिंह नहीं रहे। उनका निधन उनके सेक्टर 3 के आवास पर हो गया। शोकसभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सचिव राजकुमार सिंह एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लकड़ी तलाशने जंगल गई महिला का मिला शव

**दुमका।** जिले के रानीश्वर थाना की पुलिस ने दो दिन पहले जंगल में लकड़ी लेने के लिए निकली 50 साल की जायत्री केवटिन का शव मंगलवार की देर शाम कैराबनी डैम के किनारे से बरामद किया। बुधवार को पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतका के भांजे सनोज केवट ने बताया कि मामा की कई साल पहले बीमारी से मौत हो गई। मामी रोज खाना बनाने के लिए जंगल से लकड़ी लाती थी। सोमवार की दोपहर घर में बताकर लकड़ी लेने निकल गई। शाम तक वापस नहीं आई तो हर जगह खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार की शाम गांव के कुछ लोग डैम के किनारे गए तो शव देखकर सूचित किया। वहां जाकर देखा तो शव मामी का था। बताया कि लकड़ी लेने के दौरान मामी को प्यास लग गई और डैम में पानी पीने के लिए चली गई। इस क्रम में डूब जाने से उनकी मौत हो गई। एक दिन पानी में रहने की वजह शव फूल गया और डैम के किनारे लग गया। ग्रामीणों ने शव देखने के बाद उसे और पुलिस को सूचित किया।

## पिकअप वैन में लदा कोयला किया जब्त

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड में कोयला माफियाओं का आतंक जारी है । प्रखंड के बादलपाड़ा लुटिया पहाड़ी वन क्षेत्र से फारेस्ट विभाग की टीम में एक पिकअप वैन में लगे 20 क्विंटल कोयला जप्त किया है हालांकि कोल माफिया और वाहन चालक भाग निकलने में सफल रहा। दरअसल वनपाल तरनी मंडल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बादलपाड़ा इलाके में अवैध रूप से कोयला का उत्खनन कर उसे ले जाया जा रहा है।

## 21 जोड़े का होगा सामूहिक विवाह : अनिल

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अग्रवाल भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा व अग्रवाल परिवार के तत्वाधान में जरीडीह बाजार के अग्रसेन भवन धर्मशाला श्री श्री दामोदर नाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में दिनांक 23 11 2025 को 21 जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर एक बैठक अग्रवाल भवन में की गई बैठक अध्यक्षता मदन मोहन अग्रवाल ने की इस कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक बताते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि यह विवाह वैसे परिवार के लिए है जो धनाभाव के कारण अपने बच्चों का विवाह करने में असमर्थ है इसके लिए जरीडीह बाजार स्थित अनिल अग्रवाल के आवासीय कार्यालय में निशुल्क रजिस्ट्रेशन कल से शुरू है।

# माफिया डोजरिंग के बावजूद कोयला खादान पुनः चालू



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड माफिया तत्वों की करतूत से आए दिन सुर्खियों में छाया रहता है प्रशासन शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बादल पाड़ा लुटिया पहाड़ी क्षेत्र के अवैध कोयला खदानों पर कार्रवाई करती है महज प्रशासन के डोज शरिंग के बाद ही पुनः अवैध कोयला खदानों को माफियाओं द्वारा चालू कर लिया जाता है। बताते चलें कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पंचवाहिनी क्षेत्र में 10 से 15 की संख्या धड़ल्ले से अवैध कोयला की खदान संचालित है। पंच वाहिनी अवैध कोयला खदान में प्रतिदिन तराजू पर वजन कर कोयला ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल में कोयला लोड दिया जाता है। रात्रि में मिनी ट्रक, पिकअप वाहन में माफिया कोयला लोड देकर सप्लाई करते हैं। प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी पंच वाहिनी क्षेत्र पर कार्रवाई करने से पदाधिकारी बचते हैं। इक्का-दुक्का गाडी पकड़ महज खानापूर्ति करने में विभाग लगी है।

### स्वास्थ्य कर्मियों को 8 माह से मानदेय नहीं मिलने पर गये

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिलने से नाराज बोकारो जिले के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में सेवारत आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इससे सरकारी अस्पतालों की चिकित्सा सेवा चरमरा गई है। आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकमीर्यों ने बताया कि उन्हें पिछले आठ महीनों से मानदेय भुगतान नहीं किया गया है जिससे आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है।

एक तो काफी कम मानदेय मिलता है उसके बाद भी निश्चित समय पर नहीं मिलने से माली हालत खराब हो रही है। ईएसआई ईपीएफ बीडीए वेतन पर्ची एवं बेसिक सुविधाएं लागू की जाएं। 8 माह के बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान किया जाए। हर



माह की 1 से 10 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित हो। समान कार्य के लिए सम्मानजनक वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। अब जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि कसमार प्रखंड में राइडर्स सिक्योरिटी सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र में आउटसोर्सिंग के तहत फार्मासिस्ट एलटी कोलचैन जीएनएम एएनएम एचडब्ल्यू सीटी सुरक्षाकर्मी सफाईकर्मी आदि कर्मियों की बहाली की गयी हैं। कसमार स्वास्थ्य चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रफुल्ल महतो ने कहा कि आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल से अस्पताल की सेवाओं पर असर पड़ेगा। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सरकारी कर्मचारियों से कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

## जमीन से प्रभावित लोगों ने डीसी के जनता दरबार में लगाई गुहार

**बोकारो।** चास स्थित प्रभात कॉलोनी वार्ड संख्या 26 में सिक्कमी किस्म की जमीन से प्रभावित लोगों ने उपायुक्त के जनता दरबार में 108 लोगों के सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त आग्रह पत्र समर्पित किया गया। उपस्थित लोगों ने अंचल अधिकारी चास एवं संबंधित क्षेत्र के राजस्व कर्मचारी की उक्त समस्या के समाधान के प्रति गंभीरता पूर्वक कार्रवाई नहीं करने के कारण भारी गुस्सा एवं रोष प्रकट किया। मौके पर ललन प्रसाद ने कहा कि प्रभात कॉलोनी निवासियों ने विगत 28 जनवरी को सीओ चास के समक्ष आवेदन पत्र देकर सिक्कमी किस्म की जमीन को पंजी-2 में सुधार करने का आग्रह किया था। पुनः एक मार्च को उनसे मिलकर उक्त समस्या के समाधान के लिए वार्ता की गई। वार्ता में अंचल अधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के राजस्व कर्मचारी अशोक मिश्रा को निर्देश दिया कि उक्त क्षेत्र का खतियान व्यवस्थित कर सिक्कमी से प्रभावित लोगों की समस्या का समाधान किया जाए। वार्ता में ही राजस्व कर्मचारी अशोक मिश्रा ने टालमटोल करने की नीयत से प्रभावित लोगों को स्वयं खतियान व्यवस्था करने की बात कही। प्रभावित लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सीओ ने राजस्व कर्मचारी अशोक मिश्रा को निर्देश दिया कि वे उक्त क्षेत्र का खतियान स्वयं व्यवस्थित करें तथा इसके लिए क्षेत्र के आमजन से यथासंभव सहयोग लें। थक-हारकर हम प्रभात कॉलोनी निवासी उपायुक्त महोदया के समक्ष उनके जनता दरबार में उपस्थित होकर संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आग्रह पत्र सौंपकर मांग कर रहे हैं कि हमारी समस्या का समाधान मानवता के आधार पर स्वयं हस्तक्षेप कर किया जाए।

# नवाह्न परायण महायज्ञ बालकांड पाठ के साथ प्रारंभ

### मंगल भवन अमंगल हारी के गूंज से पूरा माहौल हुआ भक्तिमय







खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो।** अंगवाली स्थित मैथन टुंगरी धर्मसंस्थान में श्री श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ व महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को मानस व्यास अनिल पाठक वाचस्पति द्वारा बालकांड के पाठ से प्रारंभ की गयी। यहां मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राजदरबार सजाया गया जहां यज्ञ आचार्य राजकुमार चटर्जी, उपाचार्य सुकुमार चटर्जी, सहायक रामपदो चटर्जी व राजेश चटर्जी द्वारा पूजा अर्चना किया गया। यज्ञ के संस्थापक सह आचार्य रामधाम शरण उर्फ गौर बाबा, यज्ञ समिति अध्यक्ष रामबिलास रजवार, सचिव भगवान दास, मंच संचालक संतोष नायक ने व्यास अनिल पाठक सहित अमित पाठक, सतीश मिश्रा, अशोक मिश्रा, बलदेव शरण, राजेश पंडित आदि मंडली को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया और महायज्ञ की सफलता की कामना की। मानस पाठ् में 45 कन्याए - माताएं व दस बालको ने भाग लिया। यहां व्यास अनिल पाठक ने बालकांड की पाठ की जिसमें गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा सभी देवी देवता इत्यादि का वंदन किया गया। पाठ में शिव पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। जिसके उपरांत आरती व प्रसाद वितरण की गयी। सुबह आठ बजे से 12 बजे तक निरंतर चार घण्टे मानस पाठ संगीत के साथ सम्पन्न हुआ। मंगल भवन अमंगल हारी के मंत्र से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

### मंईया सम्मान योजना की राशि से वंचित

# महिलाओं का प्रखंड कार्यालय में लगा हुजूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** आखिरकार टूटने लगा उपराजधानी दुमका की मंईया के सब्र का बांध। इसका अंदाजा प्रखंड कार्यालय में उमड़ी महिलाओं की भीड़ से लगाया जा सकता है। मईया सम्मान योजना के दम पर हालिया संपन्न विधानसभा चुनाव में झारखंड में इंडिया गठबंधन को जबरदस्त सफलता मिली। लगातार दूसरी बार राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। सरकार बनाने में मंईयां सम्मान योजना को मास्टर स्ट्रोक माना गया। लेकिन अब उसी मंईयां सम्मान योजना को लेकर सदन से सड़क तक हंगामा मचा है। सदन



कतारबद्ध महिलाएं व सूची देखते लोग

में विपक्ष सरकार को घेर रही है, तो विभिन्न जगहों पर मंईयां सड़कों पर उतर कर सरकार से सवाल पूछ रही है। दरअसल चुनाव के पूर्व सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 से बढ़ा कर 2500 कर दिया। सरकार गठन के बाद लाभुकों के खाता में एक किस्त 2500 आया भी। उसके बाद होली के पूर्व कुछ लाभुक के खाते में तीन महीने की राशि यानी 7500 रुपए एकसाथ आया। लेकिन यह राशि सभी लाभुकों के खाता में नहीं पहुंचा। जिसके खाता में तीन माह की राशि एक साथ पहुंची, उसने जम कर होली मनाई। लेकिन कई लाभुक ऐसे भी रहे। जिनकी होली फीकी पड़ गई।

## वेदांता ईएसएल ने ईएसएल टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल ने वेदांता ईएसएल टी10 क्रिकेट टूनार्मेंट 2025 का आयोजन ईआरजी द्वारा रवीश शर्मा डिप्टी सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक और संजीव तिवारी उप निदेशक डीआईपी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया। टूनार्मेंट में कुल 20 टीमों में 16 पुरुष टीमें और 4 महिला टीमें शामिल थीं।

मैचों की एक श्रृंखला के बाद टूनार्मेंट ने अपने चैंपियन को ताज पहनाया जिसमें ईएसएल टाइटन्स समग्र विजेता के रूप में उभरे जबकि रॉयल विनर्स ने महिला चैम्पियनशिप का खिताब जीता और प्रोजेक्ट इलेवन ने पुरुष चैम्पियनशिप में जीत हासिल की। इस कार्यक्रम में शारदेंदु राम त्रिपाठी विनोद कुमार सिंह और मोहम्मद महमूद अहमद को सर्वश्रेष्ठ कमेंटेटर नामित किया गया जबकि मीनू सिंह को सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के रूप में सम्मानित किया गया। पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में दाउद अंसारी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में अभिषेक कुमार एवं महिला में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज स्मृति स्निग्धा बेहरा व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में पल्लवी को सम्मानित किया गया। मौके पर कंपनी के डिप्टी सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा ने कहा कि ईएसएल टी10 क्रिकेट टूनार्मेंट टीम वर्क, स्वास्थ्य और कर्मचारी जुड़ाव की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## पूर्व संरक्षक कैलाश महतो की पुण्यतिथि मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के पूर्व संरक्षक सह समाजसेवी कैलाश महतो की ग्यारहवीं पुण्यतिथि मेघनी लॉज के सभाकक्ष में मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर उनकी पत्नी सावित्री देवी ने माल्यार्पण तथा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात आगंतुकों ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनके प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि इंद्रदेव महतो ने कहा कि स्व कैलाश महतो सच्चे रूप में समाज के गरीबो ,पीड़ितों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। चिंतामणि महतो तथा सूरज महतो ने कहा कि स्व कैलाश महतो नेक और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। इस अवसर पर विश्वनाथ रजवार, ललन रवानी, चेतलाल महतो, मोहन महतो, सुरेश महतो, जयप्रकाश महतो, प्रिया कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर सुरक्षा-प्रतिज्ञा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी बीके तिवारी सहित ईडी सीआर महापात्रा सीआर मिश्रा सीएमओ व प्रभारी बीजीएच डॉ बीबी करुणामय कार्यकारी सीजीएम आनंद रौतेला अन्य सीजीएम विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश के वीडियो संदेश के साथ किया गया जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम 'सुरक्षा और कल्याण - विकसित भारत के लिए अनिवार्य' पर कहा कि सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एजीएम




मनोज कुमार ने सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। सीजीएम पी चौधरी एवं अनिंद्य दास ने अपने विभागों में सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए पहलों पर अपने अनुभव साझा किए। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सुरक्षा संस्कृति की अहमियत पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे और कहा कि सुरक्षा पहलुओं के प्रति जागरूकता के साथ ही इसे अपने जीवनशैली में आत्मसात कर ही सही मायनों में सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन के मुहिम को सफल बनाया जा सकता है। अतिथियों ने सुरक्षा और गृह व्यवस्था तथा परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। विभिन्न श्रेणियों में विजेता और उपविजेता टीमों की घोषणा एवं विभिन्न विभागों के सुरक्षा के प्रति समर्पित कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं ईएल एंड टीसी एचआर तथा जनसंपर्क विभाग को भी सुरक्षा दिवस कार्यक्रम पर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संचालन एजीएम मनोज कुमार ने तथा जीएम विकास गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

खबर एक नजर में

## आउटसोर्सिंग कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**बेरमो।** आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के द्वारा मानदेय, इ पी एफ, इ एस आई का भुगतान की मांग को लेकर 19 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिसमें अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो में कुल 28 आउटसोर्सिंग कर्मी हड़ताल पर मौजूद थे। हड़ताल पर गए कर्मियों ने बताया कि हमलोगों का वेतन भुगतान पिछले लगभग 7-8 महीने से नहीं मिला है। जिसे लेकर हम सभी ने कई बार वरीय अधिकारियों को भी जानकारी दी, मगर इस पर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। बोकारो जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थान में हड़ताल में जाने से पहले इसकी जानकारी भी दी जा चुकी है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब है।

## पुलिस कप्तान से पुलिस अधिकारियों की सराहना, होंगे सम्मानित

**बेरमो।** शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले बोकारो जिले के पुलिसकर्मी सम्मानित किए जाएंगे। पुलिस कार्यालय में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में होली जैसे त्यौहार में भी परिवार से दूर कर्मठता से अपनी ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मियों की पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने सराहना की साथ ही आने वाले रामनवमी और सरहुल पर्व में भी मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निभाने को जिले के पुलिसकर्मी व पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि जिन पुलिसकर्मी और पदाधिकारियों ने जघन्य अपराधों को बहुत कम समय में खुलासा किया, उन्हें रिवार्ड देने के लिए वरीय अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय को अनुशंसा की जाएगी।

## मंईयां सम्मान योजना की सूची से कई फर्जी लाभुकों का नाम हटा

**बेरमो।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सूची से कई फर्जी लाभुकों का नाम हटा दिया गया है। बेरमो प्रखंड क्षेत्र में अब तक कई हजार लाभुकों को तीन माह की राशि उनके खाते में भेज दी गयी है जबकि कई लाभुकों की खाते में राशि नहीं मिली जिससे बेरमो प्रखंड सहित फुसरो नप क्षेत्र की लाभुकों में नाराजगी देखने को मिली। तीन माह की राशि नहीं मिलने से काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष मंगलवार को बेरमो प्रखंड कार्यालय पहुंचे। यहां आधार सेंटर में जानकारी प्राप्त करने को लेकर काफी संख्या में लोग पहुंचे। भीड़ को देखते हुए अंचल कार्यालय में अलग काउंटर खोल लाभुकों से शिकायत दर्ज कराया गया।

## ईद की खरीदारी को लेकर बाजार की बढ़ी रौनक

**बेरमो।** ईद का त्योहार नजदीक आने के साथ फुसरो के बाजारो में खरीदारों की भीड़ से रौनक बढ़ने लगी है। बुधवार को बाजार में कपड़े, जूते-चप्पल सहित तरह-तरह के खाने-पीने के चीजों की दुकान पर लोग खरीदारी करते दिखे। कपड़े की दुकानों, रेडीमेड के साथ-साथ आभूषण व अन्य की दुकानों पर अच्छी भीड़ नजर आई। न्यू काश्मीर ड्रेस कलेक्शन मे रेडीमेड कपडे की खरीदारी को लेकर जबर्दस्त भीड़ दिखाई दे रही है। प्रोपराइटर इलियास हुसैन ने बताया कि ईद के फैशन शरारा रशियन प्लाजो, हीरा मंडी, अफगानी सूट की डिमांड बढ़ी है। मस्जिदों में दुसरे जुमे की नमाज पढ़ी गई, इसके बाद से ईद त्योहार की तैयारियां तेज हो गई है, बच्चे ही नहीं घर की महिलाओं के साथ पुरुष भी कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं। देर संध्या से फुसरो क्षेत्र के पुराना बीडीओ ऑफिस, रहीमगंज, रानीबाग,बैक मोड़, फुसरो बाजार आदि इलाकों में जबर्दस्त भीड़ दिखाई दी।

## ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन कुल 7 मैच खेले गये

**बेरमो/कथारा।** सीसीएल जीएम ग्राउंड में ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को सुबह आठ बजे प्रतियोगिता की तीसरे चरण की शुरूआत हुई। प्रतियोगिता में कुल 7 मैच खेले गए जिसमें एक टीम को वाकओवर जीत मिला तो चांपी पंचायत की टीम का मुकाबला स्वांग उतरी पंचायत से हुई जिसमें स्वांग की टीम ने जीत दर्ज की। जबकी खम्हरा क्लब और गोमिया पलिहारी की टीम के बीच प्रतियोगिता में खम्हरा क्लब ने जीत दर्ज की। वही जारंगडीह 16 नंबर और झिरकी एफ सी के बीच टक्कर में झिरकी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि ललपनिया की अनुपस्थिति के कारण गोड़गोड़वा की टीम को वाकओवर जीत मिला।

## पंचायत प्रतिनिधियों और सीएससी ऑपरेटर की गैर मौजूदगी से महिलाएं हलकान

**बेरमो।** इन दिनों सभी प्रखंड में महिलाओं के सामने अजीब उहापोह की स्थिति देखी जा रही है। जिने माइंया सम्मान की राशि मिल गई है वे महिलाएं पूरी तरह उत्साहित नजर आ रही हैं मगर जिन महिलाओं के खाते में अभी तक यह राशि नहीं पहुची है वह महिलाएं उदास, हताश और कारण जानने के लिए प्रखंड कार्यालय व सीएससी केन्द्रों का चक्कर लगाने को बाध्य नजर आ रही हैं। अगर ऐसे में पंचायत सचिवालय से तमाम पंचायत प्रतिनिधिगण व सीएससी सेन्टर बंद मिले तो महिलाओं का आक्रोश लाजमी है। इसी तरह का एक मामला उस समय गोमिया प्रखंड के पलहारी पंचायत भवन में देखने को मिला। उक्त पंचायत की कई महिलाओ को माइंया सम्मान योजना का लाभ 3 किस्त 7500 अब तक उनके खाते में नहीं आने की जानकारी लेने महिलाएं वहां पहुंची मगर सीएससी केंद्र बंद होने के साथ-साथ कोई भी पंचायत प्रतिनिधि पंचायत मे नहीं मिली। बस क्या था महिलाओं का आक्रोश फुट पड़ा और पंचायत भवन परिसर में ही महिलाओं ने खूब हो हल्ला मचाया और लौट गई।

## पेज 1 का शेष... वंशीधरनगर में सीएम

**राज्य वासियों के उत्थान रूपरेखा हो रही तैयार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हम राज्यवासियों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य करेंगे, इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। इन कार्यों का बजटीय उपबंध विधान सभा सत्र के माध्यम से पारित कर राज्य सरकार अपना कार्य शुरू करेगी, इस निमित्त विधान सभा सत्र आहूत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके इस मैदान में मैं पहली बार नहीं आया हूं, कई बार आया हूं।

**नारी शक्ति को दिया सम्मान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनके पैरों पर खड़ा करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए इस राज्य की सभी महिलाओं को हमने सम्मान राशि दिया है। देश के 28 राज्यों में नारी शक्ति को सबसे अधिक सम्मान देने का काम झारखंड में किया जाता है, वह भी राज्य सरकार की ओर से। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कहते नहीं हैं, हम करके दिखाने वाले लोग हैं। हमने चुनाव से पहले जो वादा किया, सरकार बनते ही उस वादा को पूरा किया।

**प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को विकसित करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भावी योजना बनाने की तैयारी कर रही है। आप लोगों का सहयोग बना रहा, तो विगत पांच साल में जो गति विकास को दी गयी है, उस गति को 100 गुना बढ़ाने का वादा करता हूं। यहां की जो भी चिर परिचित मांगे है उन सभी मांगों का समाधान करने का कार्य राज्य सरकार करेगी। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, आईजी पलामू सुनील भास्कर, डीआईजी, वाई. एस रमेश और उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक सहित कई लोग थे।

## स्पीड न्यूज

### असम में यूरिया का कारखाना खुलेगा

नयी दिल्ली । सरकार ने असम के नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के परिसर में एक नया ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज यहां हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सूचना प्रसारण, रेल, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

### टोक्यो और दो प्रांतों में भारी बर्फबारी

टोक्यो। जापान की राजधानी टोक्यो और दो प्रांतों में बुधवार को भारी बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से प्रभावित प्रांत हैं- गुनमा और हिरोशिमा। एजेंसी के अनुसार, सुबह 9 बजे तक गुनमा प्रांत के मिनाकामी में 188 सेंटीमीटर और हिरोशिमा प्रांत के किता-हिरोशिमा में 104 सेंटीमीटर बर्फ गिरी है। राजधानी टोक्यो के 23 वार्डों में 20 मार्च की सुबह तक बर्फबारी जारी रहने के आसार हैं। इस दौरान एक से पांच सेंटीमीटर तक बर्फ गिरने की उम्मीद है।

### हैती में हिंसा से 60 हजार विस्थापित

पनामा सिटी। हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में बढ़ती हिंसा से पिछले महीने में लगभग 60 हजार लोगों को अपने घरों को छोड़कर भागना पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने यह जानकारी दी।आईओएम ने बताया कि गैंग हिंसा, विस्थापन और अस्थिरता ने पोर्ट-ऑ-प्रिंस और देश के अधिकांश हिस्सों को वर्षों से परेशान किया है, हमलों की प्रत्येक लहर ने पहले से ही कमजोर समुदायों की स्थिति को और खराब कर दिया है।

### फाजिल्का में ड्रोन के साथ तस्कर गिरफ्तार

जालंधर । बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का ने फाजिल्का सीमा पर ड्रोन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि ठोस सूचना मिलने पर, बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का की संयुक्त टीम ने शाम करीब सात बजे एक संदिग्ध घर पर छापा मारा और फाजिल्का के झुग्गे गुलाब सिंह गांव के पास एक डीजेआई माविक-3 क्लासिक ड्रोन के साथ एक भारतीय तस्कर को पकड़ा।

### पुणे : बस में आग से चार यात्री जिंदा जले

मुंबई। महाराष्ट्र में पुणे के हिंजेवाड़ी इलाके में बुधवार को मिनी बस में आग लगने से चार लोगों की जलकर मौत हो गयी जबकि पांच अन्य झुलस गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुबह 07.30 बजे व्योमा ग्राफिक्स के 12 कर्मचारियों को वारजे से हिंजेवाड़ी ले जा रहे बस में अचानक आग लग गयी। कई कर्मचारी बस से निकलने में सफल रहे , हालांकि चार लोगों की जलकर मौत हो गयी और पांच अन्य झुलस गये। इंजन में खराबी के कारण बस में आग लग गयी।

### हुंडई के वाहन होंगे 3 प्रतिशत तक महंगे

नयी दिल्ली । हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि अन्य कारणों के अलावा बढ़ती इनपुट लागत, कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि और उच्च परिचालन व्यय के कारण मूल्य वृद्धि की जा रही है। मूल्य वृद्धि की मात्रा वेरिएंट और मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी।

### बिहार में 15 पैसे प्रति यूनिट सस्ती हुई बिजली

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है। राज्य के ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लाभ कमाने वाली बिजली कंपनियों ने बिजली के दाम में 15 पैसे प्रति यूनिट की कटौती की है।

# देश में बढ़ेगा दूध उत्पादन

## डेयरी विकास के लिए कैबिनेट ने 6,190 करोड़ की दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को दूध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से दो योजनाओं के लिए परिव्यय बढ़ाकर 6,190 करोड़ रुपये कर दिया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) और राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) को मंजूरी दे दी है। दूध उत्पादन और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए दोनों योजनाओं में अब कुल परिव्यय 6,190 करोड़ रुपये होगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित आरजीएम को मंजूरी दे दी है। विकास कार्यक्रम योजना के केंद्रीय क्षेत्र के हिस्से के रूप में संशोधित आरजीएम का कार्यान्वयन 1,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय

- **पूर्वोत्तर क्षेत्र, केंद्र शासित प्रदेशों में दूध की खरीद और प्रसंस्करण व्यवस्था सुदृढ़ होगा : वैष्णव**
- **दस साल में दूध की उत्पादकता में 26.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई**

के साथ किया जा रहा है, जिससे वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान कुल राशि 3,400 करोड़ रुपये हो जाएगी। वैष्णव ने कहा कि इस योजना में डेयरी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए समर्पित है।

इसमें दूध शीतक संयंत्र, उन्नत दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं और प्रमाणन प्रणाली शामिल हैं। यह नई ग्राम डेयरी सहकारी समितियों के गठन में भी सहायक होगा और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर), विशेष रूप से दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों



तथा पहाड़ी क्षेत्रों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में दूध की खरीद और प्रसंस्करण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगा।साथ ही समर्पित अनुदान सहायता के साथ इसमें दो दूध उत्पादक कंपनियों का गठन किया जाएगा। सहकारिता द्वारा डेयरी संचालन (डीटीसी) गतिविधियां शामिल है। इसमें हस्ताक्षरित समझौतों के अनुसार जापान सरकार और जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) के सहयोग से डेयरी विकास संचालन जारी रहेगी। यह घटक नौ राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश और पश्चिम बंगाल) में डेयरी सहकारी समितियों के सतत विकास, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन बुनियादी ढांचे में सुधार पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि एनपीडीडी के क्रियान्वयन से व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ा है। इससे 18 लाख 74 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं, 30,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। इससे प्रतिदिन 100 लाख 95 हजार लीटर दूध खरीद क्षमता में बढ़ोतरी हुई है।

### छोटे व्यापारियों को भीम-यूपीआइ लेन-देन पर मिलेगा प्रोत्साहन

नयी दिल्ली। सरकार ने कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए छोटे व्यापारियों को कम मूल्य के लेन-देन पर प्रोत्साहन देने की योजना बनाई है। 2000 रुपये से कम यूपीआई-लेनदेन पर छोटे व्यापारियों को लेन-देन का 0.15 प्रतिशत प्रोत्साहन मिलेगा। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि इस वित्त वर्ष में इस प्रोत्साहन के लिए 1500 करोड़ रुपये का व्यय निर्धारित किया गया है। लेनदेन की योजना के तहत दो श्रेणियां बनाई गई हैं। छोटे व्यापारियों को 2 हजार तक के लेनदेन में प्रोत्साहन भी मिलेगा वहीं बड़े व्यापारियों और छोटे व्यापारियों को 2 हजार से अधिक के लेनदेन पर एमडीआर शून्य रहेगा।

# नयी टोल नीति की घोषणा करेगी सरकार : गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स के लिए नई नीति घोषित करेगी। इसका मकसद उपभोक्ताओं को उचित रियायत मुहैया कराना है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सवालों का जवाब देते हुए गडकरी ने सड़क अवसंरचना परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए टोल टैक्स की आवश्यकता और उपयोगिता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क अवसंरचना के निर्माण पर बहुत अधिक खर्च कर रही है, इसलिए टोल टैक्स आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने टोल प्लाजा के संबंध में मौजूदा चिंताओं और अपवादों को दूर करने के लिए नई नीतियों को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही टोल टैक्स के लिए एक नई नीति घोषित करेगी। मंत्री ने कहा कि जब आपको अच्छी सड़क चाहिए तो आपको इसके लिए भुगतान करना

### टोल टैक्स केवल चार लेन पर वसूल रही है सरकार



होगा। उन्होंने कहा कि असम में सरकार 03 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है। मैं ब्रह्मपुत्र पर बहुत से पुल बना रहा हूं। हम बाजार से धन जुटा रहे हैं। इसलिए टोल के बिना हम ऐसा नहीं कर सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि टोल टैक्स केवल चार लेन पर वसूल रहे हैं। 2008 के नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग के एक ही खंड पर और एक ही दिशा में 60 किलोमीटर के भीतर टोल प्लाजा स्थापित नहीं किया जा सकता है।



## प्रधानमंत्री मोदी से मिले बिल गेट्स, 2047 तक विकसित भारत के लिए की चर्चा

नयी दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। बिल गेट्स ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत के विकास, 2047 तक विकसित भारत के मार्ग और स्वास्थ्य, कृषि, एआई तथा अन्य क्षेत्रों में रोमांचक प्रगति के बारे में बहुत अच्छी चर्चा की मोदी ने कहा कि उन्होंने बिल गेट्स के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में तकनीक, नवाचार और स्थिरता सहित विविध मुद्दों पर बातचीत की है।

# भारत अंतरिक्ष में बनायेगा स्टेशन

- **2040 में भारतीय मूल के व्यक्ति को चांद पर भेजेगी सरकार : जितेन्द्र सिंह**
- **2027 में लांच होगा चंद्रयान 4**

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारत की वर्ष 2040 में भारतीय मूल के व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारत की 2040 में भारतीय मूल के व्यक्ति को चांद पर उतारने की योजना है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत नाम से अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगी सरकार। उन्होंने ये भी कहा है कि 2040 में चांद पर भारतीय मूल का व्यक्ति कदम रखेगा। उन्होंने बताया कि देश के सर्वाधिक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान 4 को 2027 में लॉन्च करने की योजना है। इसी तरह वर्ष 2028 में वीनस मिशन की योजना है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को देश का हर प्रदेश अपना रहा है और इससे तरह-तरह से लाभ उठाये जा रहे हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी सिर्फ राकेट प्रक्षेपण तक ही सीमित नहीं है। इसका कई क्षेत्रों में उपयोग करके लाभ उठाये जा रहे हैं। डॉ सिंह ने भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बुधवार को तड़के तीन बजकर 47 मिनट पर सुरक्षित धरती पर वापसी को गौरवशाली क्षण बताया और कहा कि यह पल गौरवान्वित करने वाला भी है और राहत भरा भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुश्री विलियम्स को लिखा कि आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिये उत्सुक हैं। भारत के लिये सबसे शानदान बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी।

# कानपुर में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

कानपुर। यूपी एटीएस ने बुधवार को कानपुर नगर के अर्मापुर एरिया में बने आर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत जूनियर वर्क्स मैनेजर कुमार विकास को गिरफ्तार किया है। कर्मचारी पर पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से गोला-बारूद की सूचना के साथ ही कर्मचारियों की अटेंडेंस सहित अन्य जरूरी गोपनीय दस्तावेज साझा करने के आरोप है। हालांकि इस मामले में फैक्ट्री के अधिकारियों ने अनभिज्ञता जताई है। एटीएस ने बुधवार को बताया कि पकड़ा गया कुमार विकास हाल पता बिठूर के नारामऊ थाना क्षेत्र स्थित न्यू हाई-वे सिटी का रहने वाला है। वह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर तैनात है। वह इसी साल

- **हनीट्रैप में फंसे अधिकारी ने महिला को आर्डिनेंस फैक्ट्री में बनने वाली सामग्री की फोटो और जरूरी दस्तावेज भेजा**



जनवरी माह में फेसबुक के जरिए कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा के संपर्क में आया था। उसने व्हाटसएप के जरिए कर्मचारी विकास से पहले बातचीत शुरू की। विश्वास में लेकर दोनों एप के जरिए गोपनीय बातें करने लगे। पैसों के लालच में आकर अभियुक्त विकास ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से जुड़े उपकरण, निर्माण होने वाले गोला बारूद, कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर, फैक्ट्री से जुड़े दस्तावेज, मशीनों की फोटो व महत्वपूर्ण जानकारी महिला से साझा कीं। एटीएस ने बताया कि इस प्रकार की गोपनीय जानकारी नेहा नाम की महिला से साझा की गईं, जिनका प्रयोग देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता व संप्रभुता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है। इसी आधार पर कुमार विकास के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बिहार : वाणिज्य-कर विभाग में 460 पदों पर होगी बहाली

पटना। राज्य सरकार ने वाणिज्य-कर विभाग में 460 पद सृजित करने की स्वीकृति दी है। विधान मंडल के जारी सत्र के बीच बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस प्रस्ताव को दी मंजूरी। बैठक में 39 प्रस्ताव पेश हुए, जिसमें 38 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। सृजित नए पदों के लिए कार्यालयवार वर्गीकरण एवं विभागीय पदाधिकारियों के क्षेत्राधिकार के निर्धारण भी का निर्णय लिया गया है। राज्य का लगभग 75 प्रतिशत राजस्व वाणिज्य-कर विभाग द्वारा संग्रहित किया जाता है। उप मुख्यमंत्री सह वित्त वाणिज्यकर मंत्री सम्राट चौधरी ने फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में नई कर-प्रणाली के रूप में जीएसटी के आने से विभाग में अतिरिक्त पद सृजन एवं पुनर्गठन की आवश्यकता थी। जिसे देखते यह संबंधित पद सृजन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। सरकार का यह निर्णय सराहनीय है। मंत्रिमंडल ने महिला हॉकी की तर्ज पर राजगीर में पुरुष हॉकी आयोजित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। आयोजन सफलतापूर्वक हो, इसके लिए 24 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं। पुरुष हॉकी के साथ ही राजगीर में ही रग्बी खेल प्रतियोगिता आयोजित करने की दी मंजूरी।

# लालू यादव से चार घंटे तक पूछताछ

पटना। जमीन के बदले नौकरी मामले में बुधवार को राजद प्रमुख व पूर्व रेलवे मंत्री लालू प्रसाद यादव से ईडी की टीम ने करीब चार घंटे तक पूछताछ की। लालू यादव सुबह करीब 10.30 बजे पटना में ईडी के बैंक रोड कार्यालय पहुंचे थे। ईडी के अधिकारियों ने लालू यादव से पूछताछ में उनसे सवाल किया कि किशुन देव राय ने 3 हजार वर्ग फीट की जमीन मात्र 3 लाख 75 हजार रुपये में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची? राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार से आप कब मिले थे? ईडी ने लालू यादव से पूछा कि आपसे मिलने और राबड़ी देवी को जमीन मिलने के बाद ही इन तीनो को मध्य रेलवे मुम्बई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी क्यों मिली? राबड़ी देवी के नाम जमीन रजिस्ट्री होने के बाद संजय राय और उसके परिवार के दो सदस्य को रेलवे में नौकरी मिली, ऐसा क्यों? जमीन रजिस्ट्री के बाद

### जमीन के बदले नौकरी मामला

- **ईडी ने पूर्व रेलवे मंत्री से पूछा, किशुनदेव राय ने 3 हजार वर्ग फीट जमीन मात्र पौने चार लाख में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची?**



ही किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को सेंट्रल रेलवे मुंबई में नौकरी मिली, ऐसा क्यों? किरण देवी ने अपनी 80 हजार 905 वर्ग फीट जमीन तीन लाख सत्तर हजार में आखिर आपकी बेटी मीसा भारती को ही क्यों दी?

# शेयर बजार में तीसरे दिन भी तेजी

## सेंसेक्स 148 और निफ्टी 73 अंक चढ़ा, निवेशकों ने कमाये 5 लाख करोड़

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स, पावर, रियल्टी और सर्विसेज समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक उछलकर 75,449.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.30 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 2.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,107.00 अंक और स्मॉलकैप 2.17 प्रतिशत की



मजबूती के साथ 46,009.89 अंक हो गया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 404.95 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 399.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.10 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।


इस दौरान बीएसई में कुल 4166 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में लिवाली जबकि 1033 में बिकवाली हुई वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इसमें कमोडिटीज 1.44, सीडी 1.14, ऊर्जा 1.13, वित्तीय सेवाएं 1.11, हेल्थकेयर 1.26, इंडस्ट्रियल्स 2.55, दूरसंचार 1.48, यूटिलिटीज 2.16, ऑटो 0.36, बैंकिंग 0.58, कैपिटल गुड्स 2.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.39, धातु 1.40, तेल एवं गैस 1.17, पावर 2.30, रियल्टी 2.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.48 प्रतिशत मजबूत रहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13, जर्मनी का डैक्स 0.16, जापान का निक्केई 0.25 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.12 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 172 अंक अंक की तेजी लेकर 75,473.17 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,201.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली के बल पर दोपहर तक यह 75,568.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,301.26 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत की बढ़त लेकर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 41 अंक बढ़कर 22,874.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,807.95 अंक के निचले जबकि 22,940.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

### पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा : सेना प्रमुख

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने मंगलवार को पाकिस्तान को एक कठोर



राज्य में बदलने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उग्रवाद के खिलाफ संघर्ष देश के अस्तित्व के लिए एक लड़ाई है। मुनीर ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक में की, जो बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन को अपहरण करने के कुछ दिनों बाद बुलाई गई थी, जिसके परिणामस्वरूप 25 यात्रियों की मौत हो गई थी। बैठक में देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व ने उग्रवाद और आतंकवाद का पूरी ताकत से मुकाबला करने के लिए एक एकीकृत राजनीतिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया। मुनीर ने कहा कि उग्रवाद के खिलाफ संघर्ष हमारे और हमारी भावी पीढ़ियों के अस्तित्व के लिए एक लड़ाई है।